हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 174 ● मंगलवार 06 अगस्त 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ●मूल्य : 2 रुपये

## संक्षिप्त समाचार

बच्ची से दुष्कर्म मामले में फांसी की सजा सुनाते हुए जज ने कहा-

### ऐसे नर पिशाच समाज के लिए घातक



**हरदोई (एजेंसी)।** सांडी थाना क्षेत्र के अमरौखा गांव में चार वर्ष पहले तीन वर्ष की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अदालत ने सुनवाई कर आरोपी को फांसी की सजा सुनाई है।

बच्ची के साथ उसके रिश्तेदार ने दुष्कर्म किया था। बच्ची लखनऊ में भर्ती रही और उसकी हालत यह हो गई कि पेशाब और शौच के रास्ते एक हो गए। पेट में पाइप डालकर चिकित्सकों ने दोनों रास्ते बनाए गए।

बच्ची से दुष्कर्म का मामला अपर जिला जज 14 की अदालत में चल रहा था। सुनवाई पूरी हो चुकी है और सोमवार को उसको फैसला सुनाया गया। अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि ऐसे नर पिशाच समाज के लिए घातक हैं।

### बिहार की आईपीएस काम्या मिश्रा का इस्तीफा

**तैनाती दरभंगा (एजेंसी)।** आईपीएस काम्या मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया, फिलहाल को दरभंगा की ग्रामीण एसपी थीं। इस्तीफे की कॉपी उन्होंने पुलिस मुख्यालय भेजा है।



जिसमें उन्होंने इस्तीफे की वजह निजी कारण बताया है। काम्या मिश्रा की पहचान एक तेज-तर्रार पुलिस अफसर की रही है। ओडिशा की रहने वाली काम्या मिश्रा बचपन से ही पढ़ाई में बहुत तेज थीं। बारहवीं में 98 प्रतिशत अंक लाने के बाद उन्होंने पहले ही प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली। काम्या सिर्फ 22 साल की उम्र में आईपीएस बनी और उन्हें बिहार कैडर एलॉट किया गया।

दरभंगा में ग्रामीण एसपी की तौर पर तैनात काम्या मिश्रा को एक हाई-प्रोफाइल मर्डर केस की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ये केस बिहार के पूर्व मंत्री और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या का था।

### सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका खारिज

हाईकोर्ट बोला- ऐसा नहीं लगता उनकी गिरफ्तारी बिना वजह हुई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (5 अगस्त) को अरविंद केजरीवाल की



सीबीआईकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। साथ ही जमानत याचिका के लिए निचली अदालत जाने को कहा है।

कोर्ट ने कहा है कि यह नहीं कहा जा सकता कि सीबीआई की केजरीवाल की गिरफ्तारी बिना किसी ठोस कारण के की गई है। कोर्ट ने 29 जुलाई को इसी मामले में हुई सुनवाई में फैसला सुरक्षित रख लिया था।



# उज्जैन-प्रजा का हाल जानने निकले महाकाल

**1500 लोगों ने एक साथ 10 मिनट तक बजाए डमरू, बना वर्ल्ड रिकॉर्ड**

**उज्जैन (एजेंसी)।** 5 अगस्त सावन का तीसरा सोमवार था। इस अवसर पर उज्जैन में महाकाल की



सवारी निकाली गई। सवारी में महाकाल चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर, तो हाथी पर मनमहेश के स्वरूप में विराजित थे। इसके पहले वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। महाकाल लोक के पास शक्ति पथ पर 1500 लोगों ने एक साथ 10 मिनट तक डमरू बजाया। उज्जैन का नाम सबसे अधिक लोगों के डमरू बजाने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। गिनीज बुक से आए ऋषिनाथ ने इसका सर्टिफिकेट सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय और संतों को सौंपा।

### डेढ़ लाख लोग कर चुके दर्शन

महाकाल मंदिर में सोमवार सुबह 11 बजे तक करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। खंडवा के ओंकारेश्वर में भी रात से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।

छिंदवाड़ा के पातालेश्वर मंदिर में तड़के 3 बजे भगवान शिव का तीर्थ जल से अभिषेक हुआ। भोपाल के भोजपुर, बड़ वाले महादेव और गुफा मंदिर में भी पूजा-अर्चना की जा रही है। भोजपुर में 7 क्विंटल फूलों से शिवलिंग को सजाया गया है।

# पीएम आवास में घुसे प्रदर्शनकारी

**पूरे देश में कर्फ्यू, इंटरनेट बंद, सेना ने संभाली कमान**

● भारत पहुँची, दिल्ली-गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर लैंड हुआ उनका विमान ● लोग पीएम हाउस में घुसे, आर्मी ने रोका नहीं ● बांग्लादेश में 1971 जैसे हालात, हिंदुओं का पलायन शुरू



**ढाका/नईदिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में 2 महीने से चल रहे आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार, 5 अगस्त को पद से इस्तीफा दे दिया। हिंसक माहौल के चलते शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। वे सेना के विमान से रवाना हुईं। खबरों के मुताबिक उनकी बहन रेहाना भी साथ हैं। वे बंगाल के रास्ते दिल्ली पहुंच गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका विमान गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतर गया है। उसके बाद वे लंदन, फिनलैंड या दूसरे देश जा सकती हैं।बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने कहा, हम अंतरिम सरकार बनाएंगे, देश को अब हम संभालेंगे। आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। ढाका में हालात बेकाबू हैं। सेना प्रमुख ने लोगों से शांति बहाली की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम हालात काबू में ले आएंगे। भरोसा रखें।

### इस्तीफा देने के बाद जश्न



पीएम हसीना के इस्तीफे के बाद यहां लाखों की संख्या में लोग सड़कों पर हैं और शेख हसीना के देश छोड़कर जाने का जश्न मना रहे हैं।

**बांग्लादेश में अब 18 सदस्यीय अंतरिम सरकार प्रस्तावित-** न्यूज मीडिया ने बताया कि आर्मी ने देश की प्रमुख पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की है। 18 सदस्यीय अंतरिम सरकार प्रस्तावित की गई है। सेना इस सरकार को बनाएगी।

**सेना प्रमुख ने कहा- पीएम हसीना ने इस्तीफा दिया, अंतरिम सरकार बनेगी-** सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने कहा कि जो हत्या हुई उस पर न्याय होगा। हमने सभी दलों से बात की। हमारे बीच एक अच्छी बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि पीएम शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है। हम अंतरिम सरकार का गठन करके शासन करेंगे।



### ताजमहल में घुसकर महिला ने मुख्य गुबंद पर भगवा लहराया

● सावन सोमवार पर गंगा जल चढ़ाया

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा के ताजमहल में सावन के सोमवार पर महिला ने मुख्य गुंबद के ऊपर जल चढ़ाया। उसने भगवा कपड़ा भी लहराया। महिला ने दावा किया कि वह बोतल में गंगाजल लेकर गई थी।

सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान पहुंचे, उन्हें देखते ही महिला भागने लगी। जवानों ने महिला को दौड़ाकर पकड़ लिया। महिला की पहचान अखिल भारत हिंदू महासभा की आगरा जिलाध्यक्ष मीरा राठौर के रूप में हुई है।

**7 दिन पहले भी कांवड़ लेकर जल चढ़ाने पहुंची थीं**

7 दिन पहले भी मीरा राठौर जल चढ़ाने पहुंची थी। लेकिन, भीतर दाखिल नहीं हो पाई थी। युवा हिंदू महासभा प्रदेश अध्यक्ष बृजेश भदौरिया ने कहा- पिछले सोमवार को मीरा कासगंज के सोरो से कांवड़ लेकर पहुंची थीं। मगर, पुलिस ने उन्हें पश्चिमी गेट पर ही रोक दिया था। 2 घंटे तक गेट पर खड़ी थीं।

# कांग्रेस ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को टोका तो खोल दिया पूरा चिट्ठा

**छेड़ोगे तो छोड़ूंगा नहीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस को किसान विरोधी करार देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को राजनीतिक दलों से अपील की कि वे किसानों को वोट बैंक मानना बंद करें तथा उनके साथ इंसान की तरह व्यवहार करें। उच्च सदन में कृषि मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा पर अधूरे रह गए अपने जवाब को आगे बढ़ाते हुए कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से न केवल छोटे एवं सीमांत किसान सशक्त हुए बल्कि उनका सम्मान भी बढ़ा है।



**कांग्रेस को याद दिलाई किसानों पर गोलीबारी की घटनाएं-** कांग्रेस सदस्यों ने कृषि मंत्री के जवाब पर विरोध जताते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। सदन से बाहर जा रहे कांग्रेस सदस्यों को इंगित करते हुए चौहान ने कहा कि यह भी सुनकर जाइये कि 23 अगस्त 1995 को हरियाणा में चलाई गई गोलियों से छह किसान मारे गए थे। इस बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कृषि मंत्री को रोकते हुए कहा कि यह बहुत ही ''दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण'' है.....। उन्होंने कहा कि जब सदन में देश के सबसे महत्वपूर्ण वर्ग किसानों के बारे में चर्चा हो रही हो तो सदन में हर सदस्य का यह मौलिक कर्तव्य है कि वह चर्चा में गंभीरता से भाग ले।

### भारतीय टेबल टेनिस टीम ने रोमानिया को 3-2 से हराया

**क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लिए पेरिस ओलंपिक-2024 के बीते 9 दिन मिले जुले रहे। निशानेबाजी में देश को तीन मेडल मिल चुके हैं जिसमें से दो मनु भाकर ने दिलाए हैं।लेकिन कुछ दावेदार मेडल की रेस से बाहर हो गए जिसमें



सबसे बड़ा नाम दो बार की ओलंपिक मेडल विजेता महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का है। सिंधु से इस बार भी पदक की उम्मीद थी लेकिन वह मेडल की हैट्रिक नहीं लगा सकीं। सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी मेडल की आस को तोड़ दिया। वहीं, बॉक्सिंग में लवलीना का भी हार के साथ अभियान खत्म हुआ।

# म.प्र. में बेतवा-नर्मदा उफनाई, उ.प्र.में 5 और राजस्थान में 4 की जान गई

**जोधपुर में रेलवे ट्रैक पर पानी भरने से धंसी पटरी, बड़ा हादसा टला, कई ट्रेनें रद्द**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित 12 राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। एमपी के विदिशा में बेतवा नदी का पानी पुल से ऊपर बह रहा है। नर्मदापुरम् में नर्मदा खतरे के निशान के करीब है।



● **यूपी में बारिश से 6 जिले बाढ़ में डूबे** - उत्तर प्रदेश में बारिश से 6 जिले बाढ़ में डूबे हुए हैं। बारिश से जुड़ी घटनाओं में 5 की मौत हो गई। राजस्थान के जोधपुर में बारिश के कारण दीवार गिरने से 3 मजदूरों की मौत हो गई। वहीं रविवार रात को जोधपुर के ही बालेसर में गोतावर बांध में डूबने से एक युवक की जान चली गई।

● **जोधपुर में रेलवे ट्रैक पर पानी भरने से धंसी पटरी, बड़ा हादसा टला, कई ट्रेनें रद्द-** राजस्थान में भारी बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। जोधपुर क्षेत्र में रेल पटरियों पर पानी जमा होने से पटरियां धंस गईं। ट्रैकमैन की सतर्कता से बड़ी दुर्घटना टली। रेलवे ने बिलाड़ा जोधपुर ट्रेन को रद्द कर दिया और अन्य कई ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द या डाइवर्ट किया।

● **पुष्कर सरोवर का जलस्तर खतरे के निशान के पार, अजमेर में बाढ़ जैसे हालात** -सोमवार को पुष्कर में हुई मूसलाधार बारिश ने सरोवर का जलस्तर बढ़ा दिया और कई इलाकों में पानी भर गया। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने स्थिति को और बिगाड़ा। प्रशासन ने रेस्क्यू टीमों को अलर्ट पर रखा और सरोवर की गंदगी साफ करने के प्रयास तेज किए।

# देवरिया के एक स्कूल में छोले खाने से 40 बच्चे बीमार, 8 की हालत गंभीर

**विद्यालय प्रबंधन में खलबली**

**लखनऊ/देवरिया (एजेंसी)।** जनपद देवरिया के रामपुर कारखाना क्षेत्र के मेहरौना गांव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज में बासी छोले खाने से 40 बच्चे बीमार हो गए हैं। उल्टी दस्त एवं पेट में दर्द तथा बुखार होने से 8 बच्चों की हालत गंभीर हो गई। जिन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

**सूचना मिलते ही विद्यालय प्रबंधन में खलबली-** आश्रम पद्धति विद्यालय में कुल 300 बच्चों का नामांकन है। सभी बच्चों को आवासीय



व्यवस्था दी गई है। सोमवार को दोपहर में बच्चों को विद्यालय प्रबंधन की तरफ से बासी छोला वितरित कर दिया गया। उसके कुछ देर बाद ही बच्चे उल्टी दस्त करने लगे। इसकी जानकारी होते ही विद्यालय प्रबंधन में खलबली मच गई।

उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र के मेहरौना गांव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज में कुल 300 बच्चों का नामांकन है। सभी बच्चों को आवासीय व्यवस्था दी गई है।

**अमिताभ के नाम को लेकर फिर भड़कीं जया बच्चन**

# तो मनोहर लाल ने कहा मुझे अगले जन्म का इंतजार करना पड़ेगा...



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में एक बार फिर जया बच्चन के बयान पर हंगामा छिड़ गया। समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने आज एक विवाद खड़ा कर दिया, जब उन्होंने अपने पति और अभिनेता अमिताभ बच्चन का नाम लेने से इनकार कर दिया था। सोमवार के सत्र में भी उन्होंने इसी तरह के विचार दोहराए।

**धनखड़ बोले- आधिकारिक रूप से बदलें नाम-** हालांकि, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इस बार उन्हें खुलकर जवाब दिया। धनखड़ ने कहा, मैडम आप बदल दीजिए, मैं बदल दूंगा। आपने अपने निर्वाचन प्रमाण पत्र के लिए जो नाम प्रस्तुत किया है, उसे बदलने की एक प्रक्रिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य में मादक पदार्थों की बिक्री पर हो कठोर कार्रवाई : झारखंड हाई कोर्ट




**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के डीजीपी से मौखिक कहा कि झारखंड में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री हर हाल में रोकने के लिए कठोर कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) आपसी सहयोग से झारखंड में अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए कार्रवाई करे। खूंटी सहित राज्य के कई जिलों में जंगलों में अफीम की खेती होती है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस और एनसीबी को-ऑर्डिनेशन से इसका पता लगाकर इन्हें नष्ट करने की दिशा में कार्रवाई करें। खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम ,चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान डीजीपी एवं रांची एसएसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। कोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया कि अफीम, चरस, गांजा सहित अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए पुलिस स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाए। कोर्ट ने रांची एसएसपी से भी मौखिक कहा कि रांची शहर में स्कूल एवं मंदिरों के निकट किसी भी स्थिति में शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। मंदिरों के निकट बार एवं रेस्टोरेंट खोला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कोर्ट ने कहा कि उत्पाद विभाग के साथ-साथ पुलिस की भी यह जिम्मेवारी है कि रांची शहर में अवैध ढंग से शराब की बिक्री ना हो। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यह रांची है ना कि मुंबई या गोवा है, यहां के बार एवं रेस्टोरेंट को नियंत्रित ढंग से काम करना होगा ताकि सामाजिक दायित्व का समुचित निर्वहन हो सके। देर रात तक बार एवं रेस्टोरेंट खुला रहने से अप्रिय घटना होने की ज्यादा संभावना रहती है, पुलिस की पीसीआर वैन रात में शराबियों एवं आपराधिक तत्वों पर नजर रखें. मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त को होगी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने अधिवक्ता गोपाल हत्याकांड का लिया स्वतः संज्ञान



**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की दिनदहाड़े हुई हत्या पर स्वतः संज्ञान लिया है। हाई कोर्ट के निर्देश पर सोमवार को राज्य के डीजीपी, रांची एसएसपी व एसआईटी के नेतृत्वकर्ता कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सभी अधिकारियों ने इस मामले में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी कोर्ट को दी। अधिकारियों ने अदालत को बताया कि एसआईटी गठन कर इस केस की जांच की जा रही है और अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी कर ली गई है। अधिवक्ता के परिवार को सुरक्षा भी दी जाएगी। साथ ही विक्टिम कंपनसेशन योजना के तहत अधिवक्ता के परिवार को आर्थिक सहायता भी पहुंचाई जाएगी। डीजीपी की जानकारी से संतुष्ट होकर अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है।

### आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने अग्रिम जमानत अर्जी वापस लेने के लिए दायर की याचिका



**रांची**। लैंड स्कैम केस के आरोपित और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने सोमवार को अपनी अग्रिम जमानत याचिका वापस लेने के लिए याचिका दायर की है। विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपनी अग्रिम जमानत अर्जी वापस मांगी है। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दायर की है, जिसमें विनोद सिंह को भी अभियुक्त बनाया गया है। ईडी की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) पर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है। इस केस के प्रमुख आरोपित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर हैं और बड़गाईं अंचल का हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद है।

### झारखंड हाई कोर्ट ने डीवीसी में नियुक्ति प्रक्रिया पर लगाई रोक




**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट ने दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी), कोलकाता द्वारा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी एवं मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए निकल गए विज्ञापन के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को तीन सप्ताह में पूरक शपथ पर दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी, तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक रहेगी। मामले को लेकर भूपेंद्र सिंह की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। डीवीसी, कोलकाता ने एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के सात पदों और मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर (हेल्थ सर्विसेज) के 21 पदों लिए 18 जुलाई को विज्ञापन निकाला था। सात अगस्त तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसका चयन पूर्व में एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के पद पर हुआ था। मेरिट लिस्ट में वह द्वितीय नंबर पर था लेकिन उसका अंतिम रूप से चयन यह कहते हुए नहीं किया गया कि उसपर विभागीय कार्रवाई चल रही है, जिसको लेकर याचिकाकतार्की ओर से हाई कोर्ट भी याचिका दाखिल की गई है।

# सरयू राय के जदयू में शामिल होने से एनडीए में फंसेगा पेंच, झारखंड की राजनीति पर पड़ेगा गहरा प्रभाव



**रांची**। झारखंड की राजनीति के चाणक्य से कहे जाने वाले सरयू राय ने झारखंड विधानसभा चुनाव के ठीक पहले पॉलिटिकल मास्टर स्ट्रोक लगा दिया है। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय जदयू में शामिल हो गए हैं। झारखंड में जदयू को एक नेता मिल गया है। चुनाव से पहले उनके इस कदम ने राज्य की राजनीति में कई तरह की चर्चा शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में इसके कई तरह परिणाम देखने को मिल सकते हैं। उनके इस पॉलिटिकल स्टैंड से झारखंड के राजनीतिक समीकरण को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जदयू में सरयू राय के शामिल होने से जमशेदपुर पूर्वी सीट से उनका दोबारा चुनाव लड़ना पक्का माना जा रहा है। क्योंकि, लंबे समय से जमशेदपुर पूर्वी सीट पर काबिज रहे रघुवर दास अब ओडिशा के राज्यपाल बन चुके हैं। ऊपर से केंद्र में मोदी सरकार बनाने में जदयू ने अहम रोल अदा किया है। लिहाजा, सरयू राय की जदयू में वापसी से झारखंड में एनडीए फोल्डर का दायरा बढ़ना तय है। सरयू राय और रघुवर दास के बीच का मतभेद जगजाहिर है। ऐसे में अमित शाह के खास कहे जाने वाले रघुवर दास अपनी राजनीतिक जमीन शिफ्ट होने देना नहीं चाहेंगे लेकिन यह भी स्पष्ट है कि भाजपा के पास जमशेदपुर पूर्वी सीट के लिए कोई बड़ा चेहरा फिलहाल नहीं है। दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं के स्तर पर सारे समीकरण सेट हो चुके हैं। क्योंकि, यहां एक तरफ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। ऐसे में किसी तीसरे नेता की दखलअंदाजी का कोई सवाल ही नहीं उठता। जानकारों का मानना है कि राजनीतिक बदलाव का असर मांडू और छतरपुर सीट पर भी देखने को मिल सकता है। दरअसल, जदयू के झारखंड अध्यक्ष खीरु महतो मांडू के विधायक रहे हैं। वर्ष 2019 में भाजपा की टिकट पर जेपी पटेल यहां से विधायक बने थे लेकिन वर्तमान लोकसभा चुनाव के वक्त कांग्रेस में शामिल होकर हजारीबाग से चुनाव लड़े थे। वहां से पूर्व में विधायक रहीं सुधा चौधरी झारखंड में मंत्री रह चुकी हैं। सरयू राय की अपनी पार्टी भारतीय जन मोर्चा (भाजमो) के जदयू में मर्जर की तो यह समझना जरूरी है कि सरयू राय इस पार्टी के संरक्षक हैं। इस प्रक्रिया को पूरा करना पार्टी के अध्यक्ष का काम है। आज भी इस बात की चर्चा होती है कि 2019 के चुनाव में सरयू राय के स्टैंड की वजह से भाजपा खासकर रघुवर दास के खिलाफ एक नैरेटिव सेट हो गया था,जिसका खामियाजा भाजपा को चुनाव में भुगतना पड़ा था।

**इस बार कुरमी वोटों की होगी खूब घेराबंदी-** इस बार झारखंड के चुनाव में कुरमी वोटों को लेकर जबरदस्त घेराबंदी होगी। नीतीश कुमार की पार्टी भी कुरमी वोटों पर डोरा डालेगी तो आजसू भी वही काम करेगा। फिर जयराम महतो की पार्टी भी उसी राह पर चलेगी। मतलब सबकी नजर 2024 के विधानसभा चुनाव में कुरमी वोटों पर रहेगा। वर्ष 2019 में तो भाजपा झारखंड में विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ी थी। आजसू के साथ भी उसका गठबंधन नहीं था। जदयू के साथ भी नहीं था। वैसे, सरयू राय ने जदयू में शामिल होकर भाजपा के लिए परेशानी ही पैदा की है। अब देखना दिलचस्प होगा कि झारखंड के कितने सीटों पर जदयू दावा करता है। फिर कितनी सीटों पर आखिरकार समझौता हो पता है। झारखंड में जदयू के पास कोई बड़ा नेता नहीं था।

**आजसू को मिल सकता है झटका-** सवाल उठ रहा है कि कुरमी की राजनीति के दम पर खड़ी आजसू को 2024 में कितनी बड़ी चुनौती मिलेगी। यह सवाल इसलिए उठ रहा है कि खतियानी नेता जयराम महतो की पार्टी ने लोकसभा चुनाव में अच्छा परफॉर्मेंस किया है। मतलब आजसू हो या जयराम महतो की पार्टी अथवा फिर नीतीश कुमार की पार्टी हो, सभी लोग कुरमी वोटों पर जोर लगाएंगे। झारखंड में कुरमी वोटों का प्रतिशत कोई 25 प्रतिशत कहता है तो कोई 16 प्रतिशत, जो भी हो लेकिन अभी तक कुरमी वोटों पर झारखंड में सुदेश महतो का अधिकार था लेकिन अब वह स्थिति नहीं है। जयराम महतो ने तो उसमें सेंध लगा दी है। यदि कुरमी वोट में नीतीश कुमार भी सेंध लगाते हैं, तो निश्चित रूप से आजसू का अधिकार टूट जाएगा और यह आजसू के लिए खतरे की घंटी हो सकती है। वैसे, लोकसभा चुनाव में गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से जयराम महतो ने उम्मीदवारी की थी। लगभग 3. 50 लाख वोट लाकर सबको चौंका भी दिया था। इसके अलावे झारखंड के कई विधानसभा क्षेत्र में भी जयराम महतो की पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया था।

## झारखंड हाई कोर्ट में जेएसएससी ने कहा, वेबसाइट पर जारी किया जाएगा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा का मेरिट लिस्ट और कट ऑफ मार्क्स



**रांची**। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) वर्ष 2016 में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करेगा। झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को यह जानकारी जेएसएससी की ओर से दी है। झारखंड हाई कोर्ट में जेएसएससीकी ओर से यह बताया गया कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट अपनी वेबसाइट पर 10 दिन में अपलोड कर देगा। साथ ही कमीशन कट ऑफ मार्क्स भी वेबसाइट पर जारी करेगा। हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने बहस की। कोर्ट ने जेएसएससी को निर्देश दिया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करे। अब हाई कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व में जेएसएससी को वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट जारी करने का निर्देश दिया था। मामले में मीना कुमारी समेत सात अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

## झारखंड हाई कोर्ट ने पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले में राज्य सरकार और एसीबी से मांगा जवाब




**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट में सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव द्वारा रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक सम्पति मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार और एसीबी को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। एसीबी को इस मामले में अब तक हुई कार्रवाई के बिंदु पर जवाब दाखिल करना है। हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। वर्ष 2020 में याचिकाकर्ता पंकज यादव ने याचिका दायर कर पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुईस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ आय से अधिक सम्पति होने का आरोप लगाते हुए एसीबी से जांच की मांग की थी। जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति दी थी। इसके बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ जांच कर पंकज यादव की शिकायत को सत्य पाया था। एसीबी ने इस मामले में पीई दर्ज कर पूर्व मंत्रियों को और शिकायतकर्ता को नोटिस भी भेजा था।

## हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया निर्देश



**रांची**। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) की शुरुआत पर एक्स हैंडल पर पोस्ट कर झारखंड की बहनों को बहुत-बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने में बहनों को आ रही शुरुआती परेशानी के बारे में उन्हें जानकारी मिली है। योजना को लेकर आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए उन्होंने निर्देश दिया है तथा इस मामले को लेकर वरीय पदाधिकारियों की भी बैठक हुई है। योजना को लेकर दिख रहे उत्साह को लेकर उन्होंने पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। सोरेन ने कहा है कि सभी बहनों को यह बताना चाहता हूं कि यह हमेशा चलने वाली योजना है। योजना का लाभ लेने के लिए कोई समय सीमा नहीं है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी जरूरतमंद बहनें कभी भी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर इस योजना का लाभ ले सकेंगी। योजना से लोगों को आसानी से लाभ मिले, इसलिए 10 अगस्त तक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसे और पांछ दिन बढ़ाने का निर्देश दिया है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी आप जब भी चाहें, अपनी सुविधानुसार योजना का लाभ ले सकती हैं। सोरेन ने कहा कि उन्हें यह भी जानकारी मिली है कि योजना में बहनों को मिल रहे लाभ को देखते हुए कहीं-कहीं कुछ बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी को बताना चाहते हैं कि इस योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। इसलिए बिचौलियों से सावधान रहें। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि कहीं भी बिचौलियों की सूचना मिले, तो उनपर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यह बहनों की योजना है। राज्य की लाखों बहनों को हर साल 12 हजार रुपये मिलेगा। यही झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) का लक्ष्य है और उनका भी लक्ष्य है।

## अनुसचिवीय कर्मचारियों की नौ सूत्री मांग जायजः आरसी मेहता




**हजारीबाग**। झारखंड अनुसचिवीय समाहरणालय कर्मचारी संघ पिछले 22 जुलाई से झारखंड के संपूर्ण जिला समाहरणालयों के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर डटा है। हड़ताली कर्मियों से मिलने पूर्व विधायक डॉ आरसी प्रसाद मेहता सोमवार को समाहरणालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि इनकी मांगे जायज हैं। कर्मचारियों के धरना पर जाने के कारण अनेकों विकास के कार्य रुके हुए हैं। समाहरणालय कर्मचारियों के नहीं रहने से जनता का काम नहीं हो रहा है। जनहित के लिए सरकार इसको संज्ञान में लेकर वार्ता कर उनके उचित मांगों को तत्काल पूरा करे।

## जीएलए कॉलेज एवं नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के शिक्षकों का प्रमोशन और ओपीएस के लिए प्रदर्शन



**पलामू**। प्रमोशन और ओल्ड पेंशन योजना आदि लागू करने में हो रही देरी के विरोध में जीएलए कॉलेज के शिक्षकों व नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों ने काले बिल्ले लगाकर सोमवार को प्रदर्शन किया और झारखंड यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (जुटान) के राज्य व्यापी आंदोलन का समर्थन किया। शिक्षकों का कहना है कि 16 और 32 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने वाले शिक्षको की प्रोन्नति का मामला राज्य सरकार और जेपीएससी के टाल-मटोल और अपेक्षा पूर्ण रवैये के कारण अभी तक लंबित है और पदोन्नति की फाइलें धूल फांक रही हैं। इससे शिक्षकों में भारी रोष है। प्रमोशन की आस में कितने शिक्षक दिवंगत हो गए और कितने रिटायर। इस कारण राज्य में शोध के लिए गाइड नहीं मिल रहे हैं। शिक्षकों के लिए आगे के सारे रास्ते भी बंद हो रहे हैं। पड़ोसी राज्य बिहार में 2018 में नियुक्त होने वाले शिक्षकों की प्रोन्नति मिलने की खबर से झारखंड के विश्वविद्यालय शिक्षकों का आक्रोश बढ़ रहा है। प्रदर्शन में प्राचार्य डॉ. आईजे खलखो, डॉ दिलीप कुमार, डॉ. अवध किशोर पांडे, डॉ. एसके मिश्रा, डॉ. आरके झा, डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. भीमराव, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. मृत्युंजय कुमार, खुर्शीद आलम, विभा शंकर, सुनीता कुमारी, मंजू सिंह, राघवेंद्र सिंह, विकास टोप्पो, संजय बारा, वीरेंद्र कुमार, नीलम पांडे, अन्ना हांसदा आदि शिक्षकों ने भाग लिया।

## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं के लिए छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन




**पलामू**। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में सेंट्रल लाइब्रेरी, सफाई, लिफ्ट, बिजली, पानी समेत अन्य मांगों को लेकर मेडिकल कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सोमवार को घरना दिया। कॉलेज के मेन गेट को बंद कर सभी धरना दे रहे हैं। मांगों से संबंधित तख्तियां लिए हुए हैं। आन्दोलन की सूचना मिलने के बाद प्राचार्य डॉ. कामेन्द्र प्रसाद और प्रोफेसर डॉ. आरके रंजन समेत अन्य शिक्षकों ने आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं को समझने का प्रयास किया लेकिन उनका कहना है कि लंबे समय से वह समस्याएं झेल रहे हैं। इस बार निदान होने तक आंदोलन किया जाएगा। सारे छात्र मांगों को लेकर अड़ गए हैं। दोपहर ढाई बजे तक उनका आन्दोलन चल रहा था। आंदोलन कर रहे छात्रों की संख्या 400 से अधिक है। इसमें सभी ईयर के स्टूडेंट शामिल हैं। सोमवार सुबह में अचानक सारे स्टूडेंट एकजुट हुए और मुख्य गेट को बंद करते हुए धरना पर बैठ गए। हंगामा और प्रदर्शन करने लगे। जमकर नारेबाजी की। छात्रों के प्रदर्शन से इमरजेंसी सेवा के लिए एमआरएमसीएच जाने वाले जूनियर रेजिडेंज डाक्टरों को अस्पताल से निकलने में परेशानी हुई। हालांकि, कुछ देर बाद दूसरे गेट से सारे डाक्टर निकले एवं एमआरएमसीएच पहुंचे। छात्र-छात्राओं का कहना है कि उन्हें बिजली और पानी तक मुहैया नहीं हो पा रहा है। यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है। इसी तरह लाइब्रेरी, लिफ्ट आदि भी नहीं है। ऊंची बिल्डिंग पर चढ़ने-उतरने में उन्हें काफी भारी परेशानी होती है। लाइब्रेरी के अभाव में उनकी पढ़ाई नहीं हो पाती। जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी, वह धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। मामले में प्राचार्य डॉ. कामेन्द्र प्रसाद ने कहा कि छात्र-छात्राओं के द्वारा पूर्व में मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया था, उसे अग्रसारित कर दिया गया है। ऊपर से सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। आन्दोलन खत्म करने के लिए काफी समझाने का प्रयास किया गया लेकिन सभी मांग पूरी होने तक धरना-प्रदर्शन पर उतारू हैं। प्रोफेसर डॉ. आरके रंजन ने कहा कि मामला प्रशासनिक स्तर का हो गया, इसलिए प्रशासनिक अधिकारी ही अब छात्र-छात्राओं को समझाए तो बेहतर। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मनाने का भरसक प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।

**मूलभूत सुविधा के लिए मेडिकल के छात्रों का प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्णः अजीत-** युवा समाजिक कार्यकर्ता अजीत मेहता ने कहा कि मूलभूत सुविधा के लिए मेडिकल के छात्रों का प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण है। मेडिकल कॉलेज के पास रहने के कारण उन्हें पता है कि छात्रों को क्या कुछ समस्या होती है। बिजली एवं पानी आम समस्या है और इसका निदान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए लेकिन कॉलेज प्रबंधन या जिला प्रशासन इसका निराकरण नहीं कर पा रहा है यह बड़ा ही चिंताजनक है। बिजली एवं पानी के साथ साथ लाइब्रेरी, लिफ्ट की भी सुविधा मिलनी चाहिए। कॉलेज की आधारभूत संरचना जबतक सुदृढ़ नहीं होगी, बेहतर शिक्षा की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक सरयू राय ने झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का किया निरीक्षण



**जमशेदपुरः** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने सोमवार को झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना कैसे चल रही है, इसका निरीक्षण किया. उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के भुईंयाडीह के पटेल नगर, बर्मा माइंस की लांगटोंग बस्ती और विद्यापति सामुदायिक भवन में चल रहे तीनों केंद्रों का जायजा लिया. इन तीनों केंद्रों के निरीक्षण के दौरान श्री राय स्थानीय लोगों ने बताया कि सर्वर लगातार डाउन रह रहा है. उन्हें फार्म जमा करने में दिक्कत हो रही है. उन्हें बताया गया कि घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद उनकी बारी आती है और काउंटर तक पहुंचते-पहुंचते पता चलता है कि सर्वर बैठ गया है. श्री राय ने यहां जारी एक बयान में कहा कि निरीक्षण के दौरान उन्हें महसूस किया कि डाटा ऑपरेटर जितने होने चाहिए, उतने हैं नहीं. इसके अलावा इतने बड़े विधानसभा क्षेत्र में मात्र तीन केंद्र दिये गए हैं. ये केंद्र बढ़ाए जाने चाहिए. उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस योजना की अंतिम तिथि को 10 अगस्त से बढ़ाकर 20 अगस्त कर देना चाहिए ताकि अधिकाधिक लोग इस योजना का लाभ ले सकें.

### आज़ाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के द्वारा धरना प्रदर्शन



**जमशेदपुरः** आज़ाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के द्वारा राज्य व्यापी धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें झारखंड़ सरकार द्वारा चौकीदार बहाली में अनुसूचित जाति के आरक्षण को खत्म किये जाने एवं 170 वन क्षेत्र पदाधिकारी की नियुक्ति पर अनुसूचित जाति को केवल एक पद दिए जाने को लेकर पूरे झारखंड प्रदेश में इसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया, इस झारखंड़ प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने बताया कि झारखंड में 50 लाख से अधिक अनुसूचित जाति की जनसंख्या है पर फिर भी झारखंड सरकार के द्वारा इतनी बड़ी आबादी को नज़र अंदाज़ कर चौकीदार बहाली एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी के पद पर उनके आरक्षण को खत्म किया जाना निंदनीय है, इस प्रतीत होता है कि झारखंड की वर्तमान सरकार दलितों के प्रति संवेदनशील नहीं है,

### बाबा भोलेनाथ के नगरी देवघर जल चढ़ाने जा रहे घोड़ाबंधा पंचायत के शिव भक्तो को गेरुआ वस्त्र दे सम्मानित किये रामचंद्र सहिस



**जमशेदपुरः** सोमवार को आजसू पार्टी के तरफ से बाबा भोलेनाथ के नगरी देवघर जल चढ़ाने जा रहे घोड़ाबंधा पंचायत के शिव भक्तो को खड़ंगाझार हनुमान मंदिर प्रांगण मे गेरुआ वस्त्र दे सम्मानित कर सभी शिवभक्तो को विदा किये कवर यात्रा मे शिवभक्त पंकज मिश्रा जी और सोनू सिंह के द्वारा कावर को बेहतरीन तरीके से लाइट और गाजे बाजे के साथ देवघर के बाबा भोलेनाथ और माँ पार्वती के मंदिर की गठजोड़ाव जैसे सजा कर अलौकिक निर्माण किया रहा जिसे देख स्थानीय भी आश्चर्य चकित हो रहे थे। मौके पर आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिँह, जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी, जमशेदपुर प्रखंड उपाध्यक्ष आकाश सिन्हा,संतोष सिंह, सुधीर सिंह, अभिनव राठौर, रामपदार्थ जी, शेखर सहिस, राहुल प्रसाद, समेत बस्ती के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

### युवा कांग्रेस के द्वारा शुरू हुआ जनसंपर्क अभियान



**जमशेदपुरः** जमशेदपुर मे युवा कांग्रेस के द्वारा हर घर खटाखट अभियान सोमवार से शुरू कर दिया गया, इस अभियान के तहत युवा कांग्रेस की टीम घर घर जनसंपर्क अभियान चला रही है, और झारखण्ड सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का कार्य कर रही है, जमशेदपुर मे युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम सिंह के नेतृत्व मे इसकी शुरुआत भालूबासा इलाके से की गई, वैसे आगामी कुछ ही महीनों मे झारखण्ड विधानसभा चुनाव होना है और इस तरह के अभियान के माध्यम से तमाम राजनितिक दल अपने आप को मजबूत करने मे जुटी हुई है.

### झामुमो संगठन को मजबूती प्रदान करने में हर संभव प्रयास करूंगा:तुलसी टोप्पो



**कोल्हान/ चक्रधरपुर** । मेरे सभी युवा साथी जेएमएम में है और विधायक सुखराम उरांव के साथ रहकर क्षेत्र का विकास और संगठन को मजबूती प्रदान करने में अहम योगदान निभा रहें है इस लिए मैं भी सभी साथी के साथ मिलकर क्षेत्र का विकास और संगठन को मजबूती प्रदान करने में पूरा सहयोग करते हुए कार्य जारी रखूंगा। विधायक सुखराम उरांव जी के साथ उनका पारिवारिक रिश्ता ह। उक्त बातें युवा नेता तुलसी टोप्पो ने कही। आज अपने पुराने साथियों के साथ विधायक आवास में विधायक सुखराम उरांव के साथ मिलकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की ।मौके पर मुखिया सोमनाथ कोया,विधायक प्रतिनिधि पीरू हेंब्रम,झामुमो युवा नेता अमर बोदराअनाज डांगिल आदि मौजूद थे ।।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग डॉ. आशा लकड़ा ने जिले के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता । जमशेदपुर



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व सभी विभागों के योजनाओं में प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठकआयोजित की गई । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल, डीएफओ श्री सबा आलम अंसारी, पीडी आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी, रूरल एसपी श्री ऋषभ गर्ग, एडीसी श्री योगेन्द्र प्रसाद समेत जिला स्तरीय अन्य विभागीय पदाधिकारी व बीडीओ, सीओ बैठक में मौजूद रहे। सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा क्रमवार सभी विभाग अंतर्गत संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं में प्रगति की समीक्षा तथा योजनाओं में अनुसूचित जनजाति की भागीदारी से संबंधित चर्चा की गई। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन अनुसूचित जनजातियों को शोषण के विरुद्ध सुरक्षा उपाय प्रदान करने के साथ-साथ उनके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक हितों की रक्षा करने के लिए की गई है। समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन से स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला अस्पताल और प्रखण्ड स्तरीय अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं, चिकित्सकों, जीएनएम, एएनएम आदि के प्रतिनियुक्ति की जानकारी ली गई। अस्पतालों में चिकित्सकों के विजिट का रोस्टर तैयार कर उसका अनुपालन कराये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी टीकाकरण का प्रशिक्षण दिये जाने का भी निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित सभी विद्यालय में पढ़ने वाले अनुसूचित जनजाति समुदाय के विद्यार्थियों की संख्या से संबंधित रिपोर्ट, शिक्षकों की संख्या आदि पर चर्चा की गई। कल्याण विभाग की समीक्षा में उन्होंने अनुसूचित जनजातियों के कल्याण व विकास के लिए कार्यान्वित योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए । आवासीय हॉस्टल में बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु यथोचित कदम उठाने का निर्देश दिया गया । वहीं सामाजिक सुरक्षा विभाग को सभी सुयोग्य लाभुक को पेंशन की योजना से आच्छादित करने की बात कही गई । पशुपालन विभाग अंतर्गत बीते वित्तीय वर्ष में वितरण किये बकरी, सूकर, मुर्गी, बत्तख तथा मत्स्य विभाग अंतर्गत अनुसूचित जनजाति लाभुकों के बीच बीज वितरण, मत्स्यपालकों द्वारा किये जानेवाले उत्पादन की समीक्षा की गई। कल्याण विभाग विभाग अंतर्गत कुल बांटे गये व्यक्तिगत और सामुदायिक पट्टों की जानकारी ली गई। मनरेगा, आवास, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना समेत अन्य सभी विभागों के योजनाओं में प्रगति, अनुसूचित जनजाति की उनमें भागीदारी की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस विभाग की समीक्षा में जिला अंतर्गत कुल थानों, अनुसूचित जनजाति के थानों, महिला थाना, एफआईआर की स्थिति, पुलिस पिकेट आदि की समीक्षा की गई । थाना एवं वाहनों की स्थिति पर चर्चा की गई। जिला में प्रशासनिक और पुलिस स्तर पर इंटर्नल ग्रिवांस सेल के माध्यम से आमजनों की समस्याओं पर त्वरित एवं उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया । बैठक के पूर्व उन्होने बिष्टुपुर स्थित वीमेंस कॉलेज छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली । हॉस्टल में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधा पर संतोष व्यक्त किया । बैठक में निदेशक एनईपी श्री अजय साव, मानगो नगर निगम के अपर आयुक्त श्री रंजीत लोहरा, उप नगर आयुक्त जेएनएसी श्री कृष्ण कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री राजेन्द्र गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला श्री सच्चिदानंद महतो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री पंचानन उरांव समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ, तकनीकी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में तीसरे सोमवारी पर आयोजित रूद्राभिषेक कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं खाद्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता पत्नी सुधा गुप्ता के साथ शामिल हुए



संवाददाता । जमशेदपुर

आज टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कार्यालय में सावन के तीसरे सोमवारी के उपलक्ष्य में रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के माननीय स्वास्थ्य एवं खाद आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता अपनी पत्नी सुधा गुप्ता के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की.इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, "भगवान भोलेनाथ हर कष्ट को हरते हैं और सबकी मनोकामना पूरी करते हैं, तभी तो वे देवो के देव कहलाते हैं.सावन मास में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है और यह हमें अध्यात्मिकता और आस्था की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने झारखंड के सभी लोगों से इस पावन महीने में अधिक से अधिक पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यों में भाग लेने का आग्रह किया.इस अवसर पर टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, जम्मी भास्कर, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष एस एन सिंह, मनोज कुमार सिंह, आर आर दुबे, संजीव रंजन, अली रजा खान, प्रकाश वर्मा,,वरुण कुमार, दीपक दस आदि शामिल थे.

## जमशेदपुर पश्चिम में सक्रिय हुए भाजपा नेता नीरज सिंह ,मुहल्ला -मुहल्ला कर रहे सेवा




संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के लिए टिकट के दावेदारों में यूं तो कई नाम अभी सामने आ रहे है परन्तु सिंह निःस्वार्थ भाव से कई वर्षों से लगातार क्षेत्र में काम करते आ रहे है | इसी कड़ी में आज कदमा रोड नंबर 07 रामनगर स्थित ज्योति शिक्षा सेवा निकेतन मध्य विद्यालय में विश्वकर्मा कारपेंटर कल्याण समिति और भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलवाने हेतु मेगा कैंप का आयोजन किया गया। आज के इस कैंप में 180 लोगों का पंजीयन किया गया। इस मेगा कैंप के उद्घाटन समारोह में भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री नीरज सिंह और विश्वकर्मा कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री संजय शर्मा जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर नीरज सिंह ने समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की विश्वकर्मा समाज के लोग देश के प्रगति के सबसे बड़े स्तम्भ हैं भगवान विश्वकर्मा पुरे सृस्टि के पहले इंजीनियर माने जाते हैं। समाज के लोग हमेश नयी नयी अविष्कार और तकनीक के माध्यम से पुरे देश को प्रगति के पथ पर आगे रखने का काम करते हैं। इस मौके पर राजकुमार शर्मा, धनंजय शर्मा, नरेश मुखर्जी, बालेश्वर शर्मा, बलदेव शर्मा समेत समाज के लोग मौजूद रहे।

## सामाजिक संस्था लोक समपर्ण की ओर से श्रावण माह के तृतीय सोमवारी को महाभोग का हुआ आयोजन

**हजारों लोगों के साथ शामिल हुए शहर के कई गणमान्यजन, ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने भी किया प्रसाद ग्रहण**

संवाददाता । जमशेदपुर





समाज कल्याण को समर्पित शहर की सामाजिक संस्था लोग समर्पण की ओर से पवित्र सावन माह के तृतीय सोमवारी को महाभोग का आयोजन किया गया। भालूबासा मेन रोड स्थित काली मंदिर प्रांगण में दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चले महाभोग कार्यक्रम में हजारों स्थानीय निवासियों के संग शहर के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्यजनों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यरूप से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास भी शामिल हुए और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ललित दास की अगुवाई में संस्था के सदस्यों ने आगन्तुक अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। वहीं, आयोजन स्थल पर विशालकाय बाबा बर्फानी के दर्शन कर स्थानीय निवासी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर संस्था लोक समर्पण के अध्यक्ष ललित दास ने कहा कि बाबा भोलेनाथ के सबसे प्रिय सावन माह के तृतीय सोमवारी पर बाबा भोलेनाथ को विधिवत भोग लगाने के पश्चात महाभोग का आयोजन प्रत्येक वर्ष होता है। जिसमें शहर के गणमान्य अतिथियों के संग स्थानीय निवासी पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव से भोग ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि महाभोग में सामाजिक समरसता की झलक देखने को मिली। वहीं, अध्यक्ष ललित दास ने आयोजन में शामिल हुए सभी अतिथियों के प्रति पूरे लोक समर्पण परिवार की ओर से आभार जताया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, गुंजन यादव, दिनेश कुमार, शिवशंकर सिंह, राजीव रंजन सिंह, राकेश सिंह, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, विकास सिंह, बलबीर मंडल, अचिंतम गुप्ता, पुतुल सिंह, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, मंजीत सिंह, ब्रजेश सिंह, प्रेम झा, नीलू मछुआ, शैलेश गुप्ता, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, सतवीर सिंह सोमू, पोरेश मुखी, चंचल भाटिया, मिथिलेश साव, प्रशांत पोद्दार, कुमार अभिषेक, उमेश साव, सुशील पांडेय, पप्पू उपाध्याय, प्रोबिर चटर्जी राणा, रूबी झा, प्रभा देवी, रमेश विश्वकर्मा, सौरव चौधरी समेत संस्था के सचिव नीरज कुमार, अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान सिंह चौहान, देव कैबर्ता, दीपक सिंह, रूपेश साहू, रितेश दत्ता, धीरज कैबर्ता, देवाशीष पोद्दार, सुभाष मुखी, गौरव केबर्ता एवं अन्य शामिल हुए।

## एलबीएसएम कॉलेज की बदहाली से परेशान छात्रों ने किया अनिश्चितकालीन तालाबंदी




संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के करंडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज की बदहाली से छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्थिति दिन प्रतिदिन और बिगड़ते जा रही है आक्रोशित छात्रों ने जल्द से जल्द स्थिति में सुधार को लेकर कॉलेज में अनिश्चितकालीन तालाबंदी कर दी है और अपनी मांगों को लेकर इनका प्रदर्शन जारी है | कॉलेज परिसर में फुटबॉल ग्राउंड का निर्माण 3 वर्ष पहले शुरू हुआ था और अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया, बारिश के मौसम में कॉलेज की कक्षाओं में पानी भर जा रहा है, शौचालय की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है बदबू की वजह से छात्र छात्रएं पढ़ाई करने में असमर्थ हैं इतना ही नहीं लगातार मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है ऐसी तमाम समस्याओं पर कॉलेज प्रबंधन मौन है जिससे आक्रोशित होकर छात्र-छात्राओं ने अनिश्चितकालीन कॉलेज में तालाबंदी कर दी है और इनका प्रदर्शन जारी है

## रंभा शैक्षणिक संस्थान परिसर में आज रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन



संवाददाता । जमशेदपुर

रंभा शैक्षणिक संस्थान परिसर में आज रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन किया गया ।इस पूजा में सभी लोगों के सुख और समृद्धि की कामना की गई। पूजा का आयोजन महाविद्यालय के प्रबंधन समिति की ओर से किया गया था। चेयरमैन श्री राम बचन ,सचिव गौरव बचन , अध्यक्षा रंभा देवी इस अनुष्ठान में शामिल हुए। रूद्राभिषेक अनुष्ठान में बी एड, डी एल एड, स्नातक, नर्सिंग, ए एन एम , जी एन एम और आई टी आई के सभी फैकल्टी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस पूजा में महाविद्यालय के शुभचिंतक और मित्रगण भी शामिल रहे। प्राचार्या डॉक्टर कल्याणी कबीर के साथ-साथ सभी व्याख्याता गण और विद्यार्थी गण ने इस पूजा अनुष्ठान में सक्रिय और सहयोगी भूमिका निभाई। चेयरमैन रामबचन जी ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को नैतिकता और मूल्य परक शिक्षा देने के लिए समय-समय पर पूजा अनुष्ठान इत्यादि का आयोजन किया जाता है। पूजा के पश्चात सभी लोगों के बीच प्रसाद और खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। इस अनुष्ठान में भारतीय आजाद सेना , पूर्वी सिंहभूम के सभी सदस्य और लायंस क्लब के भी गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## एग्रीको वर्कर्स फ्लैट मे बंद पड़े फ्लैट से बड़ी मात्रा मे अवैध शराब बरामद

संवाददाता । जमशेदपुर






जमशेदपुर के एग्रीको वर्कर्स फ्लैट मे बंद पड़े एक फ्लैट से बड़ी मात्रा मे अवैध शराब पाया गया है, फ्लैट संख्या 128 से यह शराब बरामद किया गया है, बताया जाता है की फ्लैट किसी के नाम से अलॉट नहीं था, लेकिन किसी बाहरी व्यक्ति के द्वारा इसे कब्ज़ा करने का प्रयास ताला लगाकर किया गया था जिसे कुछ दिनों पूर्व मुक्त करवाया गया था, टाटा प्रबंधन को दोबारा शिकायत प्राप्त हुई की किसी के द्वारा फिर से कंपनी के ताले को तोड़कर अपना ताला लगाया गया है, जिसपर कंपनी के सिक्योरिटी टीम वहाँ पहँची और अवैध ताला को तोड़ा, जिसके बाद उन्हें अवैध शराब का भण्डारण वहां नजर आया, उनके द्वारा इसकी सुचना स्थानीय सिदगोड़ा थाना एवं आबकारी विभाग को दी गई, मौके पर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं आबकारी विभाग के अधिकारीयों ने पहुँच कर अवैध शराब को जब्त किया, फिलहाल पुलिस मामले की जाँच मे जुट गई है.

## संक्षिप्त समाचार

# टांगराईन स्कूल में पांच दिवसीय संथाली वाद्य यंत्र एवं नृत्य संगीत प्रशिक्षण का समापन



**जमशेदपुर**। उत्क्रमित मध्य विद्यालय ,टांगराईन में टाटा स्टील फाउंडेशन एवं आदिवासी रोमोज अखड़ा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय संथाली पारंपरिक वाद्ययंत्र एवं नृत्य संगीत कार्यशाला(1 अगस्त से 5 अगस्त तक) का सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा ढोंग, लंगड़े नृत्य एवम गीत प्रस्तुत किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय के 50 संथाली छात्रों ने वाद्ययंत्र बजाना, नृत्य एवं संगीत काशके बेसिक चीजों को सीखा। समापन समारोह पर टाटा स्टील फाउंडेशन के अधिकारी बाबूलाल गोईपाई , विद्यालय के प्रिंसिपल अरविंद तिवारी, उज्ज्वल मंडल, समाजसेवी शंकर हेंब्रम एवम गांव के सम्मानित अतिथिगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने जानकारी देते हुए कहा कि यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विलुप्त हो रही आदिवासी पारंपरिक नृत्य,संगीत को संरक्षण देना और नए युवाओं को अपनी संस्कृति को सीखा कर आगे की ओर लेकर जाना है इस कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में नूनाराम मुर्मू, काशीनाथ सोरेन,सवाना टुडू,डुमनी मुर्मू, निरसो टुडू,संगीता समद,श्रीमती मार्डी योगदान दिया ।

# जिला परिषद डाक बंगला में पुस्तकालय खोले जाने को लेकर हुई बैठक




**मुसाबनी-** सोमवार को मुसाबनी डाक बंगला जिला परिषद भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विषय पुस्तकालय पुन निर्माण व पुस्तकालय को पुनः किस तरीके से सुचारू रूप से चलाया जाय इस पर विचार मंथन किया गया। चुकि मुसाबनी आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित है।इसलिए यहाँ शिक्षा का स्तर को कैसे और बेहतर किया जाय और इसमें पुस्तकालय का अहम योगदान के ऊपर बैठक में शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में यह निर्णय लिया गया की 9 अगस्त को इसे पुनः प्रारम्भ किया जायेगा जहाँ झारखण्ड शिक्षक पात्रता व नवोदय विद्यालय आदि की तैयारी होंगी | बैठक की अध्यक्षता नीति आयोग के प्रखंड फेलो कुमार सामंजस्य ने किया और उसका संचालन गौरव क्रान्तिगुरु द्वारा किया गया।बैठक में मुख्य रूप से डॉ एम एम पात्रो, मो सुलेमान, विवेकानंद दास, राजेश कैवर्ट,बासेत मार्डी,शम्भू सतपथी, संदीप कैवर्ट, भवानन्द पात्र, मो गुलाम,हपन महाली, सुहल, गायत्री, तापस दास आदि उपस्थित हुए |

# सावन की तीसरी सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, कांवरियों ने किया जलाभिषेक



**मुसाबनी**। सावन की तीसरी सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए शिवमंदिरों में भक्तों व कांवरियों का का तांता लगा रहा। अहले सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटने लगी। शहर सहित आसपास के शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना की गयी। खासकर महिलाओं की भारी भीड़ मंदिरों में देखी गयी। शिव मंत्रों से वातावरण गुंजायमान रहा। विभिन्न शिवालय में भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। प्रसिद्ध श्री विश्वनाथ मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, देवली मंदिर में भक्तों की सबसे अधिक भीड़ रही। सभी प्रमुख शिवमंदिर को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। कई शिवमंदिरों को फूल और बेलपत्र से आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। शिवालय में कांवरियों ने स्वर्णरेखा नदी एवं शंख नदी से जल लाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। देवली के ऐतिहासिक शिव मंदिर में भी भक्तों की काफी भीड़ देखी गयी। प्रखंड क्षेत्र में भी विभिन्न शिवालय में विशेष पूजा अर्चना की गयी। सावन की सोमवारी के अवसर पर श्री विश्वनाथ मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों द्वारा रूद्राभिषेक, महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।

# जलाभिषेक के लिए मुसाबनी से कांवड़ियों का जत्था बाबा धाम रवाना



**मुसाबनी** : जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों का जत्था हर हर महादेव, बोल बम के जयघोष के साथ मुसाबनी शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना करने के बाद बाबा बैद्यनाथ धाम(देवघर) के लिए रवाना हुआ। कांवड़ियों का जत्था समाजसेवी शत्रुघ्न प्रसाद के नेतृत्व में बोल बम, हर हर महादेव के जयघोष के साथ सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए। जहां से शिव भक्त उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान कर कांवर में गंगा जल भरकर 105 किमी की यात्रा कर बाबा धाम देवघर पहुंच कर अपने आराध्य बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। कांवरियों ने कहा कि इस बार और उत्साह के साथ जल चढ़ाने के लिए वे लोग रवाना हो रहे हैं कांवड़ यात्रा में शामिल सदस्यों ने कहा कि मुसाबनी में सुख समृद्धि एवं शांति व्यवस्था हमेशा कायम रहे, इसे लेकर भोलेनाथ से वे प्रार्थना करेंगे। देवघर रवाना होने वाले कांवरियों में मुख्य रूप से शत्रुघ्न प्रसाद,अनिल भगत, सुनील भगत,जयदेव दास, बुद्धू,संतोष, सुरेश पातर,ज्ञानेश्वर कुमार सिंह, विश्वजीत पांडा,अनुराग भगत,शिवदास, सुमित आदि शामिल थे।

# कपाली ओपी पुलिस ने 5 फरार अपभियुक्ति को भेजा जेल



**चांडिल**। कपाली ओपी पुलिस ने विभिन्न अपराध में शामिल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल. कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने फरार चल रहे अभियुक्तों को भेजा जेल

# हंगामा को बिल्डर दीपक ने बताया अपने खिलाफ साजिश

**संवाददाता। गम्हरिया**



टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया के डीवीसी मोड़ के समीप स्थित साईं अंचल सोसायटी में सुविधाओं को लेकर बीते रविवार को हुए हंगामे के बाद सोमवार को बिल्डर दीपक मंगलम ने इसे अपने खिलाफ साजिश बताया है। उन्होंने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि साईं अंचल सोसयटी में रहने वाले कुछ लोगों द्वारा एक साजिश के तहत अभियान चलाकर उनकी छवि खराब करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके ऊपर जानलेवा हमला भी किया गया था जिसको लेकर उन्होंने आदित्यपुर थाना में सोसायटी के अजय सिंह, सनोज और कुछ अन्य के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया है। लेकिन जमीनदाताओं के कहने पर उन्होंने मामले को आगे नहीं बढ़ाया। उन्हीं लोगों के इशारे पर समिति के कुछ लोग उनके खिलाफ अभियान चला रहे है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सोसायटी वासियों के साथ जो भी एग्रीमेंट किए गए हैं, सभी को पूरा किया जाएगा। उसके लिए अपने स्तर से हरसंभव प्रयास किया जा रहा हैं। बिल्डर दीपक मंगलम ने बताया कि उस काम मे कहीं सरकारी अड़चन है तो कहीं कानूनी बाध्यता है। एग्रीमेंट की अवधि अभी दो वर्ष बचा हुआ है। उन्होंने बताया कि समिति के लोग मेंटेनेंस भी समय पर नहीं दे रहे हैं। इसके बावजूद समिति के लोग यदि चाहें तो उनके सारे पैसे वापस कर दिए जाएंगे। इस मौके पर मौजूद जमीनदाताओं ने बताया कि मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। बिल्डर के साथ जो भी एग्रीमेंट किए गए हैं उसे जब तक पूरा नहीं किया जाता तब तक उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। एग्रीमेंट के तहत जो भी काम पेंडिंग बचा हुआ है उसे पूरा करने तक उनको बने रहना है। बताया गया है कि उक्त प्रोजेक्ट में कुल 38 जमीनदाता हैं। उन्होंने बताया कि बीते रविवार को सोसायटी के लोगों ने जुस्को पावर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, फायर सिस्टम, डबल लिफ्ट सिस्टम, सिक्योरिटी सिस्टम आदि दुरुस्त किए जाने की मांग को लेकर हंगामा किया था।इससे सोसायटी की छवि खराब होगी। इसलिए इस मुद्दे को आपस में ही मिल बैठकर समाधान निकाला जाएगा। वहीं, बिल्डर ने बताया कि सोसायटी वासियों की समस्याओं का शीघ्र ही समाधान कर दिया जाएगा। इस दौरान

# एसटी आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा से मिले भाजपा नेता मनोज सरदार

**कहा - जहेरथान एवं शमशान भूमि के रक्षा की मांग की**



**संवाददाता। पोटका**

उपायुक्त कार्यालय जमशेदपुर सभागार में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य डॉ. आशा लाकड़ा ने बैठक लिया इस बैठक में जिला,पंचायत के प्रतिनिधि साथ ही विभिन्न आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के साथ आयोजित बैठक में भाजपा नेता सह समाजसेवी मनोज कुमार सरदार शामिल होकर पोटका विधानसभा के समाज के विभिन्न समस्या को रखा I साथ ही पोटका प्रखण्ड के हरिणा पंचायत में निर्माणाधीन वायोडाईवारसिटी पार्क जो करोड़ों के लागत से बन रहा है, उसके अन्दर भूमिज समाज का भी पूजा स्थल जाहेर थान और शमशान जमीन है I उसको चिन्हित कर सुरक्षित करने की बात कहा | पार्क बनने से निश्चित रूप से क्षेत्र का नाम होगा विकास होगा इसलिए हम विकास का विरोध नहीं कर रहे हैं | इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू सहित आदिवासी समाज के जिला परिषद पूर्व जिला परिषद, मुखिया, साथ ही समाजसेवी उपस्थित थे |

# अपनी मांगों के समर्थन में कॉलेज के प्राध्यापकों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**संवाददाता। घाटशिला**




महाविद्यालय शिक्षक संघ ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया शिक्षक संघ के सचिव डॉक्टर एसपी सिंह ने सभी सभी शिक्षकों के साथ सरकार से अपनी लंबित मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर कार्यो का संपादन किया कोल्हन विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के निर्देशानुसार सभी महाविद्यालय में इस तरह के विरोध प्रदर्शन किए गए शिक्षक संघ ने सरकार से लंबित मांगों में 16 वर्षों से प्रोन्नति पी एचडी इंक्रीमेंट नए शिक्षकों के इंक्रीमेंट ओल्ड पेंशन योजना लागू करने तथा अवकाश में किए गए कटौतियों पर विचार करने हेतु सभी शिक्षक एकत्रित होकर महाविद्यालय प्रवेश द्वार पर काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया है सरकार से आग्रह किया है कि इन मुद्दों को जल्द से जल्द पूरा करके झारखंड राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर होने की कामना कर रहे हैं 16 वर्षों से शिक्षकों को इन मुख्य समस्याओं के समाधान हेतु किसी भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया इसलिए शिक्षकों के बीच काफी आक्रोश है कि उनकी मांगे मानी जाए जो मांगे यूजीसी नॉर्म्स के अनुसार सही है I इस अवसर पर डाकू के महासचिव प्रोफेसर इंदल पासवान डाकू के कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर एस के सिंह, घाटशिला महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ पीके गुप्ता, डॉ डीसी राम, डॉक्टर संदीप चंद्र, प्रोफेसर महेश्वर प्रमाणिक, डॉ कुमार विशाल,डॉक्टर संजेश तिवारी,प्रोफेसर अर्चना सुरीन, प्रोफेसर सोम सिंह, प्रोफेसर विकास मुंडा,प्रोफेसर मोहम्मद सज्जाद आदि उपस्थित थे I

# डायबिटीज के पीड़ितों को पैरों की देखभाल में विशेष ध्यान देना चाहिए: डा सेनगुप्ता

- चाईबासा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सौम्य सेनगुप्ता ने मधुमेह पीड़ितों के संबंध में किए जा रहे अपने शोध कार्यों और अनुभव के आधार पर व्याख्यान प्रस्तुत किया
- पटना में अवनीकेयर के द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम
- हार्ट फेल्योर-डायबिटिज-गठिया रोगियों के लिए रोग निदान का अवसर

**संवाददाता। चाईबासा**




पटना में अवनीकेयर के तत्वावधान में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सह मुफ्त जांच शिविर में चाईबासा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सौम्य सेनगुप्ता ने मधुमेह पीड़ितों के संबंध में किए जा रहे अपने शोध कार्यों और अनुभव के आधार पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, उन्होंने कहा कि मधुमेह पीड़ितों को अपने पैरों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, शरीर के अन्य अंगो के साथ ही यह पैरों पर भी प्रभाव डालता है। इस अवसर पर पाचन तन्त्र से संबंधित रोग, डायबिटीज, गठिया रोग, हार्ट फेल्योर के मरीजों की भी जांच की गई और रोग मुक्ति एवं स्वास्थ्य लाभ का तरीका भी बताया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित चाईबासा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सौम्य सेनगुप्ता ने रोगियों को देखा और उन्हें व्यक्तिगत सलाह भी प्रदान किया, इस विषय पर और जानकारी देते हुए आयोजन समिति से डा0 अभिषेक कुमार ( पटना) ने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता में शिविर में मुख्य अतिथि चाईबासा के डा0 सौम्या सेनगुप्ता ने डायबिटिज में खान पान और इलाज़ के बारे में सम्यक जानकारी भी प्रदान किया, उन्होनें मरीजों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्या सुनकर समाधान भी बताया। शिविर के आरंभ में योग विशेषज्ञ हृदय नारायण झा ने मधुमेह, हार्ट अटैक एवं पाचन तंत्र को रोगमुक्त करने में सहायक योग अभ्यास का मार्गदर्शन भी दिया I डॉ अभिषेक कुमार ने आगे बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति उज्जवल कुमार दुबे ने किया।

# पश्चिमी सिंहभूम उपायुक्त के अध्यक्षता में हुई जिला समन्वय समिति की बैठक

**संवाददाता। पश्चिमी सिंहभूम**




पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी के अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन, पल्स पोलियो अभियान एवं घर घर कुष्ठ खोजी अभियान-2024 के निमित्त जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण तहत फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (MDA-IDA)-2024 अंतर्गत 10 अगस्त 2024 से 25 अगस्त 2024 तक व्यापक अभियान का संचालन सुनिश्चित किया गया है। इसके तहत फाइलेरिया विलोपन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला अंतर्गत लक्षित आबादी 16,10,853 को डी०ई०सी, एलबेंडाजॉल एवं आईमरमेक्टिन की एक खुराक खिलाई जायेगी। अभियान तहत 01 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति शामिल नहीं होगें। एमडीए कार्यक्रम के सफलीकरण हेतु जिलान्तर्गत कुल 2509 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें 5017 दवा प्रशासक के रूप में आंगनवाड़ी सेविका व सहिया होंगी तथा कार्यक्रम के पर्यवेक्षण हेतु कुल 481 पर्यवेक्षक बनाये गए हैं। प्रखण्ड व जिला स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम भी पूरे कार्यक्रम में तैनात रहेगी।

बैठक में बताया गया कि जिला अंतर्गत 25 अगस्त 2024 से पल्स पोलियो कार्यक्रम और 28 अगस्त से 13 सितंबर 2024 तक तकरीबन 3,82,777 घरों में घर-घर कुष्ठ खोजी अभियान का भी संचालन किया जाएगा। जिसके लिए कुल 2350 खोजी दल का गठन किया गया है। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जनसमुदाय को कार्यक्रम से अवगत कराने हेतु वृहद प्रचार-प्रसार करने, प्रतिकूल प्रभाव के लिए त्वरित कार्य दल गठन करने एवं सभी दवा प्रशासकों एवं पर्यवेक्षकों को कार्यशील व दक्ष बनाने हेतु प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार मीणा, सहायक समाहर्ता श्री अर्णव मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा भारती मिंज, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगरपरिषद चक्रधरपुर एवं चाईबासा के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सहित डबल्यूएचओ, पिरामल फाउण्डेशन एवं पी०सी०आई० के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित रहे।

# चित्रगुप्त महासमिति की एक बैठक संपन्न




**संवाददाता। गम्हरिया**

चित्रगुप्त महासमिति की एक बैठक महिला समिति के साथ संयुक्त रूप से गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर चित्रांश समाज की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान महिला समिति की ओर से आगामी रविवार, 11 अगस्त को सावन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मौके पर उपस्थित समिति की अध्यक्ष रागिनी सहाय ने बताया कि महोत्सव के दौरान समाज की महिलाओं के लिए गीत-संगीत समेत कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक को समिति के महासचिव संजय कुमार वर्मा, महिला उपाध्यक्ष मधु वर्मा आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर रत्नेश सहाय, केके सिन्हा, भूदेव वर्मा, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, साधना श्रीवास्तव, अनिता देवी, अनामिका कुमारी, ज्योति माला, तनु वर्मा, मुन्नी देवी समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# आजसू के जिला अध्यक्ष रामालाल मुंडा पहुंचे हथिया गांव कहा

**संवाददाता। चक्रधरपुर**



झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना (JMMSY) विगत 3 अगस्त से ऑनलाइन कार्यक्रम चलाई जा रही है जिसमें तीन दिन से योजना फिसडी साबित हुई ।।आज चक्रधरपुर प्रखंड के हथिया पंचायत भवन में लगभग 1000 लाभुक योजना का लाभ लेने के लिए पहुंचे थे। काफी विलम्ब होने पर दूरभाष आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री रामलाल मुंडा को सूचना दी गई। इसके बाद पंचायत भवन हथिया पहुंचे जिसमें लाभुक महिलाओं ने शिकायत करते हुए कहा कि प्रतिनियुक्त जन सेवक भरत खंडपात्र तीन दिन से पंचायत भवन हथिया में अनुपस्थित है तथा मोबाइल नंबर भी बंद पाया गया है। इसमें प्रतिनियुक्त कुछ कर्मी भी 3 दिन से ऑनलाइन काम नहीं कर रहे हैं इसमें से कुछ कर्मी तो 3 दिन से आए भी नहीं है श्री मुंडा पंचायत भवन पहुंचने के बाद महिलाओं ने अपना दुखड़ा सुनाया उसके बाद सारी शिकायतों को श्री मुंडा द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी चक्रधरपुर को अवगत कराया गया एवं संबंधित प्रतिनियुक्त कर्मियों के ऊपर कार्रवाई करने का मांग भी किया गया।

# जगत माझी ने मनोहरपुर का किया दौरा, बूथ और पंचायत कमेटी गठन का दिया निर्देश

**संवाददाता। चक्रधरपुर/मनोहरपुर**




झामुमो के युवा नेता सह सांसद जोबा माझी के पुत्र जगत माझी ने मनोहरपुर प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान रायडीह और ढीपा पंचायत के पार्टी कार्यकर्ता और नेताओं के साथ बैठक कर आगामी विस चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक के दौरान जगत माझी ने बूथ और पंचायत कमेटी गठन का निर्देश दिया और कहा कि विस चुनाव मजबूती के साथ लड़ना है। कार्यकर्ताओं से कहा जनहित में झारखंड सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। खासकर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए लाभुकों को सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि सांसद जोबा माझी के घोषणा के अनुरूप ढीपा और कुड़ना के बीच कोयल नदी में पुल निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। मौके पर कई लोगों ने जगत माझी को क्षेत्र की अन्य समस्याओं से अवगत। लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत के लिए उन्होंने मतदाताओं समेत कार्यकर्ताओं को बधाई दी और विस चुनाव में भी इसी तरह मेहनत करने को कहा। इससे पूर्व जगत माझी ने मनोहरपुर प्रखंड कमेटी के सचिव किशोर खलखो की माता के निधन होने पर कब्र पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मानुएल बेक, बंधना उरांव, बबलू खान, अशोक बांदा, हरिलाल महतो, दिलीप महतो, संजीत महतो, मार्शलन सुरीन, बिरसा हेम्ब्रम, पौलुस बरजो, गेब्रियल चेरवा, सैमुएल हेम्ब्रम, अभिराम गुड़िया, नीरज बांदा, जुगल किशोर लकड़ा, बिट्टू महतो, मकरध्वज महतो, कुंजू कुमार, वीरेंद्र दास, प्रेमिला महतो, पूनम देवी, जुली जोजो, गीता सुरीन, अनीता जाते, ऐलीना हेम्ब्रम आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में डंफर और बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत

**पटना, एजेंसी।** पटना में तेज रफ्तार डंफर ने बाइक को रौंद दिया. जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौके पर हीं मृत्यु हो गई. घटना पटना-औरंगाबाद एनएच 139 स्थित जलपुरा गांव के पास की बताई जा रही है. घटना को अंजाम देने के बाद चालक डंफर लेकर फरार हो गया. मृतकों की पहचान बिहटा थाना के कंचनपुर निवासी अनवर अंसारी (51 वर्ष) और नीतीश कुमार (23 वर्ष) के रूप में की गई है. घटना की सूचना जैसे ग्रामीणों को मिली सभी लोग घटनास्थल पर पहुंच गए. घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों की भीड़ से कुछ देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही. इसके बाद नगर थाना को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल पालीगंज भेज दिया. ये भी पढ़ें- मुजफ्फरपुर में पॉलीटेक्निक की छात्रा ने हॉस्टल की छत से कूदकर की आत्महत्या, सेमेस्टर में लगा था बैक, पुलिस मामले की जांच में जुटीज अनवर झूला का व्यवसाय कर अपना जीविकोपार्जन चलाया करता था. वह जगह जगह मेला बाजार में झूला लगाया करता था. रविवार को वह अपने साथी नीतीश के साथ सावन महीने में लगे मेले में झूला लगाने अमझर जा रहा था. अभी वह जलपुरा पहुंचा हीं था कि तेज रफ्तार से आ रहा डंफर ने अपने में चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर हीं दोनों की मौत हो गई. पुलिस का कहना है कि कंचनपुर निवासी अनवर अंसारी एवं नीतीश कुमार हसनपुरा प्रखंड के अमझर मेला जाने के क्रम में जलपुरा गांव के पास डंफर और बाइक में हुई आमने सामने टक्कर में मौत हो है. अस्पताल में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दी गई है.

### पटना में पंजाब नेशनल बैंक से करीब बीस लाख की लूट, नकाब में थे अपराधी, पुलिस जांच में जुटी

**पटना, एजेंसी।** दानापुर दुल्हिन बाजार थाना अंतर्गत सुल्तानपुर कोरैया गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक से बैंक लुट की घटना सामने आई है. बता दें कि बाइक पर सवार पांच की संख्या में अपराधी थे. सभी लुटेरे नकाब में थे. बताया जा रहा है की लूटेरों ने 21 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए हैं. यह घटना सुबह 10.30 बजे की बताई जा रही है. बता दें कि सभी अपराधी कस्टमर बन के आए थे और बैंक खुलते हीं अंदर घुस गए. इसके बाद अचानक से हथियार निका बैंक अधिकारी और ग्राहकों को बंधक बना लिया. बंधक बनाकर बैंक में स्थित एक छोटे से किचन में सबको बंद कर दिए. इसके बाद बैंक के लॉकर से करीब 21 लाख रुपए लेकर फरार हो गए. रिपोर्ट्स के अनुसार सभी अपराधी काला अपाची बाइक से आए थे. इस वारदात के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंच मामले की जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि दुलहीन बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लुट की सूचना मिली. तीन ङ्क चार नकाबपोश लुटेरे बैंक खुलते हीं 10-10.30 में घुसे और घटना के अंजाम दिया. मैनेजर के अनुसार लूटी गई राशि करीब 21 लाख बताई जा रही है. आरोपी डीवीआर अपने साथ ले गए हैं. आसपास का सीसीटीवी फुटेज देखा जा रहा है. मामले की जांच की जा रही है।

### सोमवारी पर गंगा स्नान करने गया युवक लापता, आपदा गोताखोर टीम खोजने में जुटी

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार में सोमवारी पर गंगा स्नान करने गए युवक नहाने के क्रम में लापता हो गया है. कटिहार के कुरसेला थाना क्षेत्र के जरलाही गुमटी टोला का यह मामला बताया जा रहा है. बता दें कि सावन की सोमवारी को लेकर समेली प्रखंड के विषनीचक गांव के रहने वाले अनिल मंडल के 20 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार गंगा स्नान के लिए गया था, जहां नहाने के क्रम में अचानक से लापता हो गया. बताया जा रहा है कि गंगा स्नान के दौरान सूरज पानी में डूब गया. उसके बाद उसके साथ आए दोस्तों ने बचाने की कोशिश की लेकिन कुछ पता नहीं चला और बचा नहीं पाए. घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई जिसके बाद आपदा गोताखोर की टीम मौके पर बुलाई गई. आपदा की टीम युवक को खोजने में जुटी हुई है. स्थानीय लोग एसडीआरएफ की मांग कर रहे हैं. वहीं आक्रोशित स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रखंड स्तर के पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इन सभी चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है. जब सभी जानते हैं कि हर वर्ष गंगा स्नान करने बड़ी संख्या में लोग आते हैं. तो सुरक्षा का इंतजाम करना था.

### पटना में ट्रेन से गिरकर महिला सिपाही की मौत, 20 दिन पहले हुई थी शादी

**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना में ट्रेन से गिरकर एक महिला सिपाही की मौत हो गई है. ऐसा बताया जा रहा है कि हाल-फिलहाल में हीं उसकी शादी हुई थी. घटना दानापुर रेल थाना क्षेत्र के नेउरा-गांधी हॉल्ट की पास रविवार शाम की है. जहां ट्रेन से गिरकर महिला सिपाही सपना कुमारी (27 वर्ष) की मौत हो गई. जो बक्सर स्टेशन पर कार्यरत थी. 20 दिनों पहले उसकी शादी हुई थी. पुलिस घटना की छानबीन कर रही है. जानकारी के अनुसार 14 जुलाई को सपना की शादी धनबाद में हुई थी. शादी के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए वह बक्सर जा रही थी. इसी दौरान नेउरा-गांधी हॉल्ट के पास ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो है।

# बिहार की नदियां फिर ऊफनाईं, पटना-नालंदा मुख्य मार्ग की सड़क धंसी, रोहतास में बजी खतरे की घंटी





**पटना, एजेंसी।** झारखंड और बिहार में लगातार हुई बारिश के कारण दक्षिण और मध्य बिहार की कई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ रहा है. रोहतास में लोगों को टीला खाली करने का निर्देश दिया गया है. अलर्ट जारी हो चुका है. कोसी-सीमांचल की भी नदियां ऊफान पर हैं. कटिहार में गंगा व कोसी नदियों के उफान से निचले क्षेत्रों में बाढ़ का फैलाव बढ़ने लगा है. बारिश का पानी बाढ़ में सहायक बन गया है. मौसमी नदियां लबालब होने लगी है. नदियों के बाढ़ का श्रोत मौसमी नदियों से मिलने से निचले भू-भाग के गांवों के तरफ पानी का फैलाव होने लगा है. कटिहार की नदियों में ऊफान है. जानकारी के अनुसार, गंगा के साथ कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है. बाढ़ खतरे को लेकर क्षेत्र का जनमानस दहशत में है. बताया जाता है कि उत्तराखंड में बारिश व बादल फटने से गंगा के पानी में उफान बढ़ गया है. जबकि नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रो में बारिश के अधिक होने से कोसी नदी में लगातार उफान बढ़ रहा है. उधर, नालंदा जिले के हिलसा अनुमंडल मे फल्गु तथा लोकाइन नदियों मे बाढ आने के कारण छह स्थानों पर तटबंध टूट गये हैं. इससे कुछ गांवो में बाढ़ का पानी फैल गया है. बताया जा रहा है कि अचानक आयी बाढ़ से एकंगरसराय पखंड के मंडाछ व नवगढ, हिलसा प्रखंड के सोहरापुल के पास धुरी विगहा व गोसाइपुर और करायपर सुराय प्रखंड के मुसाढ़ी व अकबरपुर (वेरथू) में कटाव हुआ है. इसके बाद बाढ़ का पानी मंडाछ पंचायत के वेलछी विगहा गांव मे प्रवेश कर गया है. इससे लगभग 68 घर प्रभावित हुए हैं.झारखंड के घोड़ा घाट बियर का फॉलिंग शटर टूटने से फल्गु नदी मे बाढ़ का पानी पहुंच गया है. इससे जहानाबाद जिले के मोदनगंज तथा घोसी अंचल क्षेत्र में नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है. पानी के तेज बहाव से पटना-नालंदा मुख्य मार्ग पर पितांबरपुर बरछीबिगहा गांव के समीप सड़क टूट गयी है. इसके कारण आवागमन बाधित हो गया है. वहीं, मोदनगंज प्रखंड क्षेत्र के ही बंधुगंज पुराना पुल पर भी नदी का पानी चढ़ जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. हालांकि, पास में ही बने नये पुल से अभी आवागमन हो रहा है. उधर, मोदनगंज हाइस्कूल परिसर में नदी का पानी प्रवेश कर गया है. पटना के मसौढ़ी अनुमंडल के पुनपुन व कररूआ नदी का जलस्तर रविवार की सुबह से अचानक बढ़ना शुरू हो गया. जबकि दरधा नदी का जलस्तर सामान्य है. सूत्रों कि मानें तो दरधा नदी का जलस्तर सोमवार तक बढ़ने की संभावना है. इधर पुनपुन के श्रीपालपुर में रविवार की शाम छह बजे तक पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान 50.60 मीटर से 1.67 सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया. पुनपुन बाढ़ नियंत्रण के कनीय अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि पुनपुन नदी का जलस्तर शाम छह बजे 48.93 मीटर दर्ज किया गया है. उधर कररूआ नदी भी पूरे उफान पर है. हालांकि फिलहाल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे बह रहा है. गौरतलब है कि बीते दो दिनो में हुई अत्यधिक वर्षा कि वजह से बिहार व झारखंड की सीमा पर स्थित घौडाघाट बराज का कैचमेट एरिया का फौलिंग सतह तोड़ते हुए पानी का बहाव बहुत तेज हो गया है, जिससे पुनपुन मोरहर, दरधा व कररूआ नदी के जलस्तर में वृद्धि की संभावना शनिवार को ही जानकारों ने दे दी थी. इधर अनुमंडल की इन नदियों के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने व सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है.

## भागलपुर में कांवड़ियों से लूटपाट, जीरोमाइल चौक पर बदमाशों ने मारपीट कर छीने पैसे

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में कांवरियों से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है.जीरो माइल गोलंबर के पास कांवरियों से अपराधियों ने लूटपाट की है. साथ ही कांवरियों के साथ मारपीट भी की गयी. कांवरिया बरारी सहित अगल-अलग घाट से गंगाजल लेकर पैदल निकले थे, इसी दौरान रविवार की देर रात को यह घटना हुई है. नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर इस लूट की घटना को अंजाम दिया. बदमाशों ने कांवरियों के कार के शीशे भी इस दौरान तोड़े और गाड़ी से उतारकर कांवरियों से लूटपाट की. मिली जानकारी के अनुसार, भागलपुर के जीरोमाइल चौक पर बदमाशों ने रविवार की रात को जमकर उत्पात मचाया. इस दौरान कांवरियों को उन्होंने अपना निशाना बनाया और लूटपाट की. अपराधियों ने अपने चेहरो को नकाब से ढक रखा था. चाकू और हथियार का भय दिखाकर उन्होंने कांवरियों से लूटपाट की. जिसके बाद पीड़ित कांवरियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी. लूट की घटना को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए. इस मामले पर औद्यौगिक थाना के थानाध्यक्ष मुरलीधर साह से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि ये घटना संज्ञान में आया है. बताया कि ऐसी संभावना लग रही है कि इस घटना को अंजाम देने वाले किसी गिरोह के सदस्य नहीं बल्कि नशेड़ी हो सकते हैं. जो कुछ पैसों के लिए छिनतई करते हैं. अगर किसी का आवेदन पुलिस के पास आता है तो मामले की जांच करायी जाएगी.शाहकुंड-सुलतानगंज मुख्य मार्ग पर महतोस्थान के समीप रविवार की रात्रि नौ बजे सुलतानगंज से जल लेकर बासुकीनाथ धाम जाने वाले एक कांवरिये से मोबाइल की छिनतई बदमाशों ने की है. कांवरियां ने मोबाइल छिनतई की सूचना बेलथू गांव आकर स्थानीय लोगों को दी. कांवरिया हावड़ा के बताये जा रहे हैं. शाहकुंड पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच कर रही हैं और लोगों को घटना के बाबत पूछताछ कर रही हैं. महतो स्थान के पास इसके पूर्व भी छिनतई की घटना घटी है. थानाध्यक्ष जयनाथ शरण ने बताया कि कांवरिया का आवेदन प्राप्त नहीं है. घटना के सत्यापन का प्रयास जारी है. गौरतलब है कि सावन की तीसरी सोमवारी को जल अर्पण करने व सोमवारी को जल उठाने के लिए बड़ी तादाद में कांवरिये रविवार को बाबाधाम देवघर और बासुकीनाथ धाम के लिए रवाना हुए हैं. भागलपुर के बरारी गंगा घाट और सुल्तानगंज उत्तरवाहिनी गंगा का भी जल लेकर कांवरिया रविवार को निकले हैं.

## छह दिनों से लापता युवक का शव मिला, पुलिस जांच पर उठे सवाल

**गोपालगंज, एजेंसी।** नगर थाना क्षेत्र के हजियापुर ऑफिसर कॉलोनी के पास एक युवक का शव बरामद हुआ है. मृतक छात्र की पहचान सावन कुमार के रूप में हुई. वह ब्रजेश सोनी का पुत्र बताया जा रहा है. शव बरामदगी की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंची ने शव का पोस्टमार्टम कराया. इसके बाद उसे परिजन को सौंप दिया गया. बताया जा रहा है कि सावन बीते रविवार रात से लापता था. इसी दौरान उसकी चाकू गोदकर हत्या कर दी गई. सोमवार (05 अगस्त) की सुबह उसका शव बरामद किया गया है.

इधर, पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर परिजन और अन्य स्थानीय लोगों ने एनएच-27 को जाम कर दिया. डीएम-एसपी आवास के पास सड़क जाम कर वरीय अधिकारी को बुलाने की मांग करने लगे. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और लोगों को समझाया. मृतक सावन के पिता ई-रिक्शा चलाकर परिवार चलाते हैं. पिता की मानें तो छात्र सावन कुमार की उम्र 19 साल के आसपास है और वह बीए का छात्र था. सावन के पिता ने कहा कि ऐसी घटना किसी के साथ न हो जो उनके साथ हुई है. वह ई-रिक्शा चलाते हैं और किसी के पास पैसा नहीं रहता था तो भी उसे पहुंचा देते थे. एसपी स्वर्ण प्रभात ने इस मामले में एसआईटी गठित कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने की बात कही है. हालांकि हत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है।

# सुल्तानगंज-अगुवानी गंगा पुल और फोरलेन तक अप्रोच रोड कब तक बन जाएगा?

**सुल्तानगंज, एजेंसी।** सुलतानगंज-अगुवानी घाट गंगा ब्रिज का स्ट्रक्चर ध्वस्त होने के बाद पुल निर्माण निगम निगम इसको बनाकर तैयार करने की कोई डेडलाइन तय नहीं की है. इससे यह है कि इसे बनाने में एजेंसी की मर्जी चलेगी. दरअसल, इसका डेडलाइन 09 बार फेल हो चुका है. पुल गिरने के बाद कोई डेडलाइन तय नहीं किया है. गंगा नदी पर लगभग 1000 करोड़ से बन रहा पुल चार जून को रेत की दीवार की तरह ध्वस्त हो गया था.

फोरलेन पुल निर्माण के दौरान दूसरी बार ढहा था. हादसे की वजह से नवीं डेडलाइन फेल हुई थी. पुल निर्माण निगम ने पहले दिसंबर, 2022, फिर मार्च 2023 और आखिरकार जून 2023 तक समय सीमा बढ़ायी थी. 2016 से काम शुरू हुआ. तब निगम ने कहा था कि मार्च 2019 तक पुल का काम पूरा कर लिया जायेगा, लेकिन उस वक्त तक 25 फीसदी काम भी सही से नहीं हो पाया था.

अगुवानी गंगा घाट से सुलतानगंज ब्रिज तक फोरलेन अप्रोच रोड का निर्माण समय से पूरा नहीं हो सका. इसका चार जुलाई का डेडलाइन फेल हो गया है. इस फोरलेन का काम कम और बहानेबाजी होती रही, जिस वजह से यह दो साल में नहीं बन सका. इधर, डेडलाइन फेल होने के बाद पुल निर्माण निगम अब काम पूरा करने की संभावित तिथि तय करने में जुटी है.



अप्रोच रोड का निर्माण पहले अगुवानी पुल से सुलतानगंज तक कराने का था. मुंगेर-मिर्जाचौकी के बीच ग्रीनफील्ड फोरलेन निर्माण को मंजूरी मिली, तो अप्रोच रोड का विस्तारीकरण ग्रीनफील्ड फोरलेन तक कराने का निर्णय लिया और एजेंसी बहाल कर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी. लेकिन, इसका काम देरी से शुरू हुआ. परिणामस्वरूप दो साल में पूरा नहीं हो सका.

सुलतानगंज अगुवानी घाट पुल से लेकर ग्रीनफील्ड के बीच 440 मीटर तक फोरलेन अप्रोच रोड पर करीब 128.64 करोड़ खर्च किया जा रहा है. लेकिन, कार्य की प्रगति धीमी है. ऐसा प्रतीत हो रहा कि इस अप्रोच रोड के कार्यों की मॉनीटरिंग सही से नहीं हो रही है. अन्यथा, यह समय से बनकर तैयार हो गया रहता.

अगुवानी घाट पुल के अप्रोच रोड का निर्माण एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल से दो साल बाद काम शुरू हुआ था. इसका काम 05 जुलाई, 2022 को प्रारंभ हुआ और एजेंसी के लिए 04 जुलाई 2024 को कार्य पूर्ण करना अनिवार्य था.

फोरलेन अप्रोच रोड बनाने के लिए अगर कार्य एजेंसी को टाइम एक्सटेंशन मिला, तो राशि भी काटी जायेगी. यानी, टाइम एक्सटेंशन बिल में कटौती की जायेगी.

# ककोलत जलप्रपात पहुंच सौंदर्यीकरण का आनंद उठा रहे हैं सैलानी

**नवादा, एजेंसी।** नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड के ककोलत जलप्रपात में रविवार को सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी. सैकड़ों की संख्या में सैलानियों व कांवड़ियों ने ककोलत शीतल जलप्रपात पहुंचकर आनंद उठाएं. लोगों ने कुंड में स्नान करने के बाद ककोलत जलप्रपात सौंदर्यीकरण का भी आनंद लिया.ककोलत जलप्रपात के खुल जाने से सैलानियों में काफी खुशी देखी जा रही है. रविवार को स्नान करने पहुंचे कई पर्यटकों ने कहा कि ककोलत बहुत दिनों से बंद था. जिससे यहां आने पर लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ जाता था. अब ककोलत खुल जाने से सैलानियों को लौटना नहीं पड़ेगा. आज हमलोग इस जलप्रपात का आनंद उठा रहे हैं. इसका सौंदर्यीकरण लोगों को आकर्षित कर रहा है, पहले से बहुत अच्छा दिख रहा है.बता दें कि ककोलत जलप्रपात में महिला एवं पुरुषों के नहाने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है. महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, कैफेटेरिया, प्रशासनिक भवन, अमानती रूम, शौचालय, पार्किंग आदि की व्यवस्था की गई है. सैलानियों ने कहा कि पहले से काफी अच्छी व्यवस्था हो गई है.सैलानियों के प्रवेश के लिए प्रवेश द्वार के पास टिकट काउंटर बनाया गया है. लोगों को टिकट काउंटर से टिकट लेने के बाद गेट के अंदर प्रवेश दिया जाता है. इसके लिए मेन गेट पर वन विभाग कर्मी को तैनात किया गया है. शनिवार व रविवार को टिकट शुल्क के रूप में 20 रुपया लिया जाता है. प्रति व्यक्ति 10 रुपया निर्धारित किया गया है.वाहन पार्किंग के लिए मोटरसाइकिल का 20 रुपए, तीन पहिया वाहन का 30 रुपए, चार पहिया वाहन 50 रुपए और बस तथा भारी वाहन का 100 रुपए निर्धारित किया गया है. उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन प्रत्येक बुधवार को ककोलत बंद रहेगा. सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुबह 7:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक ही टिकट काउंटर खुला रहेगा और संध्या 5:00 बजे तक ककोलत परिसर से सैलानियों को खाली करवा दिया जाएगा.



## सीएम नीतीश कुमार के दफ्तर पर आतंकी हमले की चेतावनी का क्या है सच? जांच एजेंसियां हुईं सक्रिय

**पटना, एजेंसी।** पटना सीएमओ यानी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी पिछले दिनों ईमेल के जरिये दी गयी थी. अलकायदा संगठन के नाम से ये धमकी दी गयी थी जिसने प्रशासन के भी रोंगटे खड़े कर दिये हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच भी शुरू कर दी गयी है. सीएम दफ्तर पर हमले की चेतावनी किसी शरारती तत्व की करतूत है या फिर किसी साजिश को अंजाम देने की कहीं तैयारी चल रही है, इसका पता लगाया जा रहा है. अब मामले की जांच साइबर सेल ने शुरू कर दी है.इओयू और एटीएस भी इस जांच में मदद कर रही है.

पटना में स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के मामले की जांच साइबर सेल ने शुरू कर दी है. इस जांच में मदद आर्थिक अपराध इकाई और आतंकवाद निरोधक दस्ता भी कर रहा है. पुलिस का दावा है कि किसी शरारती तत्व का यह कारनामा है. बता दें कि अलकायदा ग्रुप ने इ-मेल आइडी से मेल कर बम से उड़ाने की धमकी दी थी. यह इ-मेल सीएमओ के सरकारी मेल आइडी पर 16 जुलाई को आया था. सीएमओ को उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए सचिवालय थानेदार संजीव कुमार के बयान पर केस दर्ज किया गया था. सूत्रों के अनुसार मामले की जांच कर रही एजेंसी ने गुगल को पत्राचार करके डिटेल मांगा है. जांच के बाद दो अगस्त को सचिवालय थाना में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 351 (4), (3) और 66 (एफ) आइटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया. गौरतलब है कि वीवीआईपी जगहों को उड़ाने की इस तरह की धमकी पहले भी मिलती रही है. पटना समेत देशभर के दर्जन भर एयरपोर्ट पर बम से हमला करके उड़ाने की धमकी भरा मेल सीआइएसएफ को मिला था. वहीं पटना राजभवन कार्यालय समेत देश के कई महत्वपूर्ण जगहों को उड़ाने की भी धमकी मिल चुकी है. पटना हाईकोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी किसी ने इमेल से भेजी थी जबकि पटना जंक्शन पर भी बम से हमले की धमकी पूर्व में मिल चुकी है. इन तमाम जगहों पर हमले की धमकी की जब जांच की गयी तो इसकी वास्तविकता बिल्कुल अलग ही मिली है.



# वैशाली में हाई टेंशन तार की चपेट में आई डीजे गाड़ी, 9 कांवरियों की मौत

**हाजीपुर, एजेंसी।** बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर में रविवार की रात बड़ा हादसा हो गया. पहलेजा स्थित गंगा नदी से जल लेकर आ रहे 9 कांवरियों की झुलसकर मौत हो गई. कांवरियों का जत्था पहलेजा घाट से गंगाजल भरने और बाबा हरिहरनाथ का जलाभिषेक करने के लिए निकला था. इसी बीच औद्योगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में (नाइपर के सामने) रविवार की रात करीब 11.40 बजे हाई-वोल्टेज तार की चपेट में आने से 9 कांवरियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए. हादसे में मृत कांवरिए जेठुई गांव के रहने वाले हैं.

हादसा तब हुआ जब कांवरियों का जुलूस गांव से करीब 500 मीटर दूर बढ़ा होगा. जुलूस के साथ एक ट्रॉली पर डीजे और साउंड सिस्टम सेट किया हुआ था, जो 11 हजार वोल्ट के तार से सट गया. इससे पूरी ट्रॉली में 11 हजार वोल्ट का करंट फैल गया और इसकी चपेट में जो आये वो मारे गये. एक एक कर करंट लगने से 9 कांवरियों की मौके पर ही मौत हो गई. छह झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए. उनका इलाज कराया जा रहा है. बताया जा रहा है कि स्थिति ठीक नहीं है. मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है.

इस मामले में हाजीपुर एसडीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि डीजे ट्रा ली में



बांधकर ले जाने के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार में माइक सट गया, जिससे ट्राली में करंट फैल गया और आठ लोगों की मौके पर मौत हो गई. इस हादसे में झुलसे लोगों में दो ज्यादा गंभीर हैं. कांवरियों का जत्था हर साल पहलेजा घाट से जल भरकर बाबा हरिहरनाथ पर जलाभिषेक के लिए जाता है. आक्रोशित लोगों का कहना था कि जैसे ही तार में डीजे सटा और करंट लगा, बिजली विभाग को फोन किया गया, लेकिन फोन नहीं उठाया. यदि समय पर फोन उठ जाते तो करंट की चपेट में आने वाले युवकों को बचाया जा सकता था.

हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग के अफसरों और कर्मियों को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर हंगामा किया और हाजीपुर-जंदाहा मार्ग को जामकर कर दिया. मौके पर पांच थानों की पुलिस और दमकल मौजूद थी. रात करीब पौने दो बजे समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण माने, फिर सभी आठ शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया. कई शव बुरी तरह झुलस गए हैं. अहले सुबह तक मौके पर पांच थानों की पुलिस और दमकल मौजूद थी. एसडीओ रामबाबू बैठा और एसडीपीओ ओमप्रकाश लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन आक्रोशित लोग एनएच-322 हाजीपुर-जंदाहा मार्ग को जामकर बैठे हुए थे। एसडीपीओ और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने-बुझाने के प्रयास में जुट गई, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## कोई कोना न रहे अछूता

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षण की व्यवस्था से जुड़े एक मामले में गुरुवार को फैसला दिया कि राज्य सरकारें इन श्रेणियों में उपश्रेणियां बना सकती हैं ताकि इनमें ज्यादा पिछड़ी जातियों के लिए सब-कोटा निर्धारित किया जा सके। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। यह इस सवाल से जुड़ा है कि एससी/एसटी के तहत आने वाले समूहों को एक समान माना जाना चाहिए या नहीं। 2004 में चर्चित ईवी चिन्नैया मामले में सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यों की पीठ ने फैसला दिया था कि इन कैटिगरी में सब-कैटिगरी नहीं बनाई जा सकती। मगर सात सदस्यों की बेंच ने ताजा फैसले में इसे पलट दिया। चूंकि इस सवाल पर देश में अलग-अलग और काफी तीखी राय देखी जाती रही है, इसलिए फैसले के संभावित असर को लेकर कयासबाजी शुरू होना स्वाभाविक है। सच यही है कि रिजर्वेशन की व्यवस्था का फायदा भी एससी/एसटी कैटिगरी के तहत आने वाली सभी जातियां समान रूप से नहीं उठा सकीं। ताजा फैसला इस सचाई को स्वीकार करते हुए राज्य सरकारों के लिए यह गुंजाइश बनाता है कि वे इस व्यवस्था का फायदा उन तबकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें जिन तक यह ठीक से नहीं पहुंचा है। अच्छी बात यह है कि कोर्ट ने उन आशंकाओं को नजरअंदाज नहीं किया, जो इस फैसले से जुड़ी हैं। फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। यह फैसला इस लिहाज से भी याद रखा जाएगा कि मसले की जटिलता की झलक पीठ के सदस्यों की अलग-अलग राय में भी मिलती है। ऐसे उदाहरण कम मिलते हैं कि 6-1 के बहुमत से दिए गए फैसले में भी छह ओपिनियन सामने आएं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी तो बहुमत की राय से असंतुष्ट रहीं, लेकिन जो छह जज बहुमत की राय से सहमति रखते हैं, उनके भी पांच अलग-अलग फैसले आए। इनमें क्रीमी लेयर को एससी/एसटी पर भी लागू करने और आरक्षण को एक पीढ़ी तक सीमित करने जैसे अलग-अलग तरह के कई सुझाव दर्ज हुए। साफ है कि कानून के लिहाज से बहुमत का फैसला ही मान्य होगा।

## कुल्लू से केरल तक

भारत का मौसम की मार से प्रभावित और चिंतित होना स्वाभाविक है। उत्तर भारत में कुल्लू से लेकर दक्षिण के केरल तक कई जगह त्रासद मंजर सामने आए हैं। विशेष रूप से उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में बुधवार को जिस तरह से मूसलाधार बारिश हुई है, उससे चिंता का बढ़ना स्वाभाविक है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 24 घंटे में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इतने ही समय में देश के सात राज्यों में 32 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए हैं। जिस तरह हिमाचल में पचास से ज्यादा लोग लापता हैं, दस से ज्यादा की मौत हो गई है, उससे भी त्रासद स्थिति केरल के वायनाड में बनी हुई है। बारिश और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या वहां 300 का आंकड़ा छूने वाली है। अभी भी 100 से ज्यादा लोग वहां लापता हैं। क्या इन मौतों से बचा जा सकता था? यह बहस का विषय है और कोई भी इस त्रासदी या किसी तरह की लापरवाही की जिम्मेदारी नहीं लेगा। केंद्र सरकार और केरल सरकार के बीच जो दुखद आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं, उनसे आगे बढ़ने की जरूरत है। यह समय सतर्कता और सुधार का है। दरअसल, भारत में मौसम को समग्रता में समझने और उसके अनुकूल व्यवहार करने की जरूरत है। कभी खूब गर्मी, सूखा, तो कभी खूब बारिश, क्या ऐसे विरोधाभास को सहज ही स्वीकार करना चाहिए? मौसम की विचित्रता बढ़ती चली जा रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को बताया कि रात के तापमान के मामले में भारत में सबसे गर्म जुलाई माह का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। औसत तापमान के मामले में बीती जुलाई 1901 के बाद दूसरी सबसे गर्म जुलाई रही है, जबकि देश के कुछ हिस्सों में असामान्य वर्षा हुई है। जुलाई के आंकड़ों पर अगर हम गौर करें, तो बिहार, झारखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा में जुलाई महीने में 20 से 59 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज हुई है। पूर्वोत्तर में भी सिक्किम और मेघालय को छोड़ दीजिए, तो बाकी जगह कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में कमोबेश सामान्य बारिश रही है। जुलाई के महीने में केवल गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक ही हैं, जहां खूब वर्षा हुई है। बिहार और झारखंड के अनेक इलाकों में खेतों के सूखने की खबर है।

## हनियेह की हत्या से क्या हार जाएगा हमास

(अश्विनी महापात्र, प्रोफेसर, जेएनयू)

पहले हिजबुल्लाह कमांडर फउद शुकर और उसके चंद घंटे बाद ही हमास नेता इस्माइल हनियेह को मार गिराने की घटना क्या पश्चिम एशिया को और अस्थिर करेगी? वास्तव में, लेबनान और ईरान में हुई इन दोनों कार्रवाइयों में कोई तारतम्य नहीं है, सिवाय इसके कि ये दोनों आतंकी समूह इजरायल के खिलाफ आक्रामक रहे हैं। हिजबुल्लाह लेबनान सीमा से लगातार सक्रिय रहा है, और फउद शुकर की मौत को उस गोलान हाइट्स हमले का जवाब बताया गया है, जिसमें हिजबुल्लाह आतंकियों ने मिसाइल हमले से फुटबॉल खेल रहे इजरायली बच्चों को निशाना बनाया था। जबकि, हमास गाजापट्टी से आक्रामकता दिखाता रहा है। 7 अक्तूबर, 2023 की घटना के बाद तो हमास और इजरायल के बीच शह-मात का मानो निर्णायक खेल चल रहा है। बेशक, इस्माइल हनियेह पर हमले की इजरायल ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन हमास के शीर्ष नेताओं के खिलाफ वह ऐसी कार्रवाइयां करता रहा है। इसकी शुरुआत 2004 से हुई, जब हमास के संस्थापक शेख अहमद यासीन को अहले सुबह मस्जिद से बाहर आते ही मार गिराया गया। इसके बाद दूसरे नंबर के नेता माने जाने वाले अब्दुल अजीज अल-रंतीसी को भी इसी तरह मिसाइल हमले से ढेर किया गया। माना गया था कि इससे हमास कमजोर पड़ जाएगा, लेकिन इस्माइल हनियेह ने पहले बतौर प्रधानमंत्री और फिर 2017 में स्वेच्छा से पद छोड़ते हुए कतर, तुर्किये ईरान जैसे कई देशों से समर्थन जुटाने में सफलता प्राप्त की। इजरायल की सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देते हुए उन्होंने हमास को हथियार भी दिलवाए और रसद-सामग्रियां भी। इसी के कारण वह लंबे अरसे से इजरायल की आंखों में खटकने लगे थे, जिसकी परिणति उनकी हत्या के रूप में सामने आई है। सवाल है, अब आगे क्या होगा? इस हत्या की कई तरह से व्याख्या की जा रही है। एक सोच यह है कि हमास नेता को पहले भी इसी तरह मारा जाता रहा है और चूंकि यह एक कट्टर इस्लामी जमात है, इसलिए

> *पिछले साल दमिश्क हमले में अपने दो सैन्य कमांडरों को खोने के बाद उसने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया भी था। मगर ऐसी किसी जवाबी कार्रवाई के अपने नुकसान भी हैं। दरअसल, कोई भी देश क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाना नहीं चाहता। यह उनके लिए घाटे का सौदा हो सकता है।*

बड़े और मित्र-देश शायद ही खुलकर उसका साथ देंगे। वैसे भी, इजरायल को तभी घेरा जा सकेगा, जब वह इसकी जिम्मेदारी लेगा, लेकिन उसके पूर्व के रिकॉर्ड को देखते हुए इसकी संभावना नहीं लगती। यदि कोई कमेटी बनाकर इजरायल को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया भी गया, तो हो सकता है कि सुरक्षा मसला बताकर वह इस हमले को जायज ठहराए। उसका यह तर्क काम भी करेगा, क्योंकि हमास की हिंसक गतिविधियां जगजाहिर हैं। दूसरा तर्क यह है कि हमास के मित्र-देश इस हत्या को लेकर राजनीतिक रूप से नाराजगी दिखाएं। इजरायल के खिलाफ इन देशों ने ही हमास को खड़ा किया है। मगर दिक्कत यह है कि पिछले दस महीने से जारी इजरायली हमलों में हमास बिखर-सा गया है। उसके नेता जहां-तहां छिपे हुए हैं और उसके प्रति स्थानीय लोगों का समर्थन भी घट रहा है। यही कारण है कि ईरान या तुर्किये जैसे देश छद्म रूप से जवाबी कार्रवाई को आगे बढ़ा सकते हैं। तुर्किये ने तो कुछ दिनों पहले इजरायल के घर में घुसने की धमकी भी दी थी, लेकिन इजरायल ने भी जवाब देने में देरी नहीं की। अब उसकी प्रतिक्रिया क्या रहती है, यह देखने वाली बात होगी। हां, तेहरान सीधी कार्रवाई कर सकता है, क्योंकि हनियेह बतौर सरकारी मेहमान उसके यहां आए थे, जहां उनको मार गिराया गया है। पिछले साल दमिश्क हमले में अपने दो सैन्य कमांडरों को खोने के बाद उसने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया भी था। मगर ऐसी किसी जवाबी कार्रवाई के अपने नुकसान भी हैं। दरअसल, कोई भी देश क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाना नहीं चाहता। यह उनके लिए घाटे का सौदा हो सकता है, क्योंकि ईरान हो या तुर्किये, किसी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यह देखते हुए कि अब सीधी जंग लंबी चलने लगी है, कोई भी नया मोर्चा खोलने से इन देशों की अर्थव्यवस्था कमजोर ही होगी। इतना ही नहीं, इन दिनों पश्चिम एशियाई देशों में आंतरिक उथल-पुथल भी तेज है। ईरान न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों में उलझा हुआ है, बल्कि पिछले दिनों उसने अपने राष्ट्रपति को भी खो दिया। वहां नौजवानों की अपनी सरकार से नाराजगी भी बढ़ रही है, जिसे थामना उसके लिए एक बड़ी चुनौती है। वहीं तुर्किये में राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन की लोकप्रियता लगातार गिर रही है। सऊदी अरब जैसे तेल बहुल खाड़ी के देश भी किसी नए तनाव के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि इससे उनकी तेल की आपूर्ति शृंखला प्रभावित हो सकती है और उनको आर्थिक घाटा हो सकता है। वैसे, इन कार्रवाइयों पर खुद इजरायल के अंदर भी मतभेद हैं। वहां की राजनीति इस मसले पर बंटी हुई है। विपक्ष का आरोप है कि नेतन्याहू सरकार ऐसा करके न सिर्फ हमास के कब्जे में फंसे इजरायलियों के जीवन से खेल रही है, बल्कि देश में आक्रामक माहौल बनाए रखकर सियासी लाभ लेना चाहती है। मगर प्रधानमंत्री नेतन्याहू इन आरोपों को खारिज करते रहे हैं। हालांकि, उनका जनाधार भी इन दिनों कम हुआ है। इन सबसे अमेरिका की स्थिति अजीबोगरीब हो गई है। इजरायल-हमास युद्ध रुकवाने के लिए उसने कूटनीतिक पहल तेज कर दी थी। इजरायल को मिलने वाली मदद को रोककर उसने नेतन्याहू पर दबाव बनाने की भी कोशिश की थी। मगर इन हमलों के बाद शांति के सभी प्रयास बेपटरी हो गए हैं। अब नजर इस बात पर बनी रहेगी कि कैसे बाइडन प्रशासन इजरायल को शांति की राह पर चलने को मजबूर कर पाता है? जाहिर है, पश्चिम एशिया में हाल-फिलहाल कोई बड़ी उथल-पुथल नहीं होने वाली। हां, हमास कुछ हद तक प्रतिरोध कर सकता है, लेकिन वह कितना बड़ा होगा, यह अभी नहीं कहा जा सकता। इजरायल ऐसी कार्रवाइयों से भले हमास का सांगठनिक ढांचा खत्म कर दे, लेकिन जब तक वैचारिक रूप से उसे खत्म नहीं किया जा सकेगा, तब तक इस आतंकी समूह का सफाया नहीं हो सकता। यही कारण है कि दुनिया के तमाम शांतिप्रिय देश वार्ता की मेज पर ऐसे मसले का हल तलाशने की बात कहते रहे हैं। कोई भी राष्ट्र इस तरह की कार्रवाई को जायज नहीं ठहरा रहा। हालांकि, सच यह भी है कि ताकतवर देश अपने दुश्मनों के खिलाफ ऐसे गुप्त अभियान करते रहे हैं। बहरहाल, अब सबकी नजर जवाबी कार्रवाइयों पर टिक गई है। हमास-इजरायल जंग अभी जारी रहेगी।

(ये **लेखक के अपने विचार हैं**)

## तकनीकी व्यवहार में मारकोनी से बहुत बेहतर वैज्ञानिक बोस

(राहुल मथान, साइबर विशेषज्ञ)

साल 1901 के अंत में वैज्ञानिक गुग्लिल्मो मारकोनी ने एक महत्वाकांक्षी प्रयोग करने की ठानी। उस समय माना जाता था कि चूंकि विद्युत चुंबकीय तरंगें (जैसे प्रकाश) सीधी रेखाओं में यात्रा करती हैं, इसलिए रेडियो तरंगों का उपयोग बड़ी दूरी तक संदेश पहुंचाने के लिए नहीं किया जा सकता है। तब मारकोनी ने चुनौती स्वीकार की और इस प्रचलित मान्यता को गलत साबित करने में वह जुट गए। उन्होंने ब्रिटेन के कॉर्नवाल में एक विशाल (70 मीटर ऊंचा) शंकु एंटीना लगाया। अटलांटिक महासागर, 12 दिसंबर, 1901 को दोपहर 12:30 बजे, मारकोनी ने सिग्नल हिल के रिसीविंग स्टेशन पर (मोर्स कोड में 'एस' अक्षर के अनुरूप) अपने हेडफोन पर तीन हल्की, पर स्पष्ट 'क्लिकें' सुनीं। इसके साथ उन्होंने साबित कर दिया कि अटलांटिक महासागर के पार वायरलेस से संचार संभव है और ऐसा करके उन्होंने आधुनिक दूरसंचार क्रांति का आगाज कर दिया। आज भले ही मारकोनी को रेडियो संचार के आविष्कारक के रूप में श्रेय दिया जाता है, पर मारकोनी का संदेश प्रसारित करने का प्रयोग भारत के महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस के योगदान के बिना संभव न था। साल 1899 में ही बोस ने 'आयरन-कर्करी-आयरन कोहेरर' का आविष्कार कर लिया था। यह पहला उपकरण था, जो लगातार रेडियो फ्रीक्वेंसी संकेतों का पता लगाने में सक्षम था। गौर कीजिए, यह निरंतर सिग्नल प्रोसेसिंग क्षमता आज भी आधुनिक मोबाइल संचार उपकरणों की एक महत्वपूर्ण विशेषता बनी हुई है। ऐसा बड़ा आविष्कार करने के बावजूद जगदीश चंद्र बोस ने अपने आविष्कार को पेटेंट कराने से इनकार कर दिया था, क्योंकि उनका मानना था कि किसी भी वैज्ञानिक ज्ञान का संसार में खुले तौर पर आदान-प्रदान होना चाहिए। बोस की इस परोपकारी सोच की वजह से ही मारकोनी एक सुसंगत डिजाइन को अपने सिग्नल हिल रिसीविंग स्टेशन में जोड़ने में सक्षम हुए थे। बोस से लाभ लेते हुए मारकोनी ने जो किया, वह अब इतिहास है। मारकोनी ने लाभ तो लिया, पर बोस के योगदान को किसी रूप में मानने से इनकार कर दिया। और तो और, वह सुसंगत तकनीक उन्हें कहां से मिली, इसका जान-बूझकर उन्होंने विवरण स्पष्ट नहीं किया। जाहिर है, मारकोनी की सोच बोस से मेल नहीं खाती थी। मारकोनी का प्रयोग जैसे ही सफल हुआ, उन्होंने रेडियो संचार तकनीक के व्यावसायिक महत्व को समझ लिया। उन्होंने न सिर्फअपने आविष्कार पर सभी पेटेंट अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए बहुत कष्ट उठाया, बल्कि उन्होंने अपने अधिकारों की आक्रामकता के साथ रक्षा भी की। मारकोनी ने अपने उपकरणों को बेचने से इनकार कर दिया और इस बात पर जोर दिया कि उनके ग्राहक उनसे उपकरण खरीदने के बजाय पट्टे पर लें। मारकोनी ने यही कोशिश की कि रेडियो बाजार में केवल उनका एकाधिकार रहे, किसी भी अन्य कंपनी को अपने उपकरण स्थापित करने का मौका न मिले। मारकोनी के लिए इस बात का कोई महत्व नहीं था कि उनका व्यावसायिक व्यवहार रेडियो प्रौद्योगिकी क्षेत्र में व्यापक वैज्ञानिक अनुसंधान में बाधक बनेगा। इसका नुकसान यह हुआ कि रेडियो प्रौद्योगिकी में नवाचार थम गया। लगभग 1912 तक एक तरह की तकनीक का ही इस्तेमाल होता रहा। ध्यान दीजिए, हमेशा नवाचारों पर ही आविष्कार निर्भर करते हैं। वैज्ञानिक तरक्की तभी होती है, जब वैज्ञानिक सहयोग का स्वतंत्र परिवेश होता है, बौद्धिक संपदा कानून ज्यादा बाधक नहीं बनता है। हाल के दिनों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के संदर्भ में खुले नवाचार की चर्चा ने फिर जोर पकड़ लिया है। आज उपयोग के लिए उपलब्ध अधिकांश बड़े कंप्यूटर लैंग्वेज मॉडल पर कंपनियों का कब्जा है। अग्रणी एआई कंपनियां व उनके निवेशक इस विचार का बचाव करते हुए दावा करते हैं कि एआई एक खतरनाक तकनीक है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5453

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5452

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ के योग हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद एवं अधिकारों में वृद्धि होगी। आप के साहस एवं पराक्रम के सामने शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक आपकी ज्ञान में वृद्धि होगी। नौकर चाकरों का सुख पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। आपके लिए लाभ और सम्मान के योग हैं और आपका मन खुश रहेगा।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ के योग हैं और आपका दिन आर्थिक मामलों में संपन्नता से भरा होगा। आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से भी आपको लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी और आनंद में वृद्धि होगी। आपकी रुचि जप-तप में रहेगी और सामाजिक व धार्मिक कार्यों में मन लगेगा।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। इस समय में आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपकी बुद्धि विवेक से नए ज्ञान में वृद्धि होगी। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। सायंकाल में अकस्मात् संतान कष्ट होने का योग है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास करेंगे सावधान रहें।

### तुला
आज दिन अधिक अनुकूल नहीं है और आपका कुछ मामलों में फालतू खर्च आज हो सकता है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा आ सकती है और आप पिछड़ सकते हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि हो सकती है। रात का समय गाने बजाने और मौज मस्ती में व्यतीत होगा और परिवार के साथ आनंद में वक्त बीतेगा।

### वृश्चिक
आज उन्नति होगी और भाग्य साथ देगा। आज आप अपनी वाक्पटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। सेहत में किसी प्रकार की समस्या आने से पूरा दिन खराब हो सकता है। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा। रात्रि में अधिक तीखा भोजन न करें। आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

### धनु
आज लाभ और आपको सफलता मिलने से यश और हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जो भी कार्य करेंगे उसमें आपकी जीत होगी। नौकर-चाकर और सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आमदनी के नए मार्ग बनेंगे। शाम से लेकर रात तक आपका वक्त देवदर्शन और पुण्य कार्यों पर व्यतीत होगा। आप दूसरों की मदद भी करेंगे।

### कर्क
आज करियर में लाभ और उत्साह प्राप्त होगा। आपके सामने ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी उन्नति रुकी है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। शुभव्यय और कीर्ति में वृद्धि होगी। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

### सिंह
आज आप विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि हो सकती है। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए-नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो अवश्य करें। आगे चलकर लाभ होगा। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज दिन काफी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। आपकी सेहत बिगड़ने से पेट खराब हो सकता है। यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। आपके साहस एवं पराक्रम से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और सुख सम्मान में इजाफा होगा।

### मकर
आज आपके अधिकारों में वृद्धि होने के साथ ही उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानशौकत के लिए आप धन का अपव्यय कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई और सेवा मन लगाकर दिल से करते रहे हैं, इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा। गुस्सा आपकी सेहत को खराब कर सकता है। आपको नुकसान हो सकता है। सावधान रहें।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको कोई नुकसान होने की आशंका है। अकस्मात् कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के काम से दूर रहें। शाम से लेकर रात तक भी छोटे-मोटे कष्ट व मानहानि की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक परेशानी बढ़ सकती है। आपको नुकसान हो सकता है और आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है।

### मीन
आज दिन लाभ से भरा होगा। यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरीपेशा है तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आप सामाजिक कार्य तथा भोग विलास में लगे रहेंगे। क्षमता से अधिक धन प्राप्त होने के कारण आप में अभिमान भर जाएगा।

## वर्ग पहेली 5453

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | ■ | | ■ | 10 | | ■ |
| ■ | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | 13 |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | 17 | 18 | ■ |
| 19 | | 20 | | ■ | 21 | | |
| | ■ | | ■ | 22 | | | ■ |
| 23 | | | | ■ | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1977 में यह देश संयुक्त राष्ट्र में भर्ती हुआ (5)
5. पश्चिमी अफ्रीका के इस देश की राजधानी कोनक्री है (2)
7. जिसमें पूंछ लगी हो, पूंछ वाला (4)
8. प्रथा, परिपाटी, नियम (2)
9. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
10. आनंदित, प्रसन्न, शाद, हर्षित (2)
11. दुश्मनी, अदावत, बैर (3)
13. शास्त्रीय संगीत में पांचवा स्वर (1)
14. मोमबत्ती को उर्दू में यह कहते है (2)
16. भगतसिंह के साथ इन्हें भी फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
19. महर्षि वाल्मीकि का एक पौराणिक धार्मिक ग्रंथ (4)
21. गप्पी, झूठ बोलने वाला, वाम पार्श्वीय (3)
22. खटराग, इल्लत (3)
23. प्रारब्ध, किस्मत, भाग्य (4)

**ऊपर से नीचे**
1. ये कौरवों के मंत्री थे जो कृष्ण द्वैपायन के पुत्र थे ये राजनीति, धर्मनीति तथा अर्थनीति में बड़े ही निपुण थे (3)
2. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
3. तो, तब, फिर (2)
4. अठारह पुराणों में से एक जिसमें सनकादिक ने नारद को संबोधित करके कथा कही है (6)
5. शिव, पर्वतों का राजा होने के कारण हिमालय का एक नाम (3)
6. सामाजिक नियक जो लोक-व्यवहार के हेतु बनाए गए है, आचार-व्यवहार (2)
12. राजमुकुट, किरीट, अवतंस (2)
14. सज्जनता, सभ्यीकरण (4)
15. मातुल, जो रिश्तें में माता के भाई हों (2)
17. उद्यान, वाटिका, बाग, फिल्म जगत के प्रसिद्ध गीतकार (4)
18. रूस देश में इस मुद्रा का प्रचलन है (3)
20. हजरत मूसा के धर्म का अनुयायी, जलील किस्म का सरमायादार (उर्दू)(3)

### वर्ग पहेली 5452 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | नी | ता | वि | लि | य | म्स | ■ |
| ख | ल | ना | ■ | या | म | ■ | स |
| दा | ■ | बा | ल | क | ■ | ■ | र |
| य | मु | ना | ■ | त | स | दी | क |
| क | ला | ■ | भू | ■ | म | ना | ना |
| ■ | का | शी | ■ | शे | र | पा | ■ |
| अ | ती | त | ■ | खी | ■ | ठ | ग |
| ज | ■ | ल | त्ता | ■ | ता | क | त |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## अयोध्या दुष्कर्म मामला

# रेप पीड़िता को लखनऊ मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर, एंबुलेंस से हुई रवाना




**अयोध्या , एजेंसी।** जिला महिला अस्पताल में भर्ती दुष्कर्म पीड़िता को संसाधनों के अभाव में अग्रिम इलाज के लिए केजीएमयू रेफर कर दिया गया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एंबुलेंस से सीएमओ डॉ. संजय जैन पीड़िता को लेकर लखनऊ के लिए रवाना हुए हैं। भदरसा दुष्कर्म कांड की पीड़िता हैवानियत की शिकार होकर गर्भवती हो गई है। उसे इलाज के लिए महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन यहां विशेषज्ञ व आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण चिकित्सकों ने उसके बेहतर इलाज के लिए केजीएमयू लखनऊ भेजने की संस्तुति की थी। सीएमओ डॉ. संजय जैन सुबह से अस्पताल परिसर में मौजूद रहे। कई राउंड की मंत्रणा और बाल कल्याण समिति के निर्देश पर उन्होंने बालिका को लखनऊ के लिए रेफर कराया है।

**बेबस बेटी के साथ लाचार मां का दर्द साझा कर पोछे आंसू:** भाजपा जांच दल ने पीड़िता की मां से बात की। इसपर उन्होंने बताया कि अब भी आरोपी सपा नेता मोईद खान के समर्थक धमकी दे रहे हैं। समझौते का दबाव बना रहे हैं। हमें बहुत डर लग रहा है। इस पर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा कि धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। योगी सरकार ऐसा करने वालों को नहीं छोड़ेगी।

राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने परिवार को आश्वस्त किया कि आप निश्चिंत रहें। मेरा नंबर लें। कोई धमकाए तो सीधे मुझे बताएं। दल के सदस्य जिला महिला अस्पताल पहुंचे और पीड़िता का हाल जाना। उसे ढांढस बंधाया। इसके बाद सर्किट हाउस में प्रशासन और पुलिस अफसरों के साथ बैठक कर अब तक की कार्रवाई की जानकारी ली।

### पीड़िता को न्याय, दोषियों को फांसी दिलाएंगे : कश्यप

नरेंद्र कश्यप ने कहा कि दुष्कर्म पीड़िता को न्याय के साथ दोषियों को फांसी दिलाएंगे। इस जघन्य घटना में शामिल लोग बच नहीं पाएंगे। योगी सरकार उन्हें मिट्टी में मिलाकर ही दम लेगी। आरोपी की अवैध संपत्तियों की जांच की जा रही है। उनपर भी बुलडोजर चलेगा।

राज्यमंत्री पीड़िता और उसके परिवार से मिलने के बाद सर्किट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। आरोपी जेल में है। उसकी संपत्ति ध्वस्त कर दी गई है। परिवार को आर्थिक मदद भी दी गई। घटना का मुख्य आरोपी सपा का नगर अध्यक्ष फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद का बेहद करीबी है। उस पर कार्रवाई की बजाय सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव डीएनए टेस्ट की बात कर रहे हैं। यह शर्मनाक है। सपा ने अपना असली रूप दिखा दिया है।

### पीड़ित किसी भी जाति, धर्म का हो न्याय मिलेगा : संगीता

राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति है कि पीड़ित किसी भी जाति या धर्म का हो, उसे हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। अपराधी कितना भी रसूख वाला हो, उसे सजा मिलकर रहेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव कहते थे कि लड़के हैं, उनसे गलती हो जाती है। अब उसी पार्टी के मौजूदा अध्यक्ष डीएनए टेस्ट कराने की बात कर रहे हैं। किसी भी सूरत में अपराधी के साथ नहीं खड़ा होना चाहिए, चाहे वह हमारे दल का ही क्यों न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### डेढ़ साल की भतीजी को कारोबारी ने कार से रौंदा, इंसाफ के लिए बिलखता रहा चाचा

**मेरठ।** मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र के प्रीत विहार में 18 माह की बालिका को कुचलने वाले कार चालक की गिरफ्तारी न होने पर चाचा ने कमिश्नरी पर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पीएसी के जवानों ने किसी तरह पेट्रोल की बोतल छीनकर उसे बचाया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। प्रीत विहार में शनिवार को घर से बाहर खेल रही 18 माह की कनिष्का पुत्री अभिषेक को कार सवार ने कुचल दिया था। बालिका की मौके पर ही मौत हो गई थी। परिजनों ने कार चालक संजय गुप्ता को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से क्षुब्ध बालिका का चाचा विक्रम सोमवार को कमिश्नर ऑफिस के गेट पर पहुंचा। खुद पर पेट्रोल डालकर उसने आत्मदाह का प्रयास किया। तभी पीएसी के जवानों ने उसे रोक दिया। इसके बाद वह जमीन पर बैठकर रोने लगा। सिविल लाइन पुलिस पीड़ित को उठाकर ले गई। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आटा चक्की फटने से दिव्यांग पुत्र की मौत, पिता व बालक घायल

**अलीगढ़ , एजेंसी।** खैर के गांव लक्ष्मणगढ़ी में आटा चक्की फटने से दिव्यांग युवक की मौत हो गई। उसके पिता व सात वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव लक्ष्मणगढ़ी निवासी दिनेश कुमार पुत्र ज्योति प्रसाद शर्मा अपने दिव्यांग पुत्र प्रदीप शर्मा (24) के साथ ट्रैक्टर की मदद से आटा चक्की चलाकर जीवन यापन करते हैं। 4 अगस्त शाम पांच बजे प्राथमिक विद्यालय के निकट प्रमोद सारस्वत के घर के सामने वह चक्की से आटा पीस रहे थे। अचानक तेज आवाज के साथ चक्की फट गई और उसके पाट के पत्थर टूटकर प्रदीप शर्मा, दिनेश कुमार व निकट खड़े सात वर्षीय बालक अजय पुत्र महेश कुशवाहा को लगे। पाट के पत्थर से प्रदीप शर्मा का पेट फट गया तो वहीं दिनेश व बालक अजय गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रदीप की उपचार के दौरान एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। दिनेश और अजय का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। खैर पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक अपनी मां, पत्नी व दो बच्चों को रोते बिलखते हुए छोड़ गया है।

### हाईवे पर रेलिंग से टकराई तेज रफ्तार बाइक, तीन घायल

**उन्नाव , एजेंसी।** लखनऊ-कानपुर हाइवे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई। हादसे में तीन युवक घायल हो गए। दो की हालत गंभीर है। लखनऊ के थाना सरोजनी नगर के हुलासीखेड़ा निवासी पुष्पेंद्र (25), गहरू के छोटू (26) और मनोज (28) खेतों में बोरिंग का काम करते हैं। रविवार शाम को वह सोहरामऊ के एक खेत में बोरिंग करने जा रहे थे। बाइक पुष्पेंद्र चला रहा था। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बजेहरा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सेफ्टी रेलिंग से टकरा गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी ले जाया गया। पुष्पेंद्र और छोटू की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### पूरे सावन भर आम का स्वाद ले सकेंगे लोग

**गंजमुरादाबाद , एजेंसी।** आषाढ़ी में समाप्त हो जाने वाली आम की फसल अभी तक चल रही है। अभी भी बाजार में आम आ रहा है। इससे आम का अभी दो सप्ताह तक और स्वाद मिलने की उम्मीद है। आम की फसल पकने का सिलसिला गंगा दशहरा से शुरू हो जाता है। बागबान गंगा दशहरा से 15 दिन पहले ही दशहरी आम का पाल लगाकर बिक्री शुरू कर देते हैं। दशहरी की फसल समाप्त हो जाने के बाद चौसा आम की बहार आ जाती है। इसके बाद फिर आखिर में लखनऊवा की बारी आती है। आम की फसल की मियाद आषाढ़ी तक ही मानी जाती है लेकिन इस बार आषाढ़ी समाप्त हो जाने के 20 दिन बाद भी कस्बे में लगने वाली आम की मंडी पूरी तरह से गुलजार है।

## कैलाश महादेव मंदिर पर कांवड़ियों की लगी कतार, गूंजी भोले की जय-जयकार

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में हर-हर महादेव की जयघोष के साथ रविवार की शाम को कैलाश मेले का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। सोरों, हरिद्वार से गंगाजल लेकर महादेव का अभिषेक करने के लिए आए कांवड़ियों की भीड़ देर रात तक पहुंचती रही। तड़के 3 बजे मंगला आरती के बाद श्रद्धालु कैलाश महादेव के अभिषेक के लिए मंदिर प्रांगण पहुंचे।

सावन के तीसरे सोमवार के लिए भक्तों में उल्लास नजर आया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने पत्नी प्रीति उपाध्याय व राकेश गर्ग के साथ रविवार की शाम संयुक्त रूप से मेले का उद्घाटन किया उन्होंने महादेव का रुद्राभिषेक, पंचामृत अभिषेक कर चंदन से शृंगार किया और फूलों का मुकुट धारण कराया। इसके बाद महाआरती कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

इसके बाद महादेव के अभिषेक के लिए कांवड़िये पहुंचे। मेले के उद्घाटन में महंत चंद्रकांत, महंत गौरव गिरि, महंत केशव गिरि, राजीव बंसल, विकास खन्ना, पीके गुप्ता, एके सिंह, राजेश बंसल आदि उपस्थित रहे।

**शाम से ही उमड़े श्रद्धालु:** शाम को मेले के उद्घाटन के बाद से डीजे पर बजते गाने के बीच झूमते श्रद्धालुओं के भीड़ पहुंचने लगी। केके नगर से लेकर कैलाश मंदिर तक चाट-पकौड़ी, झूले वालों के स्टाल सजे रहे। सोरों से कांवड़ लेकर भक्त कैलाश महादेव का अभिषेक करने पहुंचे। पुरुषों के संग महिलाएं भी कांवड़ लेकर पहुंचीं। दहतोरा निवासी शिव देवी ने बताया कि मन्नत पूरी होने पर सोरों से कांवड़ लेकर महादेव का अभिषेक करने आई हैं।

**बारिश के बाद बदला मौसम:** कैलाश मेले का उद्घाटन के घंटेभर बाद बारिश होने के कारण परेशानी रही, लेकिन बाद में मौसम सुहावना होने के बाद लोग चाट-पकौड़ी, गोल गप्पे, चाउमीन का स्वाद लेते दिखे।

## पार्षद के चचेरे भाई की घर के भीतर घुसकर हत्या, शव के पास मिला खून से लथपथ सरिया

**प्रयागराज , एजेंसी।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले पार्षद के चचेरे भाई शिव प्रसाद यादव( 24) की रविवार शाम हत्या कर दी गई। उसका खून से लथपथ शव घर के भीतर पड़ा मिला। छत पर खून से सना सरिया बरामद हुआ है और आशंका है कि इसी से वारकर उसकी हत्या की गई। परिजनों ने किसी रंजिश की बात से इनकार किया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

शिव प्रसाद फाफामऊ के ही मोरहूं गांव का रहने वाला था। उसके पिता सरजू प्रसाद यादव का कई साल पहले निधन हो चुका है। उसका चचेरा भाई सुरेंद्र यादव मौजूदा पार्षद है। शिव प्रसाद की मौसी का मकान करीब 2 किलोमीटर दूर गद्दोपुर में गंगा गुरुकुलम स्कूल के पास है। शिव प्रसाद यहां रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। रविवार शाम 7:00 बजे से ही उसका फोन रिसीव नहीं हो रहा था। रात 9:30 बजे के करीब बड़े भाई राजकुमार ने एक बार फिर कॉल की लेकिन बात नहीं हो सकी। ह मकान में पहुंचा तो शिव प्रसाद कमरे के भीतर मृत पड़ा मिला।

## हैलट में खुलेगा बर्न व प्लास्टिक सर्जरी का 50 बेड का नया विभाग, सिविल कार्य 90 फीसदी हो चुका है पूरा



**कानपुर , एजेंसी।** हैलट में बर्न व प्लास्टिक सर्जरी का नया विभाग खुलेगा। इससे जलने के रोगियों को बहुत राहत मिलेगी। विभाग इसी साल से चालू हो जाएगा। विभाग में विशेषज्ञों की सुविधाओं के साथ ही बर्न के रोगियों को इंटेसिव केयर की भी सुविधा मिलेगी। रोगियों को इलाज के लिए लखनऊ, दिल्ली इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन शासन को बर्न वार्ड को विभाग में तब्दील करने के लिए प्रस्ताव भेजा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला का कहना है कि सिविल कार्य 90 फीसदी हो चुका है। विभाग इसी वित्तीय वर्ष में शुरू हो जाएगा। हैलट में उच्चीकृत बर्न वार्ड के लिए शासन पहले ही मंजूरी दे चुका है। इसके साथ ही आईसीयू के बेड और वार्ड के बेड बढ़ाने के लिए भी प्रस्ताव दिया गया है। विभाग के लिए जरूरी दूसरी फैकल्टी और प्रशिक्षित स्टाफ भी मांगा जा रहा है। डॉ. काला का कहना है कि स्टाफ और उपकरण मिलने में छह महीने लग सकते हैं।

विभाग के लिए भवन उपलब्ध है। मौजूदा भवन में एक तल और बढ़ा दिया जाएगा। यह प्रशासनिक ब्लॉक रहेगा। रोगियों की रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी तथा ऑक्सीजन थैरेपी की भी व्यवस्था रहेगी। इससे बर्न रोगियों के घाव सूखने में आसानी होगी। डॉ. काला ने बताया कि बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग अभी किसी राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध नहीं है। यह पहला कॉलेज होगा, जिसमें विभाग खुलेगा। हैलट में मंडल के अलावा आसपास के 17 जिलों के बर्न रोगी इलाज के लिए आते हैं। साथ ही विभाग में नए विशेषज्ञ भी तैयार होंगे।

**अभी इलाज की क्या है हालत:** पूरे मंडल में बर्न वार्ड सिर्फ उर्सला में है। यहां आठ बेड हैं जो छह साल से लगातार भरे रहते हैं। बर्न रोगियों की संख्या बढ़ने पर एनबी-2 वार्ड में अलग से छह बेड की व्यवस्था कर दी गई है। जैसे ही बर्न वार्ड में कोई बेड खाली होता है, एनबी-2 के वार्ड से रोगी शिफ्ट कर दिया जाता है। गंभीर रोगी को लखनऊ रेफर करना पड़ता है। उर्सला में कोई प्लास्टिक सर्जन नहीं है। सामान्य सर्जन ही बर्न रोगी देखते हैं।

## तुम्हारे कितने पति हैं... कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं पर की ऐसी टिप्पणी, लोगों में आक्रोश

**मथुरा , एजेंसी।** धर्म प्रचारक महामंडलेश्वर इंद्रदेव महाराज द्वारा रामलीला मंचन पर की गई टिप्पणी को लेकर उठ खड़े हुए विवाद का तूफान अभी थमा ही नहीं था कि एक और कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य की महिलाओं पर की गई अमर्यादित टिप्पणी पर विवाद खड़ा होता दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया पर कथा प्रवक्ता के उक्त बयान पर लोगों द्वारा आक्रोश जताया जा रहा है। संत कॉलोनी स्थित गौरी गोपाल आश्रम के संचालक प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य का दो अलग-अलग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसमें उनके द्वारा गोवंश और महिलाओं को लेकर अनर्गल टिप्पणी की गई है। दूसरे वीडियो में महाराज द्वारा एक श्रद्धालु महिला द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा जा रहा है कि तुम्हारे कितने पति हैं।



इन वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा कमेंट बॉक्स में विरोध जताया जा रहा है। महामंडलेश्वर इंद्रदेव महाराज से पहले कथा वाचक प्रदीप मिश्रा, महर्षि कुमार स्वामी की अनर्गल टिप्पणी के बाद बवाल हुआ था।

इधर, भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य ने भक्त के सवाल के जवाब में गाय को माता माना है। इसके अलावा किसी भी त्रुटि पर क्षमा की बात कही है। भागवताचार्य ने कहा कि वास्तव में सवाल जवाब का यह वीडियो वायरल किया गया है, उससे उनका कोई मतलब नहीं। इतना जरूर है कि महिला सशक्तिकरण का सदा सम्मान करते आए हैं और करते रहेंगे। उनके यहां माताओं की सेवा का प्रकल्प जो चल रहा है वह इसका उदाहरण है। अगर किसी को ठेस पहुंची है तो उन्हें माफ करें।

## चार सौ करोड़ की ठगी के मुख्य आरोपी को रिमांड पर प्रयागराज लाई पुलिस, किए कई अहम खुलासा

**प्रयागराज , एजेंसी।** प्रॉपर्टी-शेयर में निवेश के नाम पर 400 करोड़ रुपये की ठगी के मुख्य आरोपी अभिषेक द्विवेदी ने पुलिस रिमांड पर कई अहम खुलासे किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह निवेशकों से पैसे लेकर जमीन और फ्लैट में निवेश करता था। तीन माह पहले उसने नोएडा के जेवर एयरपोर्ट के पास करीब तीन बीघा जमीन को 100 करोड़ में खरीदने की डील की थी, इसके लिए उसने बीस करोड़ रुपये एडवांस के तौर पर दिए थे। रजिस्ट्री होने के बाद यहां पर फ्लैट बनाने थे।

बीते छह जून को शिवकुटी थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे निहारिका वेंचर्स के एमडी अभिषेक को पुलिस ने 20 जुलाई को पानीपत से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पूछताछ न होने के कारण पुलिस ने कोर्ट में अर्जी लगाकर 48 घंटे का पुलिस रिमांड मांगा था। इस पर कोर्ट ने आरोपी अभिषेक को सात घंटे पुलिस कस्टडी में ले जाने की मंजूरी दी थी।

रविवार सुबह पुलिस आरोपी को कस्टडी में लेने के बाद उसे गोविंदपुर स्थित उसके घर ले गई। वहां से पुलिस को लैपटॉप, चेकबुक, जमीन की रजिस्ट्री, बैंक पासबुक, निवेशकों का ब्योरा समेत अन्य कई दस्तावेज मिले हैं। पुलिस ने इन सभी दस्तावेजों को जब्त कर लिया है। वहीं, जांच के बाद सिविल लाइंस एसीपी श्वेताभ पांडेय व थाना प्रभारी ने करीब दो घंटे आरोपी से पूछताछ की। इस दौरान करीब डेढ़ सौ सवाल किए गए। आरोपी पुलिस के कई सवालों से बचता रहा।

**तीन प्रापर्टी डीलर समेत चार पुलिस रडार पर:** पूछताछ में सामने आया कि अभिषेक ने नोएडा के जेवर के अलावा अयोध्या में करीब आठ करोड़ रुपये की जमीन की डील की थी। इन सभी संपत्तियों पर वह फ्लैट बनाकर बेचना चाहता था। पूछताछ में बताया कि नोएडा के जेवर की जमीन को खरीदवाने में तीन प्रॉपर्टी डीलर ने उसका साथ दिया। बताया कि इनमें दो डीलर प्रयागराज के ही रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी के अलावा निहारिका और अभिषेक की मदद करने वाली बस्ती की जेपी पांडेय नाम की महिला भी पुलिस रडार पर है।

**ईडी ने भी शुरू की जांच:** 400 करोड़ रुपये की ठगी का खुलासा होने पर अब इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी जांच शुरू कर दी है। मामले में ईडी आरोपी अभिषेक की सभी संपत्तियों के ब्योरे के साथ बैंक डिटेल भी खंगालेगी। पुलिस अफसरों ने बताया कि पुलिस की जांच के साथ ही ईडी अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है। वहीं, शिवकुटी थाना पुलिस ने अभिषेक की सात घंटे पुलिस रिमांड पूरी होने पर रविवार शाम उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

## भूत प्रेत की बीमारी का चला रहे थे झाड़-फूंक अस्पताल, पुलिस पहुंची तो हुए फरार

**गोरखपुर , एजेंसी।** कैंपियरगंज इलाके के एक मंदिर परिसर में झाड़-फूंक का अस्पताल चलाने की शिकायत पुलिस को मिली है। बीते शुक्रवार को पुलिस पहुंची तो वहां तंत्र-मंत्र में जुटे लोग फरार हो गए। पुलिस को पता चला कि वहां हर रोग तंत्र-मंत्र और अंगारे पर चलाकर दूर कर देने का दावा किया जा रहा था। फिलहाल, पुलिस पुजारी से ऐसी किसी भी गतिविधि के होने पर जानकारी देने की बात कहते हुए लौट आई। पुलिस की जांच में पता चला कि मंदिर में लोगों की आस्था है, लेकिन इसकी आड़ में कुछ तांत्रिक भी आते हैं। तांत्रिकों के सक्रिय होने की सूचना पर अब एक बार फिर से पुलिस ने पुराने तांत्रिक रजिस्टर को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर पुलिस को जानकारी दी गई कि भूत-प्रेत का साया बताकर गरीब लोगों को ठगा जा रहा है। कई लोगों को अंगारे पर चलाया जा रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पुलिस पहुंची तो आसपास के संभ्रांत लोगों ने इस बात को स्वीकार भी किया।

## डेढ़ करोड़ की चोरी में 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**मौरावां , एजेंसी।** पश्चिमगांव में शुक्रवार रात सपा नेता सहित तीन घरों में हुई डेढ़ करोड़ की चोरी में 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। घटना के खुलासे के लिए छह टीमें लगाई गई हैं। पुलिस गांव के बाहर दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे तलाश रही है। शनिवार रात एएसपी ने पीड़ितों से जानकारी ली।

मौरावां थानाक्षेत्र के पश्चिम गांव में शुक्रवार रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर डेढ़ करोड़ से अधिक कीमत के जेवर और नकदी चोरी की थी। सपा नेता व छात्र सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष आदिल खां के मुताबिक, चोरों ने उनके घर से 1.700 किलोग्राम सोने, दो किलोग्राम चांदी के जेवर, हीरे की अंगूठी और दो लाख की नकदी चोरी की है। जकी खां के घर से 10 लाख के जेवर चोरी हुए थे। राबिया पत्नी नसीम खां के घर से एक लाख के जेवर और 50 हजार नकद चोर ले गए थे। घटना के बाद सीओ पुरवा सोमेंद्र विश्वास, थानाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह ने फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड के साथ पहुंच कर दोबारा जांच की। शनिवार रात एएसपी अखिलेश सिंह ने भी गांव पहुंच पीड़ितों से घटना की जानकारी ली। पुलिस शक के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ कर रही है लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। थानाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए लगाई गई छह टीमें पूरी तरह से सक्रिय हैं। अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। उधर, सपा नेता के घर चोरी की सूचना पर रविवार को पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव व सीएल यादव सहित अन्य सपाई ने उनसे मुलाकात की। सपा जिलाध्यक्ष ने तीन दिन में घटना के खुलासे की मांग की। कहा कि खुलासा न हुआ तो तहसील से जिला मुख्यालय पर आंदोलन व धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान रामकिशुन लोधी, महेंद्र कुमार, अभिषेक सिंह, रमाकांत यादव, विश्वंभर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**विद्युत कर्मी की मौत पर दी 20 हजार की आर्थिक सहायता:** मौरावां। थानाक्षेत्र के गांव खानपुर के मजरे चंद्रभालखेड़ा निवासी विद्युत संविदाकर्मी बैजनाथ उर्फ ललित कुमार की पटेढ़ा में 30 जुलाई को बिजली के पोल पर चढ़कर मरम्मत कार्य के दौरान गिरकर मौत हो गई थी। रविवार को मृतक के गांव पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और दुखी पिता को 20 हजार की आर्थिक सहायता दी।

## महाकुंभ में अतिथियों के लिए बसने वाली टेंट सिटी के टेंडर निरस्त

### फिर से आमंत्रित की जाएगी निविदा

**प्रयागराज , एजेंसी।** महाकुंभ के लिए अरैल में बसने वाली दुनिया की सबसे बड़ी टेंट सिटी के दो ब्लॉकों के टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं। पीपीपी मॉडल पर संगम के पास बसाई जाने वाली इस टेंट सिटी में दिल्ली, गुजरात और राजस्थान की कई नामी कंपनियों ने हिस्सा लिया था। अब नए सिरे से टेंडर कराया जाएगा। इसके लिए अगले हफ्ते टेंडर जारी होने की उम्मीद है।

25 हेक्टेयर में फैले 2,000 लक्जरी बिस्तरों वाली टेंट सिटी की स्थापना के लिए दो महीने पहले ही टेंडर कराए गए थे। 10 अलग-अलग ब्लॉक में टेंट सिटी बसाने की योजना है। इसके लिए देश भर से डेवलपर्स कंपनियों ने निविदा में हिस्सा लिया था। प्रत्येक ब्लॉक में 200 बिस्तरों की क्षमता वाली टेंट सिटी का निर्माण कराया जाना था। प्रत्येक ब्लॉक में मेहमानों को विला, सुपर डीलक्स और डीलक्स रूम सहित कई प्रकार के लक्जरी आवास प्रदान करने की योजना है। इसके साथ ही टेंट सिटी के नजदीक अतिथियों और पर्यटकों को अनूठा अनुभव देने के लिए सरकार की स्लीपिंग पॉड, कंटेनर आवास और वाटर स्पोर्ट्स जैसी सुविधाएं प्रदान करने की भी योजना है।

करीब 1600 बेड की आठ टेंट सिटी के लिए कराए गए टेंडर में दो ब्लॉकों के टेंडर निरस्त किए गए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों के मुताबिक इसमें शामिल कंपनियों की ओर से टेंडर की के नियमों को समयबद्ध तरीके से पूरा न कर पाने के कारण नए सिरे से प्रक्रिया कराई जाएगी। झूंसी में उल्टा किला के पास टेंट सिटी के लिए जल्द ही टेंडर कराए जाएंगे। निरस्त हुए दो ब्लॉकों की चार सौ बिस्तरों की निविदाओं समेत कुल छह सौ बिस्तरों वाले लग्जरी टेंट आवासों के लिए नए सिरे से टेंडर कराए जाएंगे।






# एक बार फिर आगे खिसकेगी पुष्पा 2 की रिलीज डेट?

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2- द रूल को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर पुष्पा 2 की रिलीज डेट को आगे बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, यह चर्चाएं फिलहाल सोशल मीडिया पर चल रही हैं। इस बारे में निर्माताओं की ओर से पुष्टि नहीं की गई है। इन चर्चाओं की वजह है पुष्पा 2 के निर्माण में हो रही देरी। पहले भी फिल्म की शूटिंग में हो रही देरी के चलते फिल्म की रिलीज की तारीख को आगे खिसकाया गया था। दरअसल, फिल्म पहले इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 15 अगस्त पर रिलीज होने वाली थी, जिसे स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद एलान किया गया कि अब यह फिल्म इस साल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब फिल्मी गलियारों में खबर है कि शूटिंग में देरी की वजह फहद फाजिल हैं। उन्होंने ही बल्क डेट्स नहीं दी थीं। विस्तार से बात करें तो फहाद ने पुष्पा 2 के लिए अपनी दो मलयालम फिल्मों की शूटिंग टाल दी है। हालांकि, जैसे ही फिल्म को 6 दिसंबर तक के लिए टाल दिया गया, शूटिंग में भी देरी हो गई। इससे फहाद परेशान हो गए और अब वह अपनी मलयालम फिल्मों में व्यस्त होने के कारण तारीखें नहीं दे रहे हैं। इन सब बातों ने फिल्म के शूट शेड्यूल को बिगाड़ दिया है और खबर है कि पुष्पा 2 को फिर से टाला जा सकता है। वहीं, अब खबर यह है कि फिल्म का नया शेड्यूल बहुत जल्द आरएफसी में शुरू होगा।

# पौराणिक फिल्में बनाने के चलन को राम गोपाल वर्मा ने बताया खतरनाक

राम गोपाल वर्मा मशहूर भारतीय निर्देशक हैं, जिन्होंने कई शानदार फिल्में बनाई हैं। वह हिंदी के अलावा कन्नड और तमिल फिल्में भी बनाई हैं। उनकी फिल्में अक्सर काफी सुर्खियां बटोरती हैं। उनकी फिल्मों के अलावा वो भी अपने बयानों की वह से अक्सर काफी चर्चा में रहते हैं। हाल में ही उन्होंने देश में लगातार बन रहीं पौराणिक फिल्में और इस चलन पर अपनी राय जाहिर की है। दिग्गज निर्देशक बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जाने जाते हैं। हाल में ही गैलाटा प्लस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने पौराणिक फिल्मों के चलन को लेकर बात की है। उन्होंने इन फिल्मों को बनाए जाने को खतरनाक करार दिया है। उन्होंन कहा कि अतीत में ये फिल्में भले ही सफल रही हैं, लेकिन बिना विवाद पैदा किए इन फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर सफल होने की संभावना थोड़ी कम है। इस बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि पौराणिक फिल्मों की कहानियों से दर्शकों के परिचित होने के बाद भी इन्हें क्यों बनाया जाता है। इस पर उन्होंने कहा, पौराणिक कहानियों पर फिल्में बनाना बहुत खतरनाक है। इसके दो कारण हैं, जो कहानियां लोगों को पहले से ही पता हैं और आप उन्हें अलग बनाने की कोशिश करते हैं,तो  इसका उल्टा असर हो सकता है। आप हमारे देश में ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि इससे लोगों की आस्था जुड़ी है। दोनों ही तरह से मुझे लगता है कि यह काफी जोखिम भरा है।





# यह मेरे करियर के लिए बहुत जरूरी फिल्म है वेदा

शरवरी वाघ अपनी आगामी बहुचर्चित फिल्म वेदा को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में शरवरी के अलावा जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज के लिए तैयार है। हाल ही में, अभिनेत्री ने फिल्म में काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है और बताया है कि वेदा में काम करना उनके करियर के लिए कितना जरूरी था।

मुंजा और महाराज में अपने अभिनय का दमखम दिखाने के बाद शरवरी वाघ अपनी तीसरी फिल्म वेदा को लेकर हर तरफ सुर्खियां बटोर रही हैं। उम्मीद है कि शरवरी की यह फिल्म उनकी हिट लिस्ट की  हैट्रिक साबित होगी। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों का खूब प्यार मिला है। अब अभिनेत्री के फैंस इसकी रिलीज का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वेदा में अपने किरदार को मिल रहे प्यार के लिए शरवरी ने फिल्म के निर्देशक को धन्यवाद दिया है। शरवरी ने कहा, मैं अभी हर तरफ से मिल रही तारीफ का आनंद ले रही हूं। मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी में यह पल सिर्फ और सिर्फ निर्देशक निखिल आडवाणी की वजह से ही आ पाया है, उन्होंने मुझ पर अटूट विश्वास किया है। मैंने कला के प्रति अपने प्यार की वजह से ही अभिनेत्री बनने का फैसला किया था। मेरे लिए फिल्म की कहानी बहुत जरूरी है, इसलिए लोग निखिल सर का विजन पसंद कर रहे हैं। फिल्म वेदा के बारे में बात करते हुए शरवरी ने कहा, फिल्म को लेकर मुझे यह पूरी उम्मीद है कि वेदा एक बड़ी सफल फिल्म बनकर उभरेगी। मुझे लगता है कि अपनी फिल्मों को लेकर मैं बहुत लालची हूं। मैं चाहती हूं कि मेरी सारी फिल्में हिट लिस्ट का हिस्सा बने। मैं जब इस इंडस्ट्री में आई तो मेरी पहली फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। मुझे एक हिट मिलने के लिए करीब तीन साल तक इंतजार करना पड़ा था। निर्देशक का आभार जताते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं निखिल आडवाणी सर की हमेशा आभारी रहूंगी, उन्होंने मुझपर तब विश्वास किया, जब इंडस्ट्री के कुछ लोग ही मेरे सपोर्ट में थे। एक मेरे लिए एक कर्ज जैसा है, जिसे मैं शायद कभी भी नहीं चुका पाऊंगी।



# मैंने हमेशा अपने बारे में अच्छी अफवाहें सुनी हैं

तेलुगू सिनेमा में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल जल्द ही अपकमिंग फिल्म खेल खेल में से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमेशा उन्होंने अपने बारे में सकारात्मक अफवाहें सुनी हैं और उम्मीद जताई कि ये अफवाहें सच हों। शुक्रवार को मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान प्रज्ञा से पूछा गया कि क्या किसी अफवाह ने उनके घर में हलचल मचाई है। प्रज्ञा ने जवाब दिया, मैंने अपने बारे में कभी कोई नकारात्मक अफवाह नहीं सुनी। मेरे सामने आई सभी अफवाहें अच्छी और सकारात्मक रही हैं। फिल्म एनबीके 109 के लिए नंदमुरी बालकृष्ण के साथ काम कर रहीं अभिनेत्री ने विभिन्न उद्योगों में काम करने के अपने अनुभव शेयर किए। प्रज्ञा ने कहा, ये दोनों अनुभव अद्भुत हैं। मैं दो अलग-अलग उद्योगों और भाषाओं में काम करने के लिए आभारी हूं। मैं केवल अच्छी फिल्मों, अच्छी कहानियों का हिस्सा बनने और यादगार किरदार निभाने का प्रयास कर रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे ये अवसर मिल रहे हैं। भाषा मेरे लिए ज्यादा मायने नहीं रखती। मैं सिर्फ अच्छा काम करना चाहती हूं। खेल खेल में अक्षय कुमार, एमी विर्क, वाणी कपूर, तापसी पन्नू, फरदीन खान, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल हैं।

# उलझ में जान्हवी के अभिनय के कायल हुए अर्जुन कपूर




जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म की तारीफ कई सितारों ने की है। अब इस लिस्ट में अभिनेत्री के भाई अर्जुन कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने फिल्म को लेकर एक लंबा नोट लिखा और लोगों से कहा कि इसे जरूर देखना चाहिए। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अर्जुन कपूर ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, उलझ एक शानदार जासूसी ड्रामा है, जिसमें फिल्म के हर किरदार ने बेहतरीन अदाकारी दिखाई है। यह एक मनोरंजक फिल्म है, जो बेहतरीन ढंग बनाई गई है। जान्हवी कपूर, आप अलग-अलग कंटेंट और जटिल किरदारों का चयन करती हैं। आप पर गर्व है। जासूसी सही तरीके से की गई है। शानदार अभिनय और अच्छे सिनेमा की सराहना करने वाले हर व्यक्ति को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की यह थ्रिलर फिल्म 2 अगस्त को रिलीज हुई है।

# इस दिन होगा प्रभास की फिल्म का शुभारंभ



साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इसके साथ ही वे अपनी नई फिल्म राजा साब को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं। इस बीच प्रभास अपनी एक और नई फिल्म का एलान करने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वे आधिकारिक तौर पर फिल्म का एलान अगस्त में करेंगे। हालांकि, उससे पहले ही फिल्म को लेकर कई दिलचस्प जानकारियां सामने आ रही हैं। अगले महीने फिल्म का एलान किया जाएगा। फिल्म निर्देशन हनु राघवपुडी कर रहे हैं, जो इससे पहले दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर के साथ सीता रामम फिल्म बना चुके हैं। प्रभास की नई फिल्म एक पीरियड रोमांटिक ड्रामा होगी। वहीं अब फिल्म की आधिकारिक पूजा समारोह को लेकर नई जानकारी सामने आई है। फिल्म का प्री प्रोडक्शन तेजी से चल रहा है।

फिल्म को लेकर ताजा जानकारी यह है कि इस फिल्म का पूजा समारोह 17 अगस्त, 2024 को हैदराबाद में होगा। खबरों के अनुसार, प्रभास के इस समारोह में शामिल होने की संभावना है। ऐसे में यह साफ है कि पूजा समारोह के साथ ही फिल्म का आधिकारिक एलान हो जाएगा। इसके साथ ही फिल्म से जुड़ी अन्य जानकारी सामने आने की भी उम्मीद है। यह फिल्म एक पीरियड रोमांटिक ड्रामा है और महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के शासनकाल पर आधारित होगी। फिल्म में प्रभास आजाद हिंद फौज के सिपाही की भूमिका में नजर आएंगे। इसके लिए रामोजी फिल्म सिटी में एक बड़ा सेट भी बनाया जा रहा है। मैत्री मूवी मेकर्स इस फिल्म को बड़े बजट में बना रहे हैं। वहीं फिल्म में मुख्य नायिका का किरदार निभाने के लिए अभिनेत्री मृणाल ठाकुर से बातचीत चल रही है।



# ...तो क्या प्रोडक्शन हाउस की जिम्मेदारी से भी रिटायर होंगे आमिर खान?

अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने इस साल अभिनय की दुनिया में डेब्यू किया है। फिल्म महाराज से उन्होंने अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को रूबरू कराया। हालांकि, फिल्म बड़े परदे पर नहीं, बल्कि ओटीटी पर रिलीज हुई, लेकिन काफी पसंद की गई है। इस फिल्म के दौरान मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर ने बेटे की कितनी मदद की और शूटिंग के दौरान सेट पर कितनी बार गए? हाल ही में जुनैद ने कुछ दिलचस्प बातें शेयर की हैं।

## इस तरह प्रोडक्शन की दुनिया में भी आए

जुनैद अपनी पहली फिल्म की सफलता से बेहद खुश हैं। हाल ही में एक मीडिया पोर्टल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने फिल्मांकन के दौरान अपने पिता के सहयोग, उनके प्रभाव और आमिर खान प्रोडक्शंस को संभालने की अपनी योजनाओं पर चर्चा की। बातचीत में जुनैद से प्रोडक्शन में उनकी शुरुआती भागीदारी के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि अभिनेता आमतौर पर अपने करियर में बाद में फिल्म निर्माण जैसी भूमिकाओं में आते हैं, लेकिन उन्होंने प्रीतम प्यारे के साथ प्रोडक्शन का काम शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि फिल्म सेट पर उनके अनुभवों ने उन्हें प्रोडक्शन में आने के लिए प्रेरित किया। इनमें पीके पर उनका काम और कुछ विज्ञापन शूटिंग में सहयोग जैसी चीजें शामिल रही हैं।

## आमिर ने बेटे से कही रिटायर होने की बात

इस दौरान जुनैद ने यह भी जिक्र किया कि उनके पिता चाहते हैं कि प्रोडक्शन हाउस की जिम्मेदारी अब वही संभालें। जुनैद ने कहा कि महाराज की शूटिंग के बाद किरण राव लापता लेडीज बना रही थीं। इस दौरान उनके पिता पूरे समय मैं रिटायर होने वाला हूं फेज से गुजर रहे थे। जुनैद ने बताया कि उनके पिता ने इस बारे में उनसे बाकायदा बात की और कहा, मैं रिटायर हो रहा हूं, तुम क्यों नहीं इसे संभाल लेते। जुनैद ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्हें प्रोडक्शन की अच्छी समझ है, जिसे वे फिल्म निर्माण के सबसे कठिन पहलुओं में से एक मानते हैं।

## सिर्फ एक दिन ही गए सेट पर

बातचीत के दौरान जुनैद से पूछा गया कि महाराज की शूटिंग के दौरान क्या आमिर कभी फिल्म के सेट पर गए थे? जुनैद ने कहा कि उनके पिता सिर्फ शूटिंग के पहले दिन ही सेट पर आए थे। इस दौरान उनके तीन दादा-दादियां भी साथ आए। इसके बाद उन्होंने सीधे फिल्म देखी। जुनैद ने कहा कि उनके पिता को फिल्म काफी पसंद आई। वे एक सहज दर्शक हैं, जबकि उनकी मां एक कठोर क्रिटिक हैं।

# फिल्म में अजय देवगन का युवा किरदार निभाने पर शांतनु बोले माहेश्वरी

**फिल्म औरों में कहां दम था में शांतनु माहेश्वरी ने अजय देवगन के किरदार का यंग वर्जन निभाया है। ऐसे में अभिनेता ने हाल ही में अजय को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि उनके साथ उनका कुछ कर्म संबंध है।**

अभिनेता शांतनु माहेश्वरी इन दिनों फिल्म औरों में कहां दम था में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने अजय देवगन के किरदार का यंग वर्जन निभाया है। इस फिल्म से पहले भी दोनों एक साथ काम कर चुके हैं। दोनों संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में साथ काम कर चुके हैं। हालांकि, दोनों ने एक साथ कोई किरजार नहीं निभाया है। हाल ही में शांतनु माहेश्वरी ने अजय देवगन के हुनर और सिनेमा की उनकी समझ को लेकर तारीफ की है।

## अजय देवगन के साथ कुछ तो कनेक्शन है

शांतनु माहेश्वरी ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि अजय सर के साथ मेरा कुछ कर्म संबंध है। मैंने जब शो जीता था, तब उन्होंने ही मुझे खतरों के खिलाड़ी की ट्रॉफी दी थी। गंगूबाई काठियावाड़ी में उनकी उपस्थिति और अब मैं औरों में कहां दम था में उनका युवा रोल निभा रहा हूं। मेरा मतलब है कि कुछ तो कनेक्शन है।

## सुपरस्टार के साथ काम करके उत्साहित हैं शांतनु

उन्होंने आगे अजय देवगन की तारीफ करते हुए कहा, मुझे ईमानदारी से लगता है कि वह हमारी इंडस्ट्री के उन कुछ सुरस्टार्स में से एक हैं, जो अपने प्रोजेक्ट्स के चुनाव में बहुमुखी रहे हैं। यह उनकी सभी फिल्मों को क्रेडिबिलिटी देता है। मैं वास्तव में उनके काम के चुनाव की प्रशंसा करता हूं। उनके साथ जुड़ना वास्तव में मेरे लिए सम्मान की बात है।

## औरों में कहां दम था में नजर आए ये सितारे

शांतनु ने फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में एक प्रेमी लड़के अफशान रजाक की भूमिका निभाई थी। आलिया भट्ट द्वारा अभिनीत इस फिल्म में विजय राज, इंदिरा तिवारी, सीमा पाहवा और जिम सर्भ जैसे कलाकार नजर आए थे। वहीं, फिल्म औरों में कहां दम था की बात करें तो अजय देवगन स्टारर इस फिल्म में तब्बू, जिमी शेरगिल और सई मांजरेकर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित ये रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।





# स्क्रीन टाइम को कम करने के लिए अपनाएं ये तरीके

बच्चे से लेकर बड़ों तक लोग अक्सर अपना ज्यादातर समय अपने फोन या लैपटॉप पर बिताने लगे हैं। ऐसे में चलिए जानें स्क्रीन टाइम को कम करने का आसान तरीका।

आज के समय में ज्यादातर लोग अपना ज्यादा से ज्यादा समय सेलफोन, टीवी, लैपटॉप पर बिताने लगे हैं। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। बता दें कि लंबे समय तक स्क्रीन पर रहने से सिरदर्द जैसी समस्या भी होती हैं। अगर आप भी इन चीजों से बचना चाहती हैं तो आपको अपने स्क्रीन टाइम को कम करने के लिए कुछ आसान हैक्स की मदद लेनी चाहिए।

### समय बनाएं

आपको समय बनाना होगा कि आपको कितनी देर सेलफोन, टीवी, लैपटॉप पर बिताना है। इसके अनुशार आप आसानी से अपना स्क्रीन टाइम को कम कर सकते हैं। अगर आपको ऐसा लगता है कि आपको समय का पता नहीं लग रहा है तो इस स्थिती में आपको फोन में रिमाइंडर लगा देना चाहिए।

### ब्रेक टाइम में फोन ना करें इस्तेमाल

आपका अगर लंच ब्रेक है तो इस समय आपको फोन को नही छूना चाहिए। कई लोग 1 घंटे के ब्रेक में खाना खाते समय भी फोन का ही इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में उन्हें समझ नहीं आता और उनका स्क्रीन टाइमबढ़ जाता है। ब्रेक टाइम पर आपको अपने दोस्तों के साथ समय बिताना चाहिए।

### रात में फोन ना करें इस्तेमाल

रात में सोने के समय आपको अपना फोन टेबल पर रख देना चाहिए। ना तो आपके हाथ में फोन होगा और ना ही आप इसका इस्तेमाल कर पाएगी। कई लोग पूरी रात फोन का इस्तेमाल करते हैं जिसके कारण उन्हें आखों में दर्द जैसी समस्या हो जाती हैं।






# कैसे सेलेक्ट करें अपने लिए बेस्ट क्रेडिट कार्ड

क्रेडिट कार्ड की मदद से कई सारी सुविधाएं मिलती हैं लेकिन अगर कोई भी क्रेडिट कार्ड बिना सोचे-समझे खरीद लिया जाए तो काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। ऐसे में क्रेडिट लेते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है। अगर आप क्रेडिट कार्ड सेलेक्ट करने जा रही हैं तो जानिए वो स्मार्ट तरीके जिससे आप अपने लिए बेस्ट क्रेडिट कार्ड चुन सकती हैं और अपनी जरूरतों को पूरा कर सकती हैं।

### नियमों को जानें

आपकोक्रेडिट कार्डलेने से पहले सिर्फ लाभ को देखकर ही सेलेक्शन नहीं करना चाहिए क्योंकि कई बार लोग जल्दबाजी में क्रेडिट कार्ड ले लेते हैं और फिर बाद में उन्हें बैंक के द्वारा लगाए जा रहे अन्य चार्ज के बारे में पता चलता है जिससे नुकसान भी होता है इसलिए क्रेडिट कार्ड से जुड़े हुए नियमों और शर्तों को सही से चेक करना बहुत जरूरी होता है।

### ब्याज दर के बारे में जानकारी

क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल आजकल लाखों लोग करते हैं लेकिन क्रेडिट कार्ड लेने से पहले अगर आप उसकी ब्याज दर के बारे में पूरी जानकारी नहीं रखेंगी तो इससे आपको बाद में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। फाइनेंस एक्सपर्ट का कहना है कि ब्याज दर एक बहुत इंपॉर्टेंट फेक्टर होता है और हर क्रेडिट कार्ड के साथ उसका ब्याज दर तय रहता है। इसे एनुअल परसेंट रेट भी कहा जाता है यह आपके बैंक के द्वारा ही निर्धारित होता है इसलिए आपको क्रेडिट कार्ड लेने से पहले इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए ताकि आपको यह पता रहे कि यह चेंज होगा या निश्चित ही रहेगा।

### सुविधाओं और लाभों के बारे में जानकारी

आपको सुविधाओं और लाभों के बारे में जानकारी भी पूरी तरह से होनी चाहिए कई सारे बैंक अपने क्रेडिट कार्ड पर लेनदेन पर कैशबैक देने के साथ-साथ अन्य कई सारी सुविधाएं भी देते हैं जिनके बारे में आपको पूरी जानकारी होनी चाहिए। इनेंस एक्सपर्ट राहुल का कहना है कि कई बैंक के क्रेडिट कार्ड पर आपको ऑनलाइन सर्विसेज जैसे ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग, फ्री फ्लाइट टिकट्स के अलावा भी फायदा मिलता है जैसे आपको फ्यूल पेमेंट करने पर फ्यूल सरचार्ज नहीं देना पड़ता है और कई सारी चीजों में डिस्काउंट और कैशबैक भी मिलता है लेकिन कई बार बैंक आपको इन सभी सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं देता है ऐसे में आपको खुद से भी बैंक से क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले बेनिफिट के बारे में पता होना चाहिए ताकि आप इसका फायदा उठा सकें।

# क्रेडिट कार्ड से कैश निकालने से पहले जरूर ध्यान रखें ये सभी बातें

क्रेडिट कार्ड की मदद से शॉपिंग करते वक्त लोगों को कई तरह के लाभ मिलते हैं लेकिन कई बार कुछ लोग अपने ही क्रेडिट कार्ड से बिना कुछ सोचे समझे कैश निकाल लेते हैं और इस वजह से उन्हें बाद में कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आप भी क्रेडिट कार्ड से कैश निकालना चाहते हैं तो पहले इससे जुड़ी हुई इन बातों को जरूर समझ लीजिए।

### पैसे चुकाने पड़ेंगे

आपको बता दें कि अगर आप क्रेडिट कार्ड से कैश निकालते हैं तो आपको हर दिन का चार्ज देना पड़ेगा। साथ ही आपको यह भी बता दें कि अगर आप किसी काम के लिए क्रेडिट कार्ड का यूज करते हैं तो इसके लिए आपको ब्याज के बिना ही इसके पैसे भरने होते हैं लेकिन अगर आप क्रेडिट कार्ड का यूज कैश निकालने के लिए करते हैं तो आपको इसका एक्स्ट्रा ब्याज देना पड़ता है जो काफी ज्यादा होता है इसलिए आपको कोशिश करनी चाहिए कि क्रेडिट कार्ड से कैश ना निकालें।


### जाने बैलेंस ट्रांसफर के बारे में

सबसे पहले आपको बता दें कि बैलेंस ट्रांसफर का मतलब होता है कि अगर आप एक क्रेडिट कार्ड से किसी दूसरे क्रेडिट कार्ड का भुगतान करते हैं। ऐसा करने से आपका सिबिल स्कोर भी खराब हो सकता है क्योंकि आप चेन की तरह एक कार्ड से दूसरे बिल का पेमेंट करते हैं और फिर दूसरे से तीसरे का बिल पेंमेंट। आपको बता दें कि यह आपको एक परेशानी में भी डाल सकता है इसलिए इस तरह से कभी भी आपको बैलेंस ट्रांसफर नहीं करना चाहिए।

### कितना निकाल सकते हैं आप कैश

हर कार्ड होल्डर की एक प्रोफाइल के हिसाब से कार्ड की लिमिट तय होती है जिससे यह भी पता चलता है कि आप कितना पैसा निकाल सकते हैं। ज्यादातर क्रेडिट कार्ड की लिमिट 40 परसेंट तक के कैश को निकालने की होती है। इसके अलावा जितनी राशि बची होती है उसको आप भुगतान के लिए यूज कर सकते हैं। इस प्रकार से आपको यह जानकारी रहती है कि कितना कैश निकाल सकते हैं। साथ ही आपको यह भी ध्यान रखना चाहिए कि आप जब कोई बहुत बड़ी इमरजेंसी हो तभी आप क्रेडिट कार्ड से कैश निकालें क्योंकि अगर आपके बैंक अकाउंट में पैसे नहीं हैं तो क्रेडिट कार्ड से आप भुगतान कर सकते हैं लेकिन फिर आपको जल्द से जल्द क्रेडिट कार्ड का पैसा पेमेंट कर देना चाहिए ताकि किसी तरह की समस्या आपको ना झेलनी पड़े।






# एक्सपर्ट से जानें अपने घर के लिए बजट प्लान करने का सही तरीका

**अगर आप अपने घर के लिए सही तरह से बजट प्लान करना चाहती हैं तो आप एक्सपर्ट से जान सकती हैं कि बजट प्लान करने का सही तरीका क्या है।**

आपने कई बार ऐसा नोटिस किया होगा किया होगा कि आप हर माह अपने खर्चों में भी काफी कटौती करती हैं लेकिन फिर भी महीने के आखिर तक आते-आते पैसे खत्म हो जाते हैं और सेविंग्स भी नहीं हो पातीं। घर-परिवार की इमरजेंसी की जरूरतों और भविष्य को देखते हुए महिलाओं के लिए बचत करना बहुत जरूरी है। अगर आप अपने घर के लिए बजट प्लान करने का सही तरीका जानना चाहती हैं।

### खर्चों के बारे में जानें

अगर आप अपने घर का बजट बना रही हैं तो सबसे पहले आपको बजट बनाने में सबसे पहले अपने बड़े और जरूरी खर्चों की लिस्ट बना लेनी चाहिए। जैसे आपको मकान का किराया, बिजली का बिल, बच्चों की स्कूल फीस और घर का राशन आदि खर्चों के बारे में एक जगह लिख लेना चाहिए। अगर आप इनके बारे में एक जगह लिस्ट बना लेती हैं तो इससे आपको हर माह यह पता रहेगा कि कौन से खर्चों का आपको हर माह जरूर ध्यान रखना है। इसके साथ-साथ आपको यह भी ध्यान रखना चाहिए कि छोटी-छोटी बचत आप किस तरह से कर सकती हैं। इससे आपकी अच्छी सेविंग्स होगी और बजट मजबूत बन पाएगा।

### स्मार्ट गोल बनाएं

अगर आप किसी ट्रिप का प्लान कर रहे हैं या फिर घर में किसी की शादी है तो आपको पहले से उसके लिए प्लानिंग करनी चाहिए। इससे आपके माह के बजट पर बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा। आपको अपने बजट को ध्यान में रखकर स्मार्ट गोल बनाने चाहिए। इसमें आप अपने कार का लोन, बेटी की शादी के लिए निवेश, प्रॉपर्टी खरीदना आदि को शामिल कर सकती हैं। आप किसी एप की मदद से भी अपने इन स्मार्ट गोल को ट्रैक कर सकती हैं।

### रेगुलर खर्चों को जानें

आपको अपने रेगुलर खर्चों को सही से समझना होगा। जैसे अगर आप रोज ऑटो या बस से ऑफिस जाती हैं तो ट्रांसपोर्ट के खर्च को इसमें शामिल करके हिसाब लगाएं। आपको अपने रेगुलर खर्चों को एक डायरी में लिखना चाहिए। चार से पांच महीने के तमाम खर्चों की स्टडी करने के बाद ये बात आपको क्लीयर हो जाएगी कि कौन से खर्चे जरूरी हैं और कौन से ऐसे खर्चे हैं जिन पर कंट्रोल किया जा सकता है। इसके साथ-साथ आप इन खर्चों पर कंट्रोल भी कर पाएंगी और हिसाब को लगा पाएंगी।





# वेस्ट चीजों से क्रिएटिव आइडिया अपनाएं और अपने गार्डन को खूबसूरत बनाएं

प्रकृति से प्यार करने वालों के लिए गार्डन सिर्फ फूल-सब्जी उगाने की जगह नहीं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा मायने रखता है। ये वो जगह है जहां आकर वे अपनी सारी परेशानियां भूल कर सुकून के पल बिताते हैं। तो न क्यों इस खास जगह को सजा कर इसे और भी रिलेक्सिंग बनाया जाएं। वैसे भी रंग-बिरंगे फूलों से और पौधों से सजा गार्डन यूं भी खूबसूरत ही लगता हैं, अपने घर के गार्डन को खूबसूरत बनाने के लिए आप खूब सारे पैसे खर्च करते हैं। लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे आइडियाज देने वाले हैं जिसके बाद आपके घर के गार्डन में चार-चांद लग जाएंगे और आपके पैसे भी नहीं वेस्ट होंगे। हमारे घर में बहुत सारी चीजें वेस्ट पड़ी रहती हैं। वेस्ट चीजों से क्रिएटिव आइडिया अपनाएं और अपने गार्डन को खूबसूरत बनाएं

आपके घर में वाइटवाश के दौरान कई ऐसे पेंट्स के खाली डिब्बे वेस्ट पड़े होंगे जिनकी आपकी नजर में कोई वैल्यू नही है। लेकिन आप अपने क्रिएटिव माइंड का प्रयोग करेसे इसे साफ करके उन पर कलर फूल पेंट कर लीजिए। फिर इसमें कोई फूल या पैदा लगा दीजिये। और अपने गार्डन में रख दीजिये। मार्केट से तो सभी गमले खरीदते है लेकिन आपकी ये क्रिटिविटी आपके गार्डन को तो न्यू लुक देगी ही साथ ही आपकी क्रिटिविटी की भी तारीफ होगी। सभी के घर में छोटे बच्चे होते है और बच्चों वाले घरों में ऐसी कई सारी गाड़ियां और खिलौने घर में धूल फांक रहे होंगे या स्टोर रूम में पड़े होंगे। उनकी धूल साफ करिए और उस पर छोटे-छोटे पौधे उगाइए।

सबसे ज्यादा वेस्ट मटेरियल हमारे किचन से ही निकलता है। जैसे कप, प्लेट, गिलास, थाली, कटोरी, टूटे किचन के सिंक आदि। इनको किचन से बाहर करें, लेकिन कबाड़ी को न दे कर, इन्हें अपने गार्डन में जगह दे। उससे पहले आप इन बर्तनों को कुछ स्टाइल दे कर सजाएं, अपने मनपसंद



रंग से रंगकर इन्हें इस्तेमाल करें। आपके घर में पुराने बॉक्स जरूर होंगे, जिन्हें आप इस्तेमाल नहीं करते होंगे, आप उन्हें अच्छी तरह से साफ करके उसका ढक्कन हटा लें, बाहर की साइड से उस पर पेंट कर दें। फिर उसमें मिट्टी भर कर पौधा लगाएं। उसे आप अपने घर के गार्डन में सजा कर कुछ इस तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

आपके घर में कार, स्कूटर के वेस्ट टायर पड़े होंगे। पुराने टायर्स भी आपके प्लांटेशन के डेकोरेशन में काम आते हैं। इन टायरों को गमले के रूप में इस्तेमाल कर सकते है। टायरों में मिट्टी भर दें। फिर उनमें किसी तरह के पौधे या फ्लॉवर लगाएं या आप अपने गार्डन में उनका इस्तेमाल कलरफुल पेंट्स से करें। इसे चाहे तो आप अपने गार्डन में बैठने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमे बस आपको थोड़ी क्रिटिविटी करनी पड़ेगी।

आप अपने घर की पुरानी साइकिल को घर से निकल कर गार्डन की शोभा बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे आप अपने हिसाब से पेंट करिए और सजा दीजिए अपने गार्डेन में। कलर का इस्तेमाल आप अपनी चॉइस के अनुसार करे और दे अपने गार्डन को बेस्ट लुक।

आप अपने घर की टूटी कुर्सी, बाल्टी, मघ, बोतल का भी इस्तेमाल अपने गार्डन में कर सकती है। छोटी चीजों पर छोटे पौधें और बड़ों पर बड़े पौधे लगा कर अपने गार्डन की शोभा बढ़ाएं। आप अपने पुराने जूते और सैंडल्स का भी गार्डेन में इस तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं। ये जूते चप्पल आपके गार्डन की खूबसूरती बढ़ा देंगे। इसे आप हैंगिंग पॉट की तरह इस्तेमाल करें। इसमें अलग-अलग तरह के फ्लॉवर उगाकर गार्डन में लगे पेड़ों या फिर घर की बालकनी में सजा सकते है, जो मिनी गार्डन को अट्रैक्टिव लुक देंगे।

कोकोनट शेल को भी डिफरेंट लुक्स दे कर उसमें प्लांट्स ग्रो किए जा सकते हैं। ये देखने में बिलकुल अलग और बहुत खूबसूरत लगते हैं। अगर आप इन चीजों को अपना कर अपने गार्डन को इतना खूबसूरत बना देंगी तो हर कोई आपकी क्रिएटिविटी की ही तारीफ करेगा, और सिर्फ यही क्यों आप अपने क्रिएटिव माइंड से और भी तरीके निकालकर अपने घर के गार्डन को खूबसूरत बना सकते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### ऐसी सजा देंगे कि...सीएम हिमंता ने बताया 'लव जिहाद' पर क्या है तैयारी, 'लैंड जिहाद' भी निशाने पर



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में लव जिहाद पर लगाम कसने की तैयारी हो चुकी है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्वा सरमा ने इस बात की जानकारी दी। सरमा ने बताया कि प्रदेश में ऐसे कानून का प्रस्ताव लाया जा रहा है जिसके तहत लव जिहाद के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। असम में हिंदू और मुसलमानों के बीच जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर भी कानून आने वाला है। हिमंता सरमा इसे लैंड जिहाद का नाम देते हैं। उन्होंने यह बातें गुवाहाटी में भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कहीं। गौरतलब है कि यूपी ने हाल ही में एक विधेयक पास किया है। इसमें 2021 के एंटी-कन्वर्जन विधेयक में सजा को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके मुताबिक शादी से जुड़े अपराधों या फिर वर्तमान शादी से जुड़े मामलों में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने चुनाव के दौरान लव जिहाद पर काफी बातें कीं। यह बेहद वास्तविक और गंभीर मामला है। इसमें जबर्दस्ती कर्न्वजन से लेकर धोखे से प्रेम संबंध बनाने तक के मामले शामिल हैं। हिमंता ने कहा कि अगले कुछ दिनों में हम ऐसे कदम उठाने वाले हैं, जिसके बाद इस तरह का काम करने वालों को आजीवन कारावास की सजा मिलेगी। हिमंता सरमा ने आगे 'लैंड जिहाद' को बड़ा खतरा बताया। उन्होंने बताया कि इसको लेकर भी कानून बनाया जा रहा है। असम के सीएम ने कहा कि अगर कोई मुस्लिम हिंदू की संपत्ति खरीदना चाहता है या कोई कोई मुसलमान किसी हिंदू की प्रॉपर्टी खरीदना चाहता है तो इसकी स्क्रूटनी होगी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ शहर के जितना बड़ा इलाका एक खास तबके के लोगों से मुक्त कराया गया है। हिमंता सरमा ने कहा कि भाजपा प्रदेश के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के प्रति दृढ़प्रतिज्ञ है। उन्होंने कहा कि बारपेटा, माजुली और बाटाद्रवा में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की जमीनों की रक्षा के लिए हम एक नया कानून लाने वाले हैं। इसके बाद सिर्फ इसी इलाके के लोग यहां की जमीनें खरीद सकेंगे। सरमा ने सीएए को लेकर कहा कि यह भाजपा सरकार का एक बहादुरी भरा कदम था। हम उन लोगों की बायोमीट्रिक्स को अनलॉक करने जा रहे हैं, जिन्हें ब्लॉक किया गया था।

### दिल्ली मेट्रो में बार-बार नहीं खरीदना होगा क्यूआर कोड टिकट, स्मार्ट कार्ड की तरह करेगा काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो में सफर करने वाले यात्री अब क्यूआर कोड वाले टिकट का मेट्रो स्मार्ट कार्ड की तरह इस्तेमाल कर पाएंगे। मेट्रो प्रबंधन ने क्यूआर कोड टिकट के जरिए कई बार यात्रा (मल्टीपल जर्नी) सेवा शुरू करने के लिए ट्रायल शुरू कर दिया है। अगर यह सफल रहा तो जल्द ही मोबाइल का क्यूआर कोड ही मेट्रो स्मार्ट कार्ड की तरह काम करेगा। अच्छी बात यह है कि इसमें स्मार्ट कार्ड की तरह न्यूनतम 200 रुपये की जगह महज 100 रुपये का ही रिचार्ज कराना होगा। दरअसल, दिल्ली मेट्रो मोबाइल के जरिए क्यूआर कोड टिकटिंग के प्रयोग का विस्तार कर रही है। इसके लिए अलग-अलग ऐप के साथ समझौता करके इसे लॉन्च भी कर चुकी है। हालांकि, अभी इस क्यूआर कोड टिकट को सिर्फ एक बार यात्रा के लिए प्रयोग किया जा सकता है। अगर आप को दूसरी यात्रा करनी है तो दोबारा से क्यूआर कोड टिकट जनरेट करना पड़ता है। नई व्यवस्था में एक ही क्यूआर कोड को मेट्रो स्मार्ट कार्ड की तरह रिचार्ज कराकर कई बार यात्रा कर पाएंगे।दिल्ली मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फ्रॉड रोकने या फिर स्क्रीन शॉट लेकर कोई दूसरी यात्रा न कर सके, इसलिए उसमें डायनमिक कोड का प्रयोग किया गया है, जिससे वह क्यूआर कोड कुछ सेकंड के बाद बदलता रहेगा। इससे कोई भी इसका दुरुपयोग नहीं कर सकेगा। मेट्रो का मानना है कि क्यूआर कोड टिकटिंग में मल्टीपलन जर्नी की शुरुआत होने के बाद लोग स्मार्ट कार्ड को छोड़कर उसपर शिफ्ट होंगे। क्यूआर कोड की टिकटिंग पर भी स्मार्ट कार्ड की तरफ नॉन पीक आवर्स में किराये पर मिलने वाली 10 फीसदी की छूट मिलती रहेगी।

# लड़की बहन योजना को हाईकोर्ट ने बताया फायदेमंद, कहा- नहीं करती भेदभाव



**मुंबई, एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार की 'लड़की बहन योजना' (लाड़ली बहन योजना) महिलाओं के लिए एक लाभकारी योजना है और इसे भेदभावपूर्ण नहीं कहा जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट नवीद अब्दुल सईद मुल्ला द्वारा दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें इस योजना को रद्द करने की मांग की गई थी।

पीठ ने कहा कि सरकार को किस प्रकार की योजना बनानी है, यह 'न्यायिक समीक्षा' के दायरे से बाहर का मामला है। अदालत ने कहा, 'यह एक नीतिगत निर्णय है, इसलिए हम तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकते जब तक कि किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन न हो।' पीठ ने जनहित याचिका को खारिज कर दिया, लेकिन कहा कि वह याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगा रही है।

'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना' के तहत 21 से 65 वर्ष आयु की उन पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपये हस्तांतरित किए जाने की योजना है, जिनके परिवार की आय 2.5 लाख रुपये से कम है। इस योजना की घोषणा राज्य के बजट में की गई थी। जनहित याचिका में दावा किया गया है कि यह योजना राजनीति से प्रेरित है और वास्तव में यह सरकार द्वारा 'मतदाताओं को रिश्वत' देने के लिए शुरू की गई तोहफा योजना है।

याचिकाकर्ता के वकील ओवैस पेचकर ने दलील दी कि करदाताओं के धन का इस्तेमाल ऐसी योजनाओं के लिए नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, उच्च न्यायालय की पीठ ने सवाल उठाया कि क्या अदालत सरकार के लिए योजनाओं की प्राथमिकताएं तय कर सकती है? पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को मुफ्त और सामाजिक कल्याण योजना के बीच अंतर करना होगा।

मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा, 'क्या हम (अदालत) सरकार की प्राथमिकताएं तय कर सकते हैं? हमें राजनीतिक पचड़े में न डालें...हालांकि यह हमारे लिए लुभावना हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'सरकार का हर फैसला राजनीतिक होता है।' पीठ ने कहा कि एक अदालत के तौर पर वह सरकार से एक या अन्य योजना शुरू करने के लिए नहीं कह सकती।

पेचकर ने दावा किया कि यह योजना महिलाओं के बीच भेदभाव करती है क्योंकि केवल वे ही इसका लाभ उठा सकती हैं जिनकी वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है। इस पर उच्च न्यायालय ने सवाल किया कि 2.5 लाख रुपये प्रति वर्ष कमाने वाली महिला की तुलना 10 लाख रुपये प्रति वर्ष कमाने वाली महिला से कैसे की जा सकती है।

उच्च न्यायालय ने कहा, 'यह कुछ महिलाओं के लिए लाभकारी योजना है। यह भेदभाव कैसे है? कोई महिला 10 लाख रुपये कमाती है और कोई दूसरी महिला 2.5 लाख रुपये कमाती है...क्या वे एक ही वर्ग या समूह में आती हैं? समानता की मांग समान लोगों के बीच की जानी चाहिए। कोई भेदभाव नहीं है।' पीठ ने कहा कुछ महिलाएं जो दूसरों से कम कमाती हैं, वे एक ही समूह में नहीं आती हैं, इसलिए 'इस तरह का भेदभाव जायज है।' अदालत ने कहा कि यह योजना बजटीय प्रक्रिया के बाद शुरू की गई थी। मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने सवाल किया, 'योजना के लिए धन का आवंटन बजट में किया गया है। बजट बनाना एक विधायी प्रक्रिया है। क्या न्यायालय इसमें हस्तक्षेप कर सकता है?' पीठ ने कहा कि भले ही वह व्यक्तिगत रूप से याचिकाकर्ता से सहमत हो, लेकिन वह कानूनी रूप से हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

### भरतपुर में लालच देकर कर रहे थे धर्म परिवर्तन, पुलिस ने मारे छापे; दो गिरफ्तार

**भरतपुर, एजेंसी।** राजस्थान के भरतपुर में एक बार फिर धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। शहर की कंजौली लाइन क्षेत्र में बाबा लक्ष्मणदास कॉलोनी के एक मकान में कुछ लोग दलित और निम्न वर्ग के लोगों का पैसों का प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन का प्रयास कर रहे थे। मौके पर मकान में करीब 100 से अधिक लोग मौजूद थे, जिनमें महिला एवं बच्चे भी शामिल थे। कुछ लोग यहां दलित वर्ग के महिला-पुरुषों को ईसाई धर्म की महत्ता बताते हुए अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। साथ ही गरीब तबके के लोगों को ईसाई धर्म अपनाने पर हर महीने 5 से 10 हजार रुपये महीने की मदद दिलाए जाने का प्रलोभन भी दे रहे थे। सेवर एसएचओ अनिल जसोरिया ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे इस मामले की सूचना मिली थी कि बाबा लक्ष्मणदास कॉलोनी के एक मकान में कुछ लोग धर्म परिवर्तन की गतिविधि चला रहे हैं। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने वहां एकत्रित हुए आमजन को अपने-अपने घर भेज दिया। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। स्थानीय लोगों ने सूचना मिलते ही इसका विरोध किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना को लेकर महाराजा सूरजमल यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश कसौदा ने थाना सेवर पुलिस में मामला दर्ज कराया है। दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि बाबा लक्ष्मणदास कॉलोनी के एक मकान में बीते एक साल से हर रविवार को धर्म परिवर्तन जैसी गतिविधि को कुछ लोगों द्वारा अंजाम दिया जाता है। प्रार्थना के नाम पर आयोजक गरीब व निम्न वर्ग के लोगों को पैसों का प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। नरेश कसौदा का आरोप है कि ईसाई धर्म अपनाने के लिए लोगों को तमाम तरह के प्रलोभन दिए जा रहे थे। मासिक रुपयों के साथ ही उन्हें बीमारियों से छुटकारा दिलाने, बच्चों की निःशुल्क पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराने आदि का लालच भी दिया जा रहा था। लोगों को प्रार्थना करने के नाम पर वहां बुलाकर एकत्रित किया गया था और उन्हें अपने धर्म से संबंधित प्रचार सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही थी।

## आरोप साबित करो, राजनीति छोड़ दूंगा; शिवकुमार ने केंद्रीय मंत्री को दे दी चुनौती



**बंग्लूरू, एजेंसी।** जनता दल (सेक्युलर) नेता एवं केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी और कर्नाटक् के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के बीच भ्रष्टाचार और कथित रूप से अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को लेकर तीखी नोकझोंक से राज्य की राजनीति में गर्म हो गई है। बिदादी में भारतीय जनता पार्टी-जद(एस) पदयात्रा कार्यक्रम में श्री कुमारस्वामी ने श्री शिवकुमार पर दलितों से 68 एकड़ जमीन अवैध रूप से हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री ने जमीन हासिल करने के लिए वैध हाउसिंग सोसायटी को फर्जी सोसायटी में बदल दिया। केथागनहल्ली में जमीन खरीदने वाले जद(एस) नेता ने किसी भी धोखाधड़ी से साफ इनकार किया और श्री शिवकुमार को सबूत पेश करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा, अगर कोई यह साबित कर दे कि मैंने अवैध रूप से जमीन खरीदी है, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। उन्होंने जोर दिया कि उनके पास शिवकुमार के खिलाफ आपत्तिजनक दस्तावेज भी हैं। इस बीच चन्नापटना में कांग्रेस जनांदोलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शिवकुमार ने श्री कुमारस्वामी की संपत्ति पर सवाल उठाए।

जद(एस) नेता के खेती करके संपत्ति अर्जित करने संबंधी दावे का मखौल उड़ाते हुए उन्होंने सवाल किया , क्या उन्होंने सिर्फ़ आलू और प्याज़ उगाकर हज़ारों करोड़ कमाए हैं। श्री शिवकुमार ने श्री कुमारस्वामी पर ब्लैकमेल करने और 'हिट-एंड-रन रणनीति' अपनाने का आरोप लगाया है।

## शिमला के सुन्नी डैम के पास मिलीं दो और लाशें, पांच दिनों से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**शिमला, एजेंसी।** शिमला जिला के रामपुर क्षेत्र के समेज में बादल फटने के बाद लापता लोगों की पांचवें दिन भी तलाश जारी है। बचाव दलों ने सोमवार को सुन्नी डैम के समीप डोगरी से दो शव बरामद किए हैं। दोनों शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिले और इनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। इसमें एक शव करीब 14 वर्षीय लड़की और दूसरा शव पुरुष का है।

शिमला के अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लड़की का शव सही हालत में है। वहीं पुरुष का शव क्षत विक्षत है और दोनों की पहचान नहीं हो पा रही है। कुल्लू प्रशासन को भी इसके बारे में सूचना दे दी गई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी सुन्नी के लिए भेज दिया गया है।

इससे पहले बचाव दलों ने रविवार को रामपुर में सतलुज नदी किनारे दो पुरूषों के शव बरामद किए थे। दोनों शव घटनास्थल से 14 किलोमीटर दूर नोगली के पास डकोलढ में मिले। दोनों अज्ञात शव भी क्षत-विक्षत अवस्था में हैं। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप के अनुसार बाढ़ प्रभावित समेज के आसपास के 85 किलोमीटर तक के क्षेत्र में तेज गति सर्च आपरेशन जारी है और इसके लिए आठ एलएनटी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीते 31 जुलाई की मध्यरात्रि बादल फटने के कारण आई बाढ़ से समेज गांव में भारी तबाही हुई है। हादसे में कई घर, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र भी बह गया था। हादसे के बाद 36 लोग लापता हो गए। बचाव टीमें पिछले पांच दिन से लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू न प्रभावित परिवार को 50 हजार रुपए की राहत राशि और किराए पर मकान के लिए पांच हजार रुपए देने की घोषणा की है।

### मंडी में बढ़ा ब्यास नदी का जलस्तर

राज्य में हो रही वर्षा से नदी-नाले उफान पर हैं। ब्यास नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने के कारण लारजी पावर हाउस की मशीनें बंद कर दी हैं। डैम प्रबंधन द्वारा लारजी डैम से लगभग 100 क्यूमेक्स अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ने पर बाद में भी अतिरिक्त पानी नदी में छोड़ा जा सकता है। एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि पानी छोड़ने से ब्यास नदी के निचले इलाकों में जलस्तर में बढौतरी हो जाएगी। उन्होंने ब्यास नदी के निचले क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जान-माल की सुरक्षा के लिए नदी के किनारे न जाने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि लोगों को लोगों ब्यास नदी के किनारे न जाने की चेतावनी देने के लिए हूटर बजाए जा रहे हैं और पब्लिक एडैस सिस्टम (ध्वनि प्रसार यंत्रों) के जरिये जगह-जगह अनाउसमैंट की जा रही है।

## धौलपुर में छात्रा को बस में नहीं बिठाने पर उपजा विवाद, स्कूल में चले लाठी डंडे



**धौलपुर , एजेंसी।** राजस्थान के धौलपुर के बसेड़ी थाना इलाके में बयाना रोड स्थित एक निजी स्कूल में मारपीट का मामला सामने आया है। करीब एक दर्जन लोगों ने निजी स्कूल में पहुंचकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। स्कूल के स्टाफ के साथ लाठी डंडों से मारपीट की गई है। मारपीट का वीडियो जिले भर में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है. स्कूल प्रबंधन एवं आरोपियों में झगड़े की वजह छात्रा को बस में नहीं बिठाने की मानी जा रही है।

स्कूल प्रबंधक विवेक मित्तल द्वारा दर्ज कराए गए मामले में बताया गया है कि शनिवार को दो लोग उसके स्कूल में घुस आए, जहां उन्होंने टीचर के साथ अभद्रता की जिसका विरोध करने पर दोनों आरोपी स्कूल बंद करने की धमकी देते हुए वापस लौट गए थोड़ी देर बाद ही 10-12 लोगों के साथ पहुंचे दोनों आरोपियों ने स्कूल में घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद ऑफिस में घुसकर स्कूल का रिकॉर्ड फाड़ दिया। स्कूल स्टाफ रिन्कपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, विशाल, वकील सिंह के साथ लाठी डंडों से मारपीट की गईष जिससे रिन्कपाल के चेहरे व पीठ पर चोट आ गई।

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने स्टाफ रिन्कपाल के कान से सोने की बाली को खींच लिया। जिसके बाद सभी आरोपी स्कूल को बंद करने की धमकी देकर भाग निकले। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। एएसआई फतेह सिंह ने बताया स्कूल प्रबंधन ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खटमल, तरबूज...निजी हमले करने से भी नहीं कतरा रहे उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फडणवीस





**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, विरोधी दलों में आपसी तकरार भी तेज हो रही है। वहीं शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच जुबानी जंग भी तीखी होती जा रही है। दोनों ही एक दूसरे पर निजी टिप्पणी करने से भी चूक नहीं रहे हैं। शनिवार को मुंबई और पुणे की जनसभाओं में उद्धव ठाकरे ने फडणवीस को खटमल और तरबूज तक कह दिया। उन्होंने कहा कि अब उनसे छुटकारा पाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सड़क के गड्ढों में उन्हें फेंक देना चाहिए।

वहीं नागपुर में फडणवीस ने कहा कि उद्धव ने अपना दिमागी संतुलन को दिया है। उन्होंने कहा, उद्धव जी फ्रस्ट्रेट हो गए हैं। जिस तरह के शब्दों का वह इस्तेमाल कर रहे हैं उससे उनके दिमागी हालत का अंदाजा लगता है। उनके शब्दों से औरंगजेब फैनक्लब के नेता के रूप में उनकी पहचान और मजबूत हो रही है। हाल ही में पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) चीफ शरद पवार ने आरोप लगाए थे कि उन्हें बीजेपी की तरफ से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे को झूठे केसों में फंसाने का ऑफर दिया जा रहा है।

इसके बाद उद्धव ठाकर ने यहां तक कह दिया कि या तो तुम (फडणवीस) राजनीति में रहोगे या फिर मैं रहूंगा। उद्धव ठाकरे के ही एक करीबी ने दावा किया है कि अगर उनके परिवार पर बात आती है तो वह अपने विरोधियों पर हमला करने में चूकते नहीं हैं। उनका मानना है बीजेपी उनकी राजनीति खत्म करना चाहती है। वहीं महाराष्ट्र में इस तरह की तीखी बयानबाजी कोई असामान्य नहीं है। एक समय था जब दोनों नेता एक दूसरे को समर्थन देकर सरकार बना रहे थे। 2014 से 2019 के बीच दोनों ही नेताओं में घनिष्ट संबंध थे। शिवसेना ने फडणवीस की सरकार में पूरा विश्वास जताया था। फडणवीस भी उद्धव ठाकरे को मीठा बोलने वाले सहयोगियों में गिनते थे। वहीं 2017 में मुंबई सिविक पोल में 82 सीटें जीतने के बाद भी सिविक बॉडी पर उद्धव को पूरा नियंत्रण दे दिया। मेयर की पोस्ट भी शिवसेना को दे दी।

# जोधपुर में बारिश के बाद रेलवे ट्रैक पर भरा पानी, रद्द की गई कई ट्रेनें



**जोधपुर, एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर-पाली क्षेत्र में रविवार रात से चल रहे बारिश के दौर के चलते कई जगहों पर पटरियों पर पानी भरने से रेल यातायात प्रभावित हुआ है। जोधपुर मंडल से रवाना होने वाली व गुजरने वाली कई रेल सेवाओं को रद्द करना पड़ा है। कई सेवाओं के मार्ग भी बदले गए हैं। पाली-मारवाड़ के रास्ते केरला के पास यार्ड में पानी भरने से जोधपुर से चलने वाली गाड़ियां रद्द की गई है। जोधपुर से अजमेर होते हुए इंदौर के लिए रवाना हुई सवारी गाड़ी को लंबे समय तक सालावास खड़ा रखने के बाद वापस जोधपुर लाकर रद्द कर दिया गया।

सोमवार को जोधपुर से चलने वाली जोधपुर साबरमती, साबरमती जोधपुर को रदृ किया गया हैं। इसी तरह से जम्मू तवी से गांधीनगर जाने वाली ट्रेन सोमवार को दो घंटे से ज्यादा खड़ी रहने के बाद रवाना किया गया। इसके चलते यात्री परेशान हुए। जबकि जोधपुर से बिलाड़ा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन के ट्रैक पर पानी भर गया तो इसे भी रद्द किया गया। डीआरएम पंकज कुमार सिंह के मुताबिक लिंक रैक मिलने में देरी होने से गाड़ी संख्या 04843, जोधपुर-बाड़मेर एक्सप्रेस रेलसेवा भी आज रद्द रहेगी।

**रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से:** गाड़ी संख्या 14821, जोधपुर-साबरमती दिनांक 05.08.24 को रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 12462, साबरमती-जोधपुर दिनांक 05.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04879, बाडमेर-मुनाबाव स्पेशल रेलसेवा दिनांक 05.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04880, मुनाबाव- बाडमेर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04881, बाडमेर-मुनाबाव स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04882, मुनाबाव- बाडमेर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04844, बाडमेर-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी।

**आंशिक रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) :** गाड़ी संख्या 12461, जोधपुर-साबरमती रेलसेवा जो दिनांक 05.08.24 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा केरला तक संचालित होगी यानी यह केरला-साबरमती स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14801, जोधपुर-इंदौर रेलसेवा जो दिनांक 05.08.24 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा सालावास तक संचालित होगी यानी यह रेलसेवा सालावास -इंदौर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22663, चेन्नई -जोधपुर रेलसेवा जो दिनांक 03.08.24 को चेन्नई से प्रस्थान करेगी, वह बोमादडा तक संचालित होगी यानी यह रेलसेवा बोमादडा-जोधपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

**मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) :** गाड़ी संख्या 15013, जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा दिनांक 05.08.24 को जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15014, काठगोदाम- जैसलमेर रेलसेवा दिनांक 04.08.24 को काठगोदाम से प्रस्थान की है।वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 07053, काचीगुड़ा-लालगढ़ रेलसेवा दिनांक 03.08.24 को काचीगुड़ा से प्रस्थान की है, वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग मारवाड़ जं.-अजमेर-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19224, जम्मूतवी-गांधीनगर कैपिटल रेलसेवा दिनांक 04.08.24 को जम्मूतवी से प्रस्थान की है वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग लूनी-समदडी -भीलडी-पाटन-अहमदाबाद होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 16312, कोचुवेली-श्रीगंगानगर रेलसेवा दिनांक 04.08.24 को काचुवेली से प्रस्थान की है वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग मारवाड़ जं-अजमेर-फुलेरा-मेडता रोड होकर संचालित होगी।

पेरिस ओलंपिक

## ग्रेट ब्रिटेन पर भारत की जीत के बाद दिलीप तिर्की ने कहा, श्रीजेश पर था पूरा भरोसा



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को एक रोमांचक मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने इस जीत के बाद गोलकीपर पीआर श्रीजेश की खूब तारीफ की। इस मैच में तीन क्वार्टर तक एक खिलाड़ी कम खेलने के बावजूद, भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए मैच को शूटआउट तक पहुंचाया। जहां गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने दो शॉट्स बचाकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। यह 1972 के बाद पहली बार है जब भारत लगातार दो ओलंपिक में सेमीफाइनल में पहुंचा है। मैच के 17वें मिनट में अमित रोहिदास को डेंजरस स्टिक टैकल के लिए रेड कार्ड मिला, जिसके बाद भारत को बाकी मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

तिर्की ने मैच के बाद बात करते हुए कहा, अमित रोहिदास को रेड कार्ड मिलने के बाद हम दबाव में थे, यह नहीं होना चाहिए था, क्योंकि उन्होंने जानबूझकर ऐसा नहीं किया। हमने मैच में अच्छा डिफेंड किया और मैच बचा लिया। हमें श्रीजेश पर पूरा भरोसा था कि वह शूटआउट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारतीय हॉकी के दिग्गज ने आगे कहा कि टीम का लक्ष्य अब स्वर्ण पदक जीतना है और सेमीफाइनल में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ने कहा, टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है और यह एक महत्वपूर्ण मैच होगा। हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना है। भारत का अगला मुकाबला 6 अगस्त को अर्जेंटीना और जर्मनी के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।

## माहेश्वरी, रायज़ा महिलाओं के स्कीट क्वालीफिकेशन में 14वें और 23वें स्थान पर रहीं

**चेटोरौक्स, एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज माहेश्वरी चौहान और रायजा ढिल्लों क्रमशः 14वें और 23वें स्थान पर रहीं और महिलाओं के स्कीट फाइनल के लिए कट-ऑफ से पीछे रह गईं, जिससे रविवार को पेरिस ओलंपिक में क्वालीफिकेशन स्पर्धा में उनका अभियान समाप्त हो गया। मौजूदा एशियाई



चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता माहेश्वरी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे दौर के अंत तक मजबूत दावेदारी में थीं। उनके निरंतर प्रदर्शन ने उन्हें फाइनल के लिए कट-ऑफ अंक तक पहुंचा दिया। फिर भी, आखिरी दौर का दबाव चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। तीन महत्वपूर्ण चूकों के परिणामस्वरूप स्कोर 22/25 हो गया, जिससे उसका कुल स्कोर 118/125 रहा। इससे वह फाइनल में पहुंचने वाले शीर्ष छह निशानेबाजों के बाहर 14वें स्थान पर आ गईं। दूसरी ओर, रायज़ा की पहले दिन की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही। हालाँकि, उसने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया और बाद के राउंड में दृढ़ प्रयास के साथ शुरुआती कमी को पूरा किया। उसके सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, अंतर पूरी तरह से दूर करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ। उसने क्वालीफिकेशन स्पर्धा को 113/125 के स्कोर के साथ 23वें स्थान पर समाप्त किया, और शीर्ष 20 से पीछे रह गई।

# चाहे कुछ भी हो जाए मैं नहीं बदलूंगा

### रोहित शर्मा का इरादा साफ, श्रीलंका से हार के बाद दिया बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हम तो भई जैसे हैं, वैसे रहेंगे ये लाइन वैसे तो हिंदी फिल्म 'वीर-जारा' के गाने की है. लेकिन, फिलहाल. रोहित शर्मा पर फिट बैठती दिख रही है. खासकर उनके उस बयान के बाद तो बिल्कुल सटीक , जो उन्होंने दूसरे वनडे में श्रीलंका से हारने के बाद दी है.

अब सवाल है कि टीम इंडिया के वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने श्रीलंका से दूसरे वनडे में मिली हार के बाद क्या कहा? रोहित के मुताबिक टीम इंडिया की हार हो या जीत हो, उनके इरादे नहीं बदलने वाले. कोलंबो में पहला वनडे टाई होने के बाद 4 अगस्त को भारत और श्रीलंका दूसरे वनडे में आमने-सामने हुए थे.

इस मैच में पहले खेलते हुए श्रीलंका ने भारत के सामने 241 रन का लक्ष्य रखा था. लेकिन, श्रीलंका की स्पिन के आगे भारत की मजबूत बैटिंग लाइन-अप ताश के पत्तों की तरह ढह गई. ऐसा तब हुए जब सिर्फ 13.2 ओवर में ही उसने बिना विकेट खोए 97 रन बना लिए थे. मतलब जो स्टार्ट टीम को चाहिए था, वो उसे मिल चुकी थी. बावजूद इसके श्रीलंका ने भारत को 32 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की लीड ले ली.

### रोहित की ताबड़तोड़ पारी, फिर भी टीम हारी

रोहित शर्मा के 64 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलने के बाद भारत को दूसरे वनडे में हार का सामना करना पड़ा. इससे पहले रोहित ने पहले वनडे में भी अर्धशतक जमाया था और वो मुकाबला टाई हुआ था. टीम इंडिया के तरफ से पहले दो वनडे में सिर्फ रोहित शर्मा के बल्ले का तेवर ही सही मिजाज में दिखा. उन्होंने पिछले दोनों मैचों में भारत को वो शुरुआत दिलाई, जिसकी उसे जरूरत थी. बावजूद इसके टीम जीत नहीं पाई.

### बैटिंग में अप्रोच बदलने का कोई इरादा नहीं- रोहित

ऐसे में जब रोहित शर्मा से दूसरे वनडे में मिली हार के बाद पूछा गया कि क्या उन्हें अपने तेवर खासकर पावरप्ले में बदलने की जरूरत है? इस सवाल का जवाब रोहित की तरफ से ना में रहा. उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी को लेकर अपना अप्रोच बदलने को उनका कोई प्लान नहीं है.

रोहित ने कहा कि मैं अपने इरादे को लेकर कोई समझौता नहीं करूंगा. जिस तरह से मैं खेल रहा हूं. गेंद को हिट कर रहा हूं. वो टीम के लिए फायदेमंद है. इसलिए मैं पावरप्ले को भुनाने की ज्यादा से ज्यादा कोशिश करूंगा ताकि टीम के स्कोर बोर्ड पर ज्यादा से ज्यादा रन लगा सकूं.




## अश्विन की हैट्रिक, टीएनपीएल में टीम को दिलाई पहली खिताबी जीत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कहते हैं कप्तान वो होता है जो फ्रंट से लीड करे. टीएनपीएल में अश्विन ने बिल्कुल वैसा ही काम डिंडिगुल ड्रैगन्स के लिए किया है. 4 अगस्त को खेले फाइनल मुकाबले में इसने लाइका कोवई किंग्स को हराकर टीएनपीएल का खिताब पहली बार जीता.

डिंडिगुल को टीएनपीएल का नया चैंपियन बनाने में वैसे तो पूरा टीम एफर्ट दिखा, लेकिन जो बात कप्तान अश्विन में दिखी वो किसी और में नहीं. अश्विन ने फाइनल में फिफ्टी जड़ते हुए टूर्नामेंट के नॉकआउट स्टेज पर अर्धशतकों की हैट्रिक लगाई. तो गेंद से ज्यादा विकेट ना चटकाते हुए विरोधियों को ऐसे रुलाया कि वो जीत को तरस गए. अब ऐसे कप्तान की टीम को तो जीतना ही था.

**फाइनल में अश्विन की गेंदों पर रन बनाना हो गया मुश्किल**

टीएनपीएल के फाइनल में डिंडिगुल ड्रैगन्स ने कोवई किंग्स को 6 विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए कोवई किंग्स ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 129 रन बनाए. डिंडिगुल ड्रैगन्स की ओर से कसी गेंदबाजी देखने को मिली. संदीप वॉरियर ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए. तो वहीं वरूण चक्रवर्ती का भी गेंदबाजी फीगर ऐसा ही रहा. उन्होंने भी 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए.

अश्विन ने फाइनल में गेंद से विकेट भले ही नहीं लिया. लेकिन, अपनी गेंदों पर कोवई किंग्स के बल्लेबाजों को रनों के लिए तरसा दिया. उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 13 रन दिए. अश्विन ने 12 गेंदें डॉट फेंकी.

**अश्विन ने फाइनल में जड़ा अर्धशतक**

अश्विन डिंडिगुल ड्रैगन्स के सबसे किफायती गेंदबाज तो बन गए थे. पर अभी काम पूरा नहीं हुआ था. क्योंकि, कोवई किंग्स से मिले 130 रन का लक्ष्य हासिल करना अभी बाकी था. सिर्फ 23 रन पर अपने दोनों ओपनर के डग आउट लौटने के बाद अश्विन ने ये काम भी बखूबी किया.

# पदक जीतने तक संन्यास नहीं लूंगी

**पेरिस, एजेंसी।** भारत की सबसे अनुभवी तीरंदाजों में से एक दीपिका कुमारी पेरिस में अपने लगातार चौथे ओलंपिक में खेलने उतरीं। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद उन्होंने खेल में वापसी की। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अप्रैल में शंघाई विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था।

भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी ने पेरिस ओलंपिक में प्रभावित नहीं कर पाने के बाद बड़ा बयान दिया है। लगातार चार ओलंपिक में विफल रहीं दीपिका ने कहा कि वह जब तक ओलंपिक में पदक नहीं जीत लेतीं, तब तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी। कई बार की विश्व कप विजेता अनुभवी तीरंदाज दीपिका का मानना है कि वह 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहेंगी।



### लगातार चौथे ओलंपिक में उतरी थीं दीपिका

भारत की सबसे अनुभवी तीरंदाजों में से एक दीपिका कुमारी पेरिस में अपने लगातार चौथे ओलंपिक में खेलने उतरीं। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद उन्होंने खेल में वापसी की। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अप्रैल में शंघाई विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में वह प्रभावित नहीं कर सकीं।

दीपिका को महिला व्यक्तिगत वर्ग में दावेदार माना जा रहा था और उन्होंने अच्छी शुरुआत करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन अंतिम आठ मुकाबले में बढ़त लेने के बावजूद दीपिका को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, दीपिका, भजन कौर और अंकिता भकत की महिला जोड़ी भी प्रभावित नहीं कर सकी थी।

### भविष्य में खेल जारी रखूंगी

दीपिका ने कहा, निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेल नहीं छोड़ूंगी।

मैं कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी। मैं और मजबूती से पेश करूंगी। इसमें कई चीजे हैं जैसे तेजी से निशाना लगाना, मुझे इसके बारे में थोड़ा और जानने की जरूरत है और इसके अनुसार खुद को तैयार करना सबसे महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, मैंने ओलंपिक से यही सीखा है कि देर से निशाना लगाना कारगर नहीं होता, आपके पास बड़ी गलतियों की गुंजाइश नहीं होती। आपको इस पर नियंत्रण रखना होता है। मैं यहां से यह सीख लूंगी।

# पेरिस ओलंपिक में अब तक भारत ने बनाए 5 बड़े रिकॉर्ड

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में भारत अब तक 3 कांस्य पदक जीत चुका है। यह तीनों पदक निशानेबाजी में आए हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक में मिला-जुला प्रदर्शन किया है। उन रिकॉर्ड पर एक नजर डालते हैं, जो भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक में बनाए हैं।

भारत के लिए मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक हासिल करके इतिहास रचा था। इससे पहले भारत की किसी महिला निशानेबाज ने ओलंपिक शूटिंग में कोई पदक नहीं जीता था। मनु भाकर ने तीसरे नंबर पर आकर न केवल मेडल जीता, बल्कि पेरिस ओलंपिक में भारत का मेडल टैली में खाता भी खोला था। मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट



में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही मनु भाकर भारत की ऐसी पहली खिलाड़ी बन गईं, जिन्होंने एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीते।

मनु भाकर बाद में 25 मीटर एयर पिस्टल महिला इवेंट के फाइनल में नंबर चार पर रहीं। वह एक ही ओलंपिक में तीन शूटिंग फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय निशानेबाज बनीं। शूटिंग में भारत की उपलब्धियों में स्वप्निल कुसाले ने एक और पदक जोड़ा।

स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में कांस्य पदक जीता। स्वप्निल कुसाले 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में ओलंपिक मेडल लाने वाले पहले भारतीय निशानेबाज बने। घुड़सवारी में पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र राइडर अनुश अग्रवाल ने इतिहास रचा। वह ओलंपिक में ड्रेसेज में हिस्सा लेने वाले पहले भारतीय बने। अनुश अग्रवाल अपने घोड़े सर कारमेलो ओल्ड के साथ ड्रेसेज ग्रांड प्रिक्स इंडिविजुअल क्वालीफायर राउंड में नौवें स्थान पर रहे।

## पाक हॉकी दिग्गज की भारतीय टीम को सलाह विजेता की तरह खेलो और स्वर्ण तुम्हारा है

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के प्रदर्शन से प्रभावित पाकिस्तान के महान सेंटर फॉरवर्ड हसन सरदार ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम को एक ही सलाह दी है, 'विजेता की तरह खेलो और तुम्हें स्वर्ण जीतने से कोई नहीं रोक सकता।



लॉस एंजिलिस ओलंपिक 1984 में पाकिस्तान को स्वर्ण पदक दिलाने में सूत्रधार रहे सरदार ने कहा, 'जब हॉकी या क्रिकेट में पाकिस्तान नहीं खेल रहा होता है तो मैं हमेशा भारत का समर्थन करता हूं।

यह भारत की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से है जिसमें काफी सुधार आया है और जो यूरोपीय टीमों को कड़ी टक्कर दे रही है। उन्होंने कहा, 'इस टीम के पास 1980 के बाद ओलंपिक हॉकी में पहला स्वर्ण जीतने का सुनहरा मौका है और मुझे लगता है कि वे जीतेंगे।

टेनिस

## जोकोविच के नाम ओलंपिक गोल्ड के साथ गोल्डन स्लैम भी, ऐसा करने वाले केवल पांचवें खिलाड़ी

**पेरिस, एजेंसी।** जोकोविच ने इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। नोवाक जोकोविच 37 वर्ष की उम्र में 1988 के बाद से ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में सबसे उम्रदराज स्वर्ण पदक विजेता बने। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष एकल स्पर्धा में कार्लोस अल्कारेज



को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने स्पेन के खिलाड़ी को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराकर अपने ओलंपिक करियर में पहली बार स्वर्ण जीता। इसी के साथ वह गोल्डन स्लैम पूरा करने वाले टेनिस के इतिहास में पांचवें खिलाड़ी बन गए।

### क्या होता है गोल्डन स्लैम?

जब कोई खिलाड़ी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के साथ चार ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं (ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन) में भी जीतता है तब उसे गोल्डन स्लैम माना जाता है। जोकोविच के नाम भी गोल्डन स्लैम दर्ज हो गया। स्टेफी ग्राफ एक ही वर्ष (1988) में यह उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं।

### जीत के बाद भावुक हुए जोकोविच

जोकोविच ने इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। नोवाक जोकोविच 37 वर्ष की उम्र में 1988 के बाद से ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में सबसे उम्रदराज स्वर्ण पदक विजेता बने। अल्कारेज के खिलाफ जीत के बाद जोकोविच कोर्ट पर ही गिर पड़े और उनकी आंखें नम हो गईं। मुकाबले के बाद वह अपने परिवार से मिले।

### गोल्डन स्लैम जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी

| खिलाड़ी का नाम | देश | वर्ष |
|---|---|---|
| स्टेफी ग्राफ | जर्मनी | 1988 |
| आंद्रे अगासी | अमेरिका | 1999 |
| राफेल नडाल | स्पेन | 2010 |
| सेरेना विलियम्स | अमेरिका | 2012 |
| नोवाक जोकोविच | सर्बिया | 2024 |



# भारतीय खाने के दीवाने हुए डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जॉन सीना

### जल्द भारत वापस आने की जताई इच्छा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट (डब्ल्यूडब्ल्यूई) के 16 बार के चैंपियन जॉन सीना पिछले महीने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के लिए मुंबई आए थे। इस दौरान उन्होंने भारतीय परंपरा को देखा और देसी खाने का भी लुत्फ उठाया था। जॉन सीना अभी भी उस स्वाद को नहीं भूल सके हैं और उन्होंने भारतीय खाने की जमकर तारीफ की है। जॉन सीना का कहना है कि वह कम समय के लिए भारत आए थे, लेकिन अब जल्द ही यहां वापस आना चाहते हैं।

जॉन सीना ने अनंत-राधिका की शादी के दौरान चखे भारतीय भोजन की यादों को ताजा करते हुए कहा कि उन्हें मसालेदार खाना खाने पर ध्यान देने की जरूरत है।

सीना ने कहा, अंबानी की शादी में कई तरह के व्यंजन थे, लेकिन उन्होंने भारतीय खाना और स्ट्रीट फूड भी शानदार रखा था। खाना काफी अच्छा था। मैं काफी कम समय वहां रुका, लेकिन मैं जल्द ही भारत वापस जाना चाहता हूं और कुछ अन्य भारतीय खाने का आनंद लेना चाहता हूं। खाने में मसाला मेरे लिए काफी था, इसलिए जब मैं वापस जाऊंगा तो अपने स्पाइस मीटर को परखने का इंतजार नहीं कर पाऊंगा। मैं जल्द भारत आने के लिए उत्सुक हूं।

### देसी अवतार में दिखे थे जॉन सीना

जॉन सीना अनंत-राधिका की शादी में देसी अवतार में दिखे थे। उन्होंने पारंपरिक शेरवानी पहनी थी और सिर पर साफा भी लगाया था। इस दौरान जॉन सीना अपने सिग्नेचर पोज में फोटो खिंचाने से भी नहीं चूके थे। अनंत-राधिका में शादी में जॉन सीना ने काफी लाइम-लाइट लूटी थी।

### डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा की थी

जॉन सीना ने पिछले महीने अपने डब्ल्यूडब्ल्यूई करियर का अंत करने की घोषणा की थी। जॉन सीना अगले साल डब्ल्यूडब्ल्यूई को अलविदा कहेंगे। सीना ने खुलासा किया था कि वह फिलहाल मंडे नाइट रॉ में बने रहने की योजना बना रहे हैं। यह शो जनवरी 2025 में लॉन्च होने जा रहा है। सीना ने 2001 में डब्ल्यूडब्ल्यूई के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और उसके बाद लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। शुरुआत में उनकी और कर्ट एंगल की फ्यूड काफी चर्चा में रही थी। कर्ट ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

2018 में वह डब्ल्यूडब्ल्यूई से दूर हो गए और कभी कभी दिखते रहे। उन्होंने अपने अभिनय करियर को आगे बढ़ाने के लिए इससे किनारा कर लिया। वह रिकॉर्ड 16 बार के डब्ल्यूडब्ल्यूई के विश्व चैंपियन हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 जिलों में वज्रपात की चेतावनी, सावधान और सतर्क रहें

**रांची, एजेंसी।** मौसम विभाग ने झारखंड के 2 जिलों में वज्रपात की चेतावनी दी है. अभी-अभी भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र की ओर से तात्कालिक चेतावनी जारी की गई है. इसमें कहा गया है कि संताल परगना के 2 जिलों में अगले एक से तीन घंटे में गरज के साथ वज्रपात होने की आशंका है. मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि पाकुड़ और गोड्डा जिले में कुछ जगहों पर गरज के साथ वर्षा एवं वज्रपात हो सकता है. इसलिए लोग सावधान और सतर्क रहें. मौसम वैज्ञानिक ने लोगों को सलाह दी है कि वे अपने घरों से बाहर न निकलें. अगर आप घर से बाहर हैं और मौसम खराब हो जाए, तो कुछ सावधानी जरूर बरतें. मौसम खराब होने की स्थिति में किसी पक्के छत के नीचे चले जाएं. पेड़ या बिजली के खंभे से दूरी बनाकर रखें. किसी भी सूरत में बिजली के खंभे या पेड़ के नीचे शरण न लें. इन जगहों पर आसमानी बिजली गिरने का खतरा सबसे अधिक होता है. इसलिए पक्के छत के नीचे ही शरण लें. आप सुरक्षित रहेंगे.किसानों को भी सलाह दी जा रही है कि वे खेतों में न जाएं. मौसम के सामान्य होने की प्रतीक्षा करें. झारखंड में पिछले दिनों साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से भारी से अत्यधिक भारी वर्षा हुई.

### ग्रामीणों के विरोध के बीच सुदामडीह फायर पैच का भूमि पूजन

**जोड़ापोखर, एजेंसी।** ग्रामीणों के विरोध के बीच रविवार को बीसीसीएल सुदामडीह एएसपी कोलियरी के इस्ट वार्ड एक्सटेंशन ऑफ फायर पैच का भूमि पूजन किया गया. आउटसोर्सिंग कंपनी के भूमि पूजन के दौरान पूर्व मेयर इंदू सिंह, उनकी पुत्र वधू आसनी सिंह, गुरुपाल सिंह आदि मौजूद थे. भूमि पूजन के दौरान न्यू सवारडीह व थाना बस्ती के ग्रामीण पहुंचे और आउटसोर्सिंग कंपनी पर सूचना नहीं देने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने कहा कि जब तक वार्ता नहीं हो जाती है, तबतक आउटसोर्सिंग का काम शुरू नहीं होने दिया जायेगा. सूचना पाकर सुदामडीह थानेदार सूरज कुमार रजक पहुंचे और बीसीसीएल के अधिकारियों व ग्रामीणों से बात की.इस दौरान कहा गया कि सोमवार की शाम चार बजे प्रबंधन, प्रशासन व ग्रामीणों की त्रिपक्षीय वार्ता होगी. इसके बाद ग्रामीण लौट गए. थानेदार ने कहा कि प्रबंधन एवं ग्रामीणों की आपसी सहमति से ही नये पैच का काम चालू होगा. मौके पर एजीएम सुशील कुमार, पीओ अनिल कुमार, प्रबंधक डी माजी, सर्वेयर भरत वैष्णव, पीएमआर के मिश्रा, सेफ्टी अधिकारी एके झा, वाईके सिंह, नागेंद्र सिंह आदि थे.इस संबंध में एएसपी कोलियरी के पीओ अनिल कुमार ने कहा कि ग्रामीण विस्थापितों को विस्थापन के साथ ही कंपनी के नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी.

### 11 को सभी विस्थापित संगठन आयेंगे एक मंच पर

**बोकारो, एजेंसी।** सांसद ढुलू महतो की ओर से शुक्रवार को 19 विस्थापित गांवों को पंचायत में शामिल करने की मांग को सदन में उठाने और विस्थापितों के अन्य प्रमुख मांगों से इस्पात मंत्री को लिखित में अवगत कराने से प्रेरित होकर विस्थापित संगठनों ने एक होने का निर्णय लिया है. इस संबंध में शनिवार को विस्थापित संगठनों की बैठक सेक्टर 12 में हुई. अध्यक्षता करते हुए मजदूर और विस्थापित नेता साधु शरण गोप ने कहा कि अभी तक जितने भी धनबाद से सांसद बने, सांसद ढुलू महतो जैसी प्राथमिकता विस्थापितों को किसी ने नहीं दी है. उन्होंने संसद के पहले सत्र में विस्थापित मामले को सदन में उठाकर चुनावी वायदा को पूरा किया है. सांसद की पहल से विस्थापितों में हर्ष का माहौल है. उन्होंने कहा कि विस्थापित समस्या छह दशक की जटिल समस्या है. उसके शतप्रतिशत समाधान के लिए विस्थापित महिला, पुरुष, युवा युवतियों व बुद्धिजीवियों को सड़क पर उतरना होगा. श्री गोप ने कहा कि आगामी 11 अगस्त को विस्थापित संगठनों की बैठक होगी. सभी विस्थापित संगठन भंग कर एक ही संगठन की घोषणा होगी. उन्होंने प्रबंधन को चेताया कि मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक द्वारा अप्रेंटिस किए युवाओं को एक माह पूर्व में दिये लिखित आश्वासन पूरा करें, नजरंदाज किए जाने से विस्थापितों में आक्रोश है. मौके पर सहदेव साव, बैजनाथ बेसरा, हसनूल अंसारी, राज कुमार मोदक, इरफान अंसारी, हकबाबू अंसारी, राज किशोर गोप, सरोज महतो, टीडी मंडल, आमोद महतो, सुनील महतो, भुनेश्वर महतो, चाणक्य, प्रभात महतो, सुभाष दास, कुंदन गोप उपस्थित थे.

# पाकुड़ के तारानगर-इलामी-नवादा गांव में 24 घंटे पुलिस तैनात, अब तक घर नहीं लौटे 10 परिवार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पाकुड़ जिले के तारानगर गांव में 18 जुलाई को हुई हिंसा के बाद नौ परिवार आज भी अपने घरों में नहीं लौटे हैं. वहीं कई परिवार अब अपने घरों को लौट चुके हैं. हिंदू दुकानदार अपनी दुकान भी चला रहे हैं. भाजपा के गंधाईपुर मंडल के अध्यक्ष मनोरंजन सरकार बताते हैं कि 18 जुलाई को हुई हिंसा के बाद कई परिवार अपने घरों को छोड़कर दूसरे जगह चले गये थे.

उनमें से कई परिवार अब अपने घर में रहने लगे हैं. 10 परिवार आज भी अपने घरों में नहीं रह रहे हैं. उन्होंने बताया कि तारानगर गांव में कुल 35 घर हिंदुओं का हैं. बच्चे-बूढ़ों को मिलाकर करीब 300 की आबादी है. इनमें से कर्मकार के 4-5 घर और मछुवारों के 3-4 घरों के लोग बाहर रह हैं.

उन्होंने बताया कि पाकुड़ के इन गांवों में हुई हिंसा के दौरान कुछ दुकानों को तोड़ दिया था. पक्के के मकान में स्थित किराना दुकानदार दुकान खोल रहे हैं. वहीं, गुमटी और नाश्ता दुकानों को तोड़ देने के कारण दुकान नहीं खुल रहा है. वहीं, इलामी गांव के महादेव दास ने बताया कि ईलामी गांव में करीब 60-65 हिंदू परिवार रहते हैं. गांव में शांति है. सभी परिवार गांव में ही है.

उन्होंने बताया कि गांव में शांति स्थापित करने के लिए गांव में शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गयी है, जिसमें सभी लोगों को मिलजुल कर रहने की बात



हुई है. यदि कोई गलत काम करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही गयी है.

वहीं, तारानगर गांव के मुखिया अजमल शेख ने बताया कि गांव में अधिकांश हिंदू परिवार रह रहे हैं. चार-पांच परिवार ही बाहर रह रहे हैं. सभी परिवारों को गांव आने के लिए कहा जा रहा है. हिंदू परिवारों में डर नहीं रहे इसके लिए गांव के लोगों के बीच शांति समिति की बैठक की गयी.

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव के किसी भी परिवार या आदमी को कोई व्यक्ति परेशान करता है, तो उसके खिलाफ पुलिस-प्रशासन में लिखित शिकायत दर्ज करायी जायेगी. इसीलिए जो परिवार गांव नहीं आ रहे हैं, उनसे भी निवेदन है कि वे गांव आएं और रहें, उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी.

मुफ्फसिल थाना प्रभारी संजीव झा ने बताया कि तारानगर, इलामी और नवादा गांव के साथ गोपीनाथपुर गांव में 24 घंटे पुलिस तैनात रहती है. सभी गांवों में शिफ्ट में पुलिसकर्मियों को लगाया जाता है ताकि सभी समय गांव में पुलिस की मौजूदगी रहे. गांव में हिंदू परिवार रह रहे हैं. कुछ परिवार यदि नहीं रह रहे हैं तो वे आकर रहें, उन्हें सुरक्षा संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी.

एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि हिंसा के बाद तारानगर से कई परिवार गांव छोड़कर गये थे. पुलिस और प्रशासन के प्रयास के बाद गांव में शांति बहाल की गयी, जिसके बाद कई परिवार गांव लौट गये. कुछ परिवार के लोगों का नाम प्राथमिकी में दर्ज है, जिसके कारण वे गांव से बाहर हैं. वहीं, कुछ परिवार के लोग अपने रोजगार को लेकर भी बाहर रह रहे हैं. तारानगर, इलामी और नवादा गांव में पुलिस 24 घंटे मौजूद हैं. पूरे जिलेवासियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पाकुड़ पुलिस की है, किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है.

पाकुड़ दौरे पर आये राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपने ही राज्य के अपने ही जिले के अपने ही प्रखंड के अपने गांव को छोड़कर लोगों को पलायन करना पड़ रहा है. मैंने विधानसभा में यह मामला उठाया था, मैंने मुख्यमंत्री से मांग की थी अपने लोगों को सुरक्षा दी जायेगी. ऐसा वातावरण तैयार किया जाये कि वे निर्भिक हो कर रह सके. उन्हें सुरक्षा देना राज्य प्रशासन और जिला प्रशासन का है, इस दिशा में ठोस कदम उठाया जाना चाहिए.तारानगर गांव में हुई हिंसा के कारण कई परिवारों के लोगों के अब तक बाहर रहने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन मामले की जांच करवा रही है. डीसी के निर्देश पर बीडीओ ने पंचायत सचिव को तारानगर गांव भेजा है. तारानगर गांव में रह रहे हिंदू परिवारों की गिनती की जा रही है कि कितने हिंदू परिवार गांव में रह रहे हैं और कितने परिवार गांव से बाहर है. ये भी जांच की जा रही है कि वे किस कारण गांव से बाहर हैं. डीसी मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो जायेगी.

## मैथन व पंचेत डैम का जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचा

**मैथन/पंचेत, एजेंसी।** दो दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण मैथन व पंचेत डैम का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है. भारी जल जमाव के कारण तेनुघाट डैम से अधिक मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है. जिससे मैथन एवं पंचेत डैम में पानी का लगातर बढ़ रहा है. प बंगाल सरकार ने वर्दमान व हुगली जिले में हाई अलर्ट जारी किया है.बताया जाता है कि दोनों डैमों का जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है. रविवार को मैथन डैम का जलस्तर 482.14 फीट है, जो कि खतरे के निशान से 13 फीट नीचे है. पंचेत डैम का जलस्तर 419.59 फीट है. यह खतरे के निशान से सिर्फ पांच फीट नीचे है. दोनों डैमों में लगातार पानी पढ़ने की सूचना पर बंगाल सरकार ने बंगाल क्षेत्र के वर्द्धमान व हुगली जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया है. पश्चिम बंगाल सरकार लगातार डीवीसी अधिकारियों के संपर्क में है. मैथन डैम का इनफ्लो 143899 एकड़, आउट फ्लो 19505 एकड़ फीट, पंचेत डैम का इनफ्लो 217551 एकड़ फीट एवं आउट फ्लो 106939 एकड़ फीट हैं.पंचेत डैम में अत्यधिक जल जमाव हो रही है. एक दिन पहले ही डीवीसी प्रबंधन ने येलो अलर्ट जारी किया था. पश्चिम बंगाल एवं झारखंड राज्य के निचले इलाके में रहने वाले लोगों को बाढ़ से बचाव के लिए चेतावनी दी है. प्रबंधन सूत्रों के अनुसार तेनुघाट से अत्यधिक पानी छोड़े जाने के कारण प्रबंधन ने कोलकाता मुख्यालय से संपर्क कर 16 में से 14 गेट खोल दिया गया है.

## मरम्मत के महज दो सप्ताह के अंदर सड़क में पड़ी दरार

**पेटरवार/कसमार, एजेंसी।** कसमार प्रखंड अंतर्गत बरईकला पंचायत में पथ सुदृढ़ी करण के तहत पक्की पथ बनाया जा रहा है, लेकिन निर्माण के महज दो सप्ताह के अंदर ही पथ में बड़ी दरार पड़ गयी है. ग्रामीणों ने पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतने का आरोप संबंधित इंजीनियर व संवेदक पर लगाया है. ग्रामीण बताते हैं कि यह पथ का निर्माण स्टीमेट को ताक पर रख कर जैसे-तैसे किया जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि पथ सुदृढ़ी करण का सारा काम मुंशी के भरोसे किया जाता है. इंजीनियर को कार्यस्थल पर कार्य की गुणवत्ता देखने की बातें जब ग्रामीणों द्वारा कही जाती थी तो जूनियर इंजीनियर कहा करते थे कि कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ मुंशी द्वारा कराया जा रहा है. वे यह भी कहते थे कि एक ही काम नहीं है, जो उसी को देखते रहेंगे. संवेदक तो आते ही नहीं हैं. पथ के बनाये गये इस हिस्से में फरवरी माह में निर्माण कार्य किया गया था. जबकि कुछ भाग का अंतिम जुलाई माह में पक्कीकरण किया गया है. अभी भी आगे पक्कीकरण का काम बाकी है. धीरे-धीरे काम होने से ग्रामीणों को इस पथ पर आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ी. घटिया निर्माण से पक्की सड़क पर दरार आने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. जबकि इस पथ पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में दोपहिया व चार पहिया वाहन सहित ग्रामीण पैदल आवागमन करते हैं. आसपास के दर्जनों गांवों के लोग मुख्य बाजार पेटरवार इसी पथ से पहुंचते हैं. ज्ञात हो कि बरईखुर्द गांव के मोरटंगवा टोला से ले कर भाया दोगोटिया चौक-बरईकला होते हुए आदिवासी गांव करकट्टा कला तक का पथ सुदृढ़ीकरण एक संवेदक द्वारा कराया जा रहा है. यह पथ करकट्टा कला गांव का एक मात्र संपर्क पथ है. इस पथ के घटिया निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है. ग्रामीणों ने इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए गुणवत्ता युक्त पथ निर्माण की मांग की है.

## तीसरी सोमवारी पर देवघर में कांवरियों ने जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ क्यों की नारेबाजी?

**रांची, एजेंसी।** श्रावण मास की तीसरी सोमवारी के दिन ढाई लाख से अधिक शिवभक्त कांवर लेकर बाबाधाम पहुंचे. इस दौरान अचानक कुछ कांवरिये उग्र हो गए और उन्होंने जिला प्रशासन और झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. दूसरी ओर, सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच बाबा भोलेनाथ के भक्त जलार्पण कर रहे हैं. भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ड्रोन की मदद ली जा रही है.

डीसी और एसपी सहित पूरा प्रशासनिक महकमा मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहा है. सुबह 4ः00 बजे आम भक्तों के लिए जलार्पण शुरू हुआ. हालांकि, कांवरियों का रेला रविवार की रात से ही देवघर पहुंचने लगा था. भीड़ का अनुमान प्रशासन को पहले से ही था, इसलिए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में रहा. कंपोजिट कंट्रोल रूम से पूरे मेला क्षेत्र की मॉनिटरिंग प्रशासनिक पदाधिकारी कर रहे हैं.

किसी भी स्थिति से निबटने के लिए देवघर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं. एटीएस, एनडीआरएफ, सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के जवानों को चप्पे-चप्पे पर तैनात कर दिया गया है. कांवरियों की भीड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कांवरिया रूट लाइन में एक कतार नहीं थी. कांवरियों की 4-5 कतारें बन गई, जिसकी वजह से लाइन को व्यवस्थित करने में काफी दिक्कत



हुई.श्रावणी मेला में हर तरफ से बाबा धाम आने वाले वाहनों की संख्या बढ़ जाती है. वाहनों के ठहराव के लिए हर एंट्री प्वाइंट के पास वाहन पड़ाव बनाए गए हैं, लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा है कि वाहनों को बॉर्डर पर ही रोकना पड़ रहा है. खासकर सुल्तानगंज से देवघर आने वाले मार्ग पर दर्दमारा के पास वाहनों की भीड़ अधिक लग गई है.

कई जगह आक्रोशित कांवरियों ने सड़क जाम कर दिया. वे सड़कों पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे. आक्रोशित कांवरियों ने देवघर शहर के फव्वारा चौक के पास जाम कर दिया. प्रशासन के विरुद्ध वाहन चालकों ने मोहनपुर के पास और तीर नगर के पास प्रदर्शन किया, जिससे जाम लग गया और यातायात व्यवस्था चरमरा गई. सूचना मिलते ही एसपी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और कांवरियों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया.

## भारी बारिश के बाद कम हुआ साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मूसलाधार बारिश के बाद साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर कम हो गया है. 3 दिन तक साइक्लोन की वजह से झारखंड के अधिकतर जिलों में भारी से अत्यंत भारी वर्षा हुई. इसके बाद मानसून सीजन में बारिश की कमी का अंतर 50 फीसदी से घटकर 17 फीसदी रह गई. मौसम विभाग ने 6 और 7 अगस्त को संताल परगना समेत कई अन्य जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान जताया है.

उन्होंने बताया कि मौसम केंद्र का पूर्वानुमान है कि 6-7 अगस्त को संताल परगना के जिलों में तेज बारिश हो सकती है. अन्य जिलों में हल्की बारिश का अनुमान है. झारखंड में 3 दिनों तक साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से मूसलधार बारिश ने जनजीवन ठप कर दिया था. कई जगहों पर पुल-पुलिया बह गये. कई लोगों की मौत हो गयी. अब झारखंड में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश मसानजोर में हुई. यहां 87 मिलीमीटर बारिश हुई. डालटेनगंज में 67 मिलीमीटर, भवनाथपुर में 49 मिलीमीटर तथा राजमहल में 48 मिलीमीटर



के आसपास बारिश हुई. राज्य में अब सामान्य से मात्र 17 फीसदी ही बारिश की कमी रह गयी है.

झारखंड में अब तक मानसून के सीजन में 453 मिलीमीटर बारिश हुई है. इस दौरान करीब 549 मिमी बारिश होनी चाहिए थी. राज्य के कई जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हो गयी है. राजधानी रांची में भी एक जून से अब तक करीब 720 मिमी बारिश हो गयी है. चतरा, देवघर, पूर्वी सिंहभूम, देवघर, पाकुड़ और पश्चिमी सिंहभूम में अभी भी बारिश की कमी है. यहां सामान्य से 30 से लेकर 50 फीसदी तक कम बारिश कम हुई है.

## झारखंड का पानी बंगाल में बाढ़ ला रहा, ममता बनर्जी ने हेमंत सोरेन को मिलाया फोन, दे डाली नसीहत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में भारी बारिश के कारण नदियों और जलाशय का जलस्तर अचानक बढ़ गया है। जलाशयों पर पानी के अत्यधिक दबाव के कारण उसे खोलकर पानी भी छोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में तेनुघाट जलाशय का पानी छोड़े जाने पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इससे बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति है।



उनूहोंने अपनी भावना से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया है। दोनों मुख्यमंत्रियों की आपस में बातचीत हुई है। इस संबंध में ममता बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया है कि मैंने झारखंड के मुख्यमंत्री से बात की और उनसे बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। मैंने उनसे तेनुघाट से अचानक और भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के मामले पर चर्चा की, जिससे पहले ही बंगाल में बाढ़ आना शुरू हो गया है।

ममता बनर्जी ने उल्लेख किया कि झारखंड का पानी बंगाल में बाढ़ ला रहा है और यह मानव निर्मित है। उन्होंने अनुरोध किया कि कृपया इस बात का ध्यान रखें। वह स्वयं स्थिति पर नजर रख रहीं हैं। दक्षिण बंगाल के साथ-साथ उन्होंने उत्तरी बंगाल के सभी संबंधित जिलाधिकारियों से बात की है।

उन्होंने जिलाधिकारियों को विशेष रूप से सतर्क रहने और अगले तीन-चार दिनों में आपदा की स्थिति का उचित ध्यान रखने को कहा है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि सभी एहतियाती कदम उठाएं ताकि कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हो।

असम के सीएम और झारखंड में भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा ने ममता बनर्जी के पोस्ट पर हस्तक्षेप करते हुए कहा कि मैं दीदी का सम्मान करता हूँ, लेकिन मैं उनकी इस धारणा को स्वीकार नहीं कर सकता कि झारखंड सरकार बंगाल में आई बाढ़ के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों को लोगों की कठिनाइयां कम करने के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए। हर साल अरुणाचल और भूटान की पहाड़ियों से आने वाला पानी असम में बाढ़ का कारण बनता है। हम अरुणाचल सरकार या भूटान सरकार को दोष नहीं देते। हम समझते हैं कि पानी की कोई सीमा नहीं होती और यह स्वाभाविक रूप से नीचे की ओर बहता है।

## कांड्रा ग्रिड की क्षमता बढ़ाने को आज से शुरू होगा काम

**धनबाद, एजेंसी।** कांड्रा ग्रिड की क्षमता बढ़ाने को लेकर सोमवार से काम शुरू होगा. 50-50 एमवीए की जगह 80-80 एमवीए के दो ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए रांची से टेक्निकल टीम पहुंच चुकी है. काम पूरा होने में लगभग दो माह लगेंगे. इस दौरान धनबाद को 35 से 50 मेगावाट बिजली कम मिलेगा. इस कटौती का असर शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ेगा. हालांकि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल करने के लिए डीवीसी से अतिरिक्त बिजली मांगी गयी है. बता दें कि शहर के बड़े इलाके में कांड्रा ग्रिड से बिजली लेकर सप्लाई की जाती है. कांड्रा ग्रिड से लगभग 30 से 40 मेगावाट बिजली शहरी क्षेत्र में सप्लाई के लिए मिलती है. वही 10 से 20 मेगावाट बिजली बरवाअड्डा से लेकर टुंडी, निरसा व राजगंज के इलाकों में सप्लाई होती है. ऐसे में सोमवार से इन सभी इलाकों के लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा.

हीरापुर, धैया, सरायढेला, हाउसिंग कॉलोनी, कुसुम विहार, पॉलिटेक्निक, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, निरसा, टुंडी व राजगंज क्षेत्र के विभिन्न सबस्टेशन.

एसइ जेयूएसएनएल के अधीक्षण अभियंता आरएल पासवान ने बताया कि कांड्रा ग्रिड में क्षमता बढ़ाने के कार्य को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गयी है. बारी-बारी से ट्रांसफॉर्मरों को इंस्टॉल करने का कार्य किया जायेगा. प्रयास होगा कि कम से कम समय में दोनों ट्रांसफॉर्मरों की कमिशनिंग कर इंस्टॉल करने का कार्य पूरा कर लिया जाये. तब तक दो महीने रोटेशन पर बिजली सप्लाई होगी.

बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के किसान चौक के पास जनरल स्टोर (बड़ाजमुआ) के संचालक पलटन महतो व उनके कर्मचारी के साथ शनिवार की देर रात अपराधियों ने मारपीट कर 50 हजार रुपये लूट लिये. अपराधी कर्मचारी का मोबाइल फोन छीनकर भाग गये. पलटन महतो ने बताया कि वह दुकान बंद कर घर जा रहे थे. इस दौरान गांव से कुछ दूर पहले पुलिया के पास घात लगाये तीन अपराधियों ने अचानक उन्हें पकड़ लिया. गाली-गलौज व हाथापाई कर रुपये से भरा थैला छीनने का प्रयास करने लगे. थैला नहीं देने पर हत्या की धमकी दी और पिस्टल की बट से मारकर घायल कर दिया. इसके बाद थैला छीनकर सभी जीटी रोड की ओर भाग निकले. अपराधियों ने उनके कर्मचारी का मोबाइल फोन भी ले लिया. पलटन महतो ने बरवाअड्डा थाना में घटना की लिखित शिकायत की है.

धनबाद थाना की पुलिस ने शनिवार की रात बरटांड़ के पास जुआ खेलते हुए छह लोगों को पकड़ा. पकड़े गये लोगों में लक्खी राम दास, कार्तिक दास, गौरीलाल कुमार, सुभाष गुप्ता, बबन भगत, जितेंद्र जायसवाल शामिल हैं. इन सभी को रविवार को जेल भेज दिया गया. पुलिस ने बताया कि जुआ अड्डा चलने की सूचना मिलने पर वहां छापेमारी की गयी. इस दौरान दरी, तिरपाल, ताश की गड्डी, कुर्सी और नकद राशि बरामद हुई है.

## राहगीर से लूटपाट मामले में कट्टा व बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**हरिहरपुर, एजेंसी।** हरिहरपुर थाना में गिरफ्तार दोनों युवक व जानकारी देते बाघमारा डीएसपी. शिकायत के छह घंटे के अंदर हरिहरपुर पुलिस ने किया मामले का उद्भेदन गोमो. हरिहरपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के पंप तालाब के पास 29 जुलाई की देर रात राहगीर से लूटपाट में देसी कट्टा व एक पल्सर बाइक के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार हरिहरपुर निवासी रामनंदन कुमार (22) तथा अरुण दास (22) धनबाद जेल भेज दिया. पुलिस ने घटना की शिकायत के छह घंटे के अंदर मामले का उद्भेदन कर दिया. यह जानकारी रविवार को बाघमारा एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज ने प्रेस वार्ता में दी. एसडीपीओ श्री मिंज ने बताया कि कोरकोट्टा पंचायत के खाटडीह निवासी कामेश्वर केवट 29 जुलाई की रात करीब ढाई बजे अपने रिश्तेदार को रिसीव करने साइकिल से गोमो स्टेशन जा रहा था. इसी दौरान पम्पू तालाब के पास सुनसान स्थल पर बाइक पर सवार दो अपराधियों ने कट्टा का भय दिखाते हुए उससे एक हजार रुपये लूट लिया था. अपराधियों ने किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी. इससे वह काफी डरा सहमा था. बाद में हिम्मत जुटा कर शनिवार को हरिहरपुर थाना जाकर पुलिस से घटना की शिकायत की. इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर हरिहरपुर थानेदार गिरधर गोपाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया. टीम ने गुप्त सूचना पर दोनों को उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार किया. साथ ही, घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा व काले रंग की एक पल्सर बाइक (जेएच10 सीवी4454) बरामद की.